हिन्दी दैनिक

# प्रत्यूष नवबिहार

जोहार

रांची संस्करण

www.tezraftarlive.com
Email-navbiharjh@gmail.com

रांची, पटना और दिल्ली से प्रकाशित

रांची ● मंगलवार ● 30.09.2025 ● वर्ष : 16 ● अंक : 68 ● पृष्ठ : 12 ● आमंत्रण मूल्य : ~~3 रुपये~~ 2 रुपये









## एक नजर

### राष्ट्रपति ने दुर्गा पूजा की दी शुभकामनाएं

**नयी दिल्ली :** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने सोमवार को दुर्गा पूजा की पूर्व संध्या पर देशवासियों को शुभकामनाएं दीं। राष्ट्रपति ने अपने संदेश में कहा कि दुर्गा पूजा के अवसर पर, मैं देश और विदेशों में रहने वाले सभी भारतीयों को हार्दिक बधाई और शुभकामनाएं देती हूं। उन्होंने कहा कि दुर्गा पूजा का पावन पर्व हमारी संस्कृति, आस्था और आध्यात्मिक गौरव का प्रतीक है। मां दुर्गा का नौ रूपों में पूजन न केवल आध्यात्मिक शुद्धि का मार्ग है, बल्कि यह हमें सत्य, न्याय और करुणा के साथ आगे बढ़ने की प्रेरणा देता है। यह पर्व समानता, सहिष्णुता और प्रेम की भावना को बढ़ावा देता है।

# विनय सिंह का हजारीबाग स्थित शोरूम सील

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**हजारीबाग :** हजारीबाग में भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो (एसीबी) ने जेल में बंद कारोबारी विनय सिंह के डेमोटांड़ स्थित शोरूम को अस्थायी रूप से सील कर दिया है। यह कार्रवाई सोमवार को की गई, जिसके बाद प्रतिष्ठान के बाहर नोटिस भी चिपकाया गया है। इससे पूर्व एसीबी की टीम ने रविवार को शोरूम में जांच शुरू की थी, जो आठ घंटे तक चली थी। जांच-पड़ताल पूरी होने के बाद सोमवार को शोरूम को सील कर दिया गया। कार्रवाई के दौरान सुरक्षा बलों ने पूरे परिसर को घेर रखा था और किसी को भी अंदर जाने की अनुमति नहीं थी। एसीबी की ओर से चिपकाये गए




नोटिस में बताया गया है कि रांची थाना कांड संख्या 9/25 (दिनांक 20 मई 2025) के अनुसंधान के क्रम में तलाशी अभियान पूरा नहीं हो सका था। इसी कारण शोरूम को अस्थायी रूप से बंद किया गया है। अधिकारियों ने मीडिया से दूरी बनाए रखा और कहा कि आधिकारिक जानकारी रांची मुख्यालय से ही साझा की जाएगी।एसीबी डीएसपी शातीक अनवर रिजवी ने पुष्टि की है कि विनय सिंह के खिलाफ भूमि घोटाला और शराब घोटाला दोनों मामलों की जांच जारी है। इसी जांच के सिलसिले में यह सीलिंग की कार्रवाई की गई है।

### विनय सिंह पर दर्ज हैं दो मामले

विनय सिंह पर दर्ज दो मामलों के तहत कार्रवाई की गई है। शराब घोटाला और भूमि घोटाला में विनय सिंह के खिलाफ एसीबी कोर्ट में मामला दर्ज किया है। 19 अगस्त को झारखंड के चर्चित शराब घोटाला मामले में जेल में बंद वरीय आईएएस अधिकारी विनय चौबे को बड़ी राहत मिली थी। एसीबी कोर्ट ने इठरर की धारा 187 (2) के तहत उन्हें जमानत दी थी। एसीबी ने 20 मई को शराब घोटाले की जांच के सिलसिले में विनय चौबे को पूछताछ के लिए बुलाया था। लंबी पूछताछ के बाद उन्हें गिरफ्तार कर लिया गया था। शराब घोटाला मामले में आरोपियों पर भादवि की अन्य धाराओं के साथ धारा 467 और 409 के तहत प्राथमिकी दर्ज की गई है। वर्तमान में विनय चौबे जमीन घोटाला में न्याय हिरासत में जिले में बंद है।

## पीएम ने दिल्ली बीजेपी के नए ऑफिस का किया उद्घाटन

# हमारे लिए बीजेपी दफ्तर मंदिर से कम नहीं : मोदी



एजेंसी

**नयी दिल्ली :** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने नई दिल्ली में नवनिर्मित दिल्ली भाजपा प्रदेश कार्यालय का उद्घाटन किया। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि बीजेपी की स्थापना को 45 साल हो गए हैं। 1980 में जब बीजेपी की स्थापना हुई तो वीके मल्होत्रा को दिल्ली बीजेपी की पहली जिम्मेदारी मिली। पीएम मोदी ने कहा, भारतीय जनता पार्टी की स्थापना को 45 वर्ष हो चुके हैं। अटल जी, आडवाणी जी, नाना जी देशमुख, राजमाता विजयाराजे सिंधिया जी, मुरली मनोहर जोशी जी... ऐसे अनेक व्यक्तित्वों के आशीर्वाद और परिश्रम से ये पार्टी आगे बढ़ी है, लेकिन जिस बीज से भाजपा आज इतना बड़ा वटवृक्ष बना है, उसका रोपण अक्टूबर 1951 में हुआ था।

पीएम मोदी ने कहा, दिल्ली और बीजेपी का संबंध सिर्फ एक शहर और पार्टी का नहीं है। ये संबंध सेवा, संस्कार और सुख-दुख की साथी होने का है। पहले जनसंघ के रूप में और फिर भाजपा के रूप में... हमारी पार्टी दिल्ली के दिल से, दिल्ली के हितों से जुड़ी रही है।

पीएम ने कहा, आपातकाल के दौर में, दिल्ली के लोगों के साथ जनसंघ के नेताओं ने सत्ता के दमन के खिलाफ संघर्ष किया। 1984 में जिन सिख दंगों में दिल्ली की आत्मा पर मानवता पर एक भयंकर आघात हुआ... उस संकट काल में भी दिल्ली बीजेपी के कार्यकताओं ने हमारे सिख भाईयों की हर संभव रक्षा की। दिल्ली और बीजेपी का साथ... भावना का है, भरोसे का है।





सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग, झारखण्ड सरकार

PR- 363160 (IPRD) 25-26

एक नजर

## शेख भिखारी मेडिकल कॉलेज में लगा गया रक्तदान शिविर



**हजारीबाग :** शेख भिखारी मेडिकल कॉलेज में स्वस्थ नारी सशक्त परिवार के तहत शहर के विभिन्न उप स्वास्थ्य केंद्र एवं वॉलंटरी ब्लड डोनर्स एसोसिएशन के सहयोग से लगाया गया रक्तदान शिविर शिविर का शुभारंभ एसोसिएशन के सदस्य संजीव किशोर प्रसाद एवं अवध किशोर राणा द्वारा रक्तदान कर के किया गया तत्पश्चात मोहम्मद रुस्तम, तबरेज, नजीर अंसारी ,कन्हैया कुमार, विकास कुमार ,सुजीत कुमार मुंडा आदि अनेक रक्तदाताओं ने रक्तदान कर मानवता का परिचय दिया ।रक्तदान के पश्चात वॉलंटरी ब्लड डोनर्स एसोसिएशन के अध्यक्ष ब्लड मैन निर्मल जैन ने समस्त रक्त दाताओं के उज्जवल भविष्य की? कामना करते हुए उनके इस नेक कार्य के लिए बहुत-बहुत साधुवाद किया साथ ही रक्तदाताओं को प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया। श्री जैन ने कहा वर्तमान में ब्लड बैंक में सभी ग्रुप के रक्त प्रचुर मात्रा में उपलब्ध है पर ओ नेगेटिव ब्लड उपलब्ध नहीं था। एक थैलेसीमिया पीड़ित बच्चे को जिसका हीमोग्लोबिन तीन हो चुका था उसे रक्त की आवश्यकता थी वह काफी सीरियस था। ऐसे में मेरे एक फोन पर संजीव किशोर प्रसाद जी ने जो नवरात्र में फलाहार में थे ,आकर रक्तदान कर बच्चों की जान बचाने में मदद की । शिविर को सफल बनाने में एसोसिएशन के अध्यक्ष निर्मल जैन, कार्यकारिणी सदस्य रूपेस बिहारी लाला, ब्लड बैंक प्रभारी डॉ नीरज कुमार, टेक्नीशियन राजीव कुमार,पूनम कुजूर, मधु कुमारी, उदय कुमार, यूसीएफ बेबी तबस्सुम एवं विभिन्न उप स्वास्थ्य केंद्र के कर्मचारियों का विशेष सहयोग रहा।

## माता वैष्णों देवी मंदिर में सजाई गई माता की चौकी भक्ति गीतों पर झूमे श्रद्धालु

**रामगढ़ :** शहर के झंडा चौक स्थित माता वैष्णो देवी मंदिर में शारदीय नवरात्रा के अवसर पर पंजाबी हिन्दू बिरादरी और माता वैष्णों देवी मंदिर ट्रस्ट के तत्वावधान में सोमवार को मंदिर परिसर में माता की चौकी सजाई गई। इसमें नव दुर्गा जागरण मंडली के भजन गायक चंदन चौधरी ने गणेश वंदना से माता की चौकी का शुभारंभ किया। नव दुर्गा जागरण मंडली के गायक चंदन चौधरी और प्रिया कुमारी ने मेरे सिर पर रख दे मैया अपने दोनों हाथ, कोहिनूर का जलवा है जन्नत का नजारा है, डमरू वाले बाबा जरा डमरु बजा दे, नंगे नंगे पांव चे उपर गया तेरा पुजारी, मां तेरी तुलना किससे करूंगा, तुझ ना और कोई सहित कई भजन प्रस्तुत किया।

# बरही में सप्तमी पर खुले दुर्गा मां के पट्ट दर्शन के लिए उमड़ी श्रद्धालुओं की भीड़



प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**बरही :** बरही में नवरात्रि की सप्तमी पर बरही गया रोड, दुर्गा पूजा समिति पटना रोड, सार्वजनिक दुर्गा पूजा समिति धनबाद रोड, बकरी बाजार, रसोइया धमना, अफीम कोठी, करियातपुर, चतरो , गोरिया कर्मा एवं विजैया समेत ग्रामीण क्षेत्रों में स्थापित माता दुर्गा का पट्ट खोले गए। पट्ट खुलते ही माता रानी के दर्शन के लिए श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ पड़ी, पट्ट खुलते ही जय माता दी के नारों से पूरा वातावरण गूंज उठा। नवरात्रि पर्व को लेकर सभी चौक चौराहों पर विशेष सजावट की गई है। माता दुर्गा के दर्शन के लिए श्रद्धालुओं की भीड़ बढ़ गई है। जिसको देखते हुए प्रशासन ने सुरक्षा व्यवस्था कड़ी कर दी है। पुलिस बमों को विभिन्न पूजा पंडालों एवं चौक चौराहों पर तैनाती की गई है। अधिकारियों का कहना है कि श्रद्धालुओं के निर्बाध दर्शन के लिए सतर्कता बढ़ाई गई है। भक्ति का यह माहौल सिर्फ बरही तक ही नहीं बल्कि गांवों में भी फैला हुआ है। लोग परिवार सहित दुर्गा पंडालों में पहुंचकर मां का दर्शन करते हुए सुख समृद्धि की कामना की।

## दुर्गा पूजा को लेकर हजारीबाग डीसी-एसपी ने चौपारण में पंडालों का किया निरीक्षण



**चौपारण :** दुर्गा पूजा महोत्सव को लेकर जिला प्रशासन पूरी तरह से अलर्ट मोड पर है। इसी कड़ी में सोमवार को हजारीबाग उपायुक्त शशि प्रकाश सिंह और पुलिस अधीक्षक अंजनी अंजन प्रखंड मुख्यालय पहुंचे। उन्होंने ब्लॉक मोड़ स्थित दुर्गा पूजा पंडाल सहित आसपास के विभिन्न पूजा स्थलों का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं की जानकारी ली। निरीक्षण के दौरान उनके साथ अनुमंडल पदाधिकारी जोहान टुड्डू, डीएसपी अजीत कुमार विमल, सीओ संजय यादव और थाना प्रभारी सरोज सिंह चौधरी सहित कई वरीय प्रशासनिक और पुलिस पदाधिकारी मौजूद थे। सभी अधिकारियों ने संयुक्त रूप से पंडालों का भ्रमण किया और पूजा समितियों से मुलाकात कर सुरक्षा व्यवस्था, भीड़ प्रबंधन और अन्य तैयारियों पर विस्तृत चर्चा की।

## विधायक ने चौपारण व बसरिया पूजा पंडाल का किया उद्घाटन

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**चौपारण :** बरसिया और चौपारण में सोमवार को पूजा पंडाल का विधिवत उद्घाटन बरही विधायक मनोज यादव ने किया। उद्घाटन के बाद विधायक ने माँ दुर्गा की पूजा-अर्चना की और क्षेत्रवासियों के लिए अमन-चैन और सुख-समृद्धि की कामना की। उन्होंने कहा कि माँ दुर्गा का आशीर्वाद सभी क्षेत्रवासियों पर बना रहे। इस अवसर पर बसरिया में भाजपा नेता राजदेव यादव, रामस्वरूप पासवान, पूर्व मुखिया नरेश पासवान, गजाधर प्रसाद, विकास यादव, पूजा समिति के अध्यक्ष पिंटू सोनी, सुनील सिंह, कपिल यादव, सुधीर कौशल, जगदीश ठाकुर, सुरेश ठाकुर, चंदन कुमार दांगी, दामोदर प्रसाद केसरी, नितेश कुमार शाह, गौतम शर्मा, भुनेश्वर साव, प्रदीप केसरी, रामचन्द्र सिंह, मनोज मिश्रा, दिलीप केसरी, विजय सिंह, रामेश्वर पासवान, लखन प्रजापती, आकाश सोनी, मुकेश केशरी, विजय साव, चंदन राणा और प्रेम प्रजापति और चौपारण में स्थानीय मुखिया प्रतिनिधि बिनोद सिंह, पंडाल समिति अध्यक्ष शिव कुमार सिंह, सचिव रितेश बर्नवाल, कोषाध्यक्ष सुधीर केशरी, अशोक केशरी, रितेश सिन्हा, सन्तोष पासवान, कुंदन केशरी, दिलीप राणा, सहित अन्य शामिल है।

## आरएसएस की शताब्दी वर्ष पर पथ संचलन का हुआ आयोजन, गणवेश में दिखे स्वयंसेवक

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**हजारीबाग :** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ, खंड चौपारण द्वारा आरएसएस के शताब्दी वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर संघ के पूर्ण गणवेश में खंड कार्यवाह विवेकानंद विवेक की अगुवाई में पथ संचलन का आयोजन किया गया। सर्व प्रथम भगवा ध्वज लगाकर संघ प्रार्थना की गई। तत्पश्चात संघ गीत के साथ सभी स्वयंसेवकों का संचलन प्रारंभ हुआ। पथ संचलन चैथी मोड स्थित कात्यायनी मंदिर से प्रारंभ होकर चतरा मोड़ देवीमंडप में अल्प विराम लेकर पुनः कात्यायनी मंदिर पर संपन्न हुई। अल्प विराम में देवी मंडप पर मंदिर प्रबंधन समिति द्वारा सभी स्वयंसेवकों के लिए प्रसाद की व्यवस्था तथा समापन पर कात्यायनी मंदिर के पास चैथी मोड निवासी सुशांत राय के द्वारा शरबत की व्यवस्था की गई। ब्लॉक मोड़ में खंड के स्वयंसेवकों द्वारा पथ संचलन में सम्मिलित स्वयंसेवकों पर पुष्प वर्षा कर स्वागत किया गया। देवी मंडप चतरा मोड़ पहुंचने पर माननीय हजारीबाग सांसद मनीष जायसवाल जी अपने कार्यकताओं के साथ स्वयंसेवकों का स्वागत किया तथा साथ चले। ज्ञात हो कि आरएसएस की स्थापना विजयादशमी के दिन सन 1925 में डॉ केशव बलिराम हेडगेवार जी के द्वारा नागपुर में की गई थी। शताब्दी वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर भारत समेत पूरे विश्व में संघ के सभी केंद्रों पर मनाया जा रहा है। आने वाला वर्ष संघ कार्य के विस्तार तथा सुदृढ़ीकरण पर केंद्रित होगा। संघ का उद्देश्य इस उपलब्धि का उत्सव मनाना नहीं है, बल्कि आत्मचिंतन करना, तथा संघ कार्य के लिए समाज द्वारा दिए समर्थन के लिए आभार प्रकट करना , साथ ही राष्ट्र के लिए तथा समाज को संगठित करने के लिए स्वयं को पुनः समर्पित करना है।

## बरही डपोक पंचायत के पासवान टोला में 100 केवीए ट्रांसफार्मर का विधायक ने किया उद्घाटन

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**बरही :** बरही प्रखण्ड अंतर्गत डपोक पंचायत के पहाड़ी पासवान टोला में सोमवार को 100 केवीए का नया ट्रांसफार्मर स्थापित कर इसका उद्घाटन बरही विधायक मनोज कुमार यादव के कर-कमलों द्वारा किया गया। ट्रांसफार्मर लगने से क्षेत्र के लोगों को लंबे समय से हो रही बिजली समस्या से राहत मिलने की उम्मीद जताई जा रही है। कार्यक्रम के दौरान विधायक मनोज यादव ने फीता काटकर ट्रांसफार्मर का शुभारंभ किया। विधायक मनोज यादव ने कहा कि सरकार ग्रामीण क्षेत्रों के बुनियादी ढांचे को मजबूत बनाने के लिए लगातार प्रयास कर रही है। बिजली, सड़क, शिक्षा और स्वास्थ्य जैसे बुनियादी सुविधाओं में सुधार कर आम जनता के जीवन को सरल बनाना ही उनकी प्राथमिकता है। उन्होंने कहा कि इस ट्रांसफार्मर से गांव के घरों और खेतों को निर्बाध बिजली आपूर्ति होगी, जिससे पढ़ाई और खेती दोनों में सुविधा होगी।ग्रामीणों ने बताया कि लंबे समय से बिजली की समस्या बनी हुई थी। पुराने ट्रांसफार्मर के खराब रहने से उन्हें घंटों अंधेरे में रहना पड़ता था। अब नया ट्रांसफार्मर लगने से न सिर्फ घरों में बिजली उपलब्ध होगी बल्कि सिंचाई कार्य भी सुचारू रूप से चल सकेगा। विधायक ने आश्वासन दिया कि क्षेत्र के विकास कार्यों में किसी तरह की कमी नहीं रहने दी जाएगी और जनसमस्याओं का समाधान उनकी पहली प्राथमिकता है। मौके पर विधायक प्रतिनिधि रमेश ठाकुर, पूर्व पसस उमेश यादव,महेश पासवान, राजकुमार पासवान, विजय राणा, संजय पासवान, तुकलाल साव, भूषण साव, रामदेव पासवान, द्वारिका पासवान, राहुल पासवान, दिनेश राणा, सुरेंद्र राणा, रामप्रवेश साव, लीलावती देवी और सारो देवी सहित कई लोग शामिल थे।

## बसरिया में जनप्रतिनिधियों ने नौनिहालों के बीच शैक्षणिक किट का किया वितरण

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**बरही :** बरही प्रखंड अंतर्गत पंचमाधव पंचायत के पंचमाधव में संचालित दो आंगनबाड़ी केंद्र में अध्यन्नरत नौनिहालों में बीच शैक्षणिक कीट का वितरण किया गया। जिसमें मुख्य रूप से मुखिया प्रतिनिधि हरेंद्र गोप एवं पंसस प्रतिनिधि कामेश्वर रविदास शामिल हुए। जहां संयुक्त रूप से नौनिहालों के बीच बैग, जूता, मौजा, पोशाक एवं पानी का बोतल वितरित किया। इस अवसर पर जनप्रतिनिधियों ने कहा कि बच्चों को बेहतर शिक्षा व पोषण उपलब्ध कराना ही सरकार की प्राथमिकता है। उन्होंने सभी अभिभावकों से आंगनबाड़ी केंद्रों में बच्चों की नियमित उपस्थिति सुनिश्चित करने की अपील की। मौके पर सेविका पूनम देवी, आशा देवी, सहायिका रेणु देवी, ग्रामीण में सुजीत प्रजापति, सुधीर प्रजापति, राजू पंडित, अंकित सिंह, नीतू देवी, रानी देवी, राजेश सिंह मौजूद थे। वहीं शैक्षणिक कीट पाने वाले नौनिहालों में पीहू कुमारी, आरव राज, आरूषी कुमारी, अंशी यादव, अंशिका कुमारी, दिव्यांशु कुमार, पीयूष कुमार, रुचिका कुमारी, सिया कुमारी,अंशिका कुमारी, प्राची कुमारी, ऋषिका कुमारी एवं शिवांशी कुमारी सहित कई अन्य शामिल है।

## देवर ने चाकू से किया हमला, भाभी की दर्दनाक मौत दो भतीजे लड़ रहे हैं मौत और जिंदगी की लड़ाई





प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**बड़कागांव :** प्रखंड अंतर्गत हरली पंचायत के डम्हाडीह गांव मे आपसी क्लेश में रविवार रात को देवर अनिल पांडे ने भाभी राधा देवी के पेट में छुरा घोप कर हत्या कर , दिल दहला देने वाली घटना सामने आई है। वहीं घटना में अनिल ने दोनों भतीजे को भी नहीं छोड़ा और छुरा घोप कर कुल्हाड़ी से मारकर गंभीर रूप से घायल कर दिया। घटना को अंजाम देने के बाद आरोपी 45 वर्षीय अनिल पांडे अपने 23 वर्षीय पत्नी पूजा कुमारी रात के अंधेरे का फायदा उठाते हुए फरार हो गए। 38 वर्षीय राधा देवी पति विकास पांडे की दर्दनाक मौत हो गई। वहीं मृतिका के दोनों पुत्र 20 वर्षीय सूरज कुमार एवं 18 वर्षीय विशाल कुमार को भी अनिल ने चाकू मार कर गंभीर रूप से घायल कर दिया। दोनों का इलाज रांची हॉस्पिटल में किया जा रहा है। सूरज के पेट का अंतड़ी बाहर आ गया। घटना के समय राधा के पति विकास पूजा पाठ के लिए दूसरे मंदिर में गए थे। वही गंभीर रूप से घायल विशाल ने, मंदिर में भजन कीर्तन करने गई अपनी दादी को में जाकर जानकारी दी दादी से कहा कहा की चाचा ने मां को और भैया को चाकू से मार दिया है। इस दौरान मंदिर में अधिक साउंड होने के कारण हो हल्ला होने व घटना की जानकारी नहीं मिल पा रही थी और घटना का अंजाम देने के बाद अनिल पांडे अपनी पत्नी पूजा कुमारी के साथ नदी की ओर से फरार हो गए।

## हमारी अपनी विशिष्ट भाषा, संस्कृति व नैगाचारी इसलिए आज कुड़मि जनजाति है : रमन महतो

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**बड़कागांव :** कुड़माली भाखी अखाड़ा का चोरका में सोमवार को एक दिवसीय जुड़आही का आयोजन हुआ। अध्यक्षता रमन महतो व संचालन अशोक महतो ने किया। कुड़मि समाज के हड़कमियों ने अपने-अपने गांव घर एवं क्षेत्र में कुड़माली नेगाचारी अपने को लेकर विचार विमर्श किया गया। कुड़माली को एसटी सूची में शामिल करने को लेकर समाज के प्रत्येक घरों में नेगाचारि अपनाने का संकल्प लिया गया। वही एसटी सूची में शामिल करने को लेकर आंदोलन लगातार जारी रखने का निर्णय लिया। इस दौरान अगवा समाज के चिंतक व शोधकर्ता रमन महतो ने कहा कि आदिवासी कुड़मि जाति नहीं बल्कि जनजाति है, क्योंकि कुड़मि मैं आदिम लक्षण, विशिष्ट संस्कृति, भाषा, परंपरा और विशिष्ट क्षेत्र है' भाषा कुड़मालि है, करम, सोहराय, सरहुल आदि 13 विशिष्ट संस्कृति है। जाहेर थान, मड़य थाना, बाघुतकुदरा, गैरेया, बनासिंग आदि 12 देवा -भूता है। कुड़मि जनजाति का निवास भी विशेष क्षेत्र में है। छोटानागपुर के उत्तर मैं पारसनाथ पहाड़ से दक्षिण में उड़ीसा के मयूरभंज व क्योंझर तक तथा पूरब में बंगाल के पुरलिया-मेदिनीपुर व बांकुंडा. से पश्चिम में छत्तीसगढ़ के सुंदरगढ़ तक फैले हैं। ब्रिटिश भारत सरकार के सर्वे रिपोर्ट में भी कुड़मि जनजाति सूची में शामिल है। भारतीय उत्तराधिकार अधिनियम 1885 की सूची में भी छोटानागपुर के 13 जनजातीयों में कुड़मि भी शामिल है। कुड़मि सीएनटी एक्ट 1908 के अंतर्गत आते हैं। 1931 तक कुड़मि एबोरजिनल एवं और प्रिमिटिव ट्राइब में शामिल है। मौके पर अशोक महतो, रमन महतो, रोशन कुमार महतो, सुखी देवी पियासो देवी, मीना देवी ,सरस्वती देवी ,यशोदा देवी ,सुदनी देवी बैठक में कुड़मि समाज के लोग उपस्थित थे।

संक्षिप्त खबरें

## उपायुक्त एवं पुलिस अधीक्षक ने संयुक्त रूप से शहरी क्षेत्र के पूजा पंडालों का किया निरीक्षण



**हजारीबाग :** सोमवार को उपायुक्त शशि प्रकाश सिंह एवं पुलिस अधीक्षक अंजनी अंजन ने संयुक्त रूप से शहरी क्षेत्र के विभिन्न दुर्गा पूजा पंडालों का भ्रमण किया। इस दौरान उन्होंने पूजा पंडालों की व्यवस्थाओं का जायजा लिया तथा विधि-व्यवस्था एवं सुरक्षा प्रबंधन से संबंधित आवश्यक निर्देश दिए। उन्होंने पूजा आयोजकों से अपील की कि जिला प्रशासन द्वारा जारी निर्देशों का पालन सुनिश्चित करते हुए शांतिपूर्ण एवं गरिमामय वातावरण में दुर्गा पूजा संपन्न कराएं। साथ ही अग्नि सुरक्षा उपकरण, भीड़ प्रबंधन एवं आपातकालीन व्यवस्था पर विशेष ध्यान देने को कहा। उपायुक्त एवं पुलिस अधीक्षक ने आमजन से भी अपील की कि वे प्रशासन को सहयोग प्रदान करें ताकि यह महापर्व आपसी सौहार्द एवं भाईचारे के साथ संपन्न हो सके। अवसर पर उन्होंने सभी पूजा समितियों एवं हजारीबागवासियों को दुर्गा पूजा की हार्दिक शुभकामनाएं दी।

## राष्ट्र सेविका समिति की ओर से शस्त्र पूजन सह विजयदशमी महोत्सव का हुआ आयोजन



**बरही :** राष्ट्र सेविका समिति बरही की ओर से कृष्णापुरी में शस्त्र पूजन सह विजयदशमी महोत्सव का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में 52 मंत्री शक्ति शामिल हुई। इस अवसर पर ध्वजारोहण, सूक्ष्म योग ,शस्त्र पूजन, अमृत वचन, सांघिक गीत के पश्चात सह नगर कार्यवाहिका सुश्री कशिश केशरी जी का बौद्धिक उद्बोधन की प्रस्तुति हुई। शक्ति की अधिष्ठात्री देवी मां दुर्गा पूजा के विजयादशमी महोत्सव पर शक्ति के प्रतीक शस्त्र पूजन के महत्व पर प्रकाश डाला। संघे शक्ति कलियुगेर अर्थात कलियुग में संगठन में ही शक्ति है। विशेष रूप से सामूहिक भक्ति भाव से अंबे तू है जगदम्बे काली जय दुर्गे खप्पर वाली भजन के पश्चात प्रार्थना के साथ कार्यक्रम पूर्ण हुआ। विदित हो कि इसी स्थान पर प्रत्येक रविवार को समिति की शाखा एक घंटे की लगती है। मौके पर उपस्थित मातृ शक्ति ने कहा कि राष्ट्र नव निर्माण में हम मातृ शक्ति का भी योगदान रहा है। आगे भी रहेगा।

## करियातपुर से चोरी साउंड लदा पिकअप बरामद, दो गिरफ्तार, जेल



**बरही :** थाना क्षेत्र के करियातपुर से पिछले 12 सितंबर को चोरी हुए साउंड लदा पिकअप वाहन को बरामद करते हुए बरही पुलिस ने दो लोगों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। इस सम्बंध में पुलिस निरीक्षक सह थाना प्रभारी विनोद कुमार ने बताया कि करियातपुर निवासी राजकुमार भगत पिता राजेंद्र भगत की साउंड लदा पिकअप एवं जरनेटर जिसका रजिस्ट्रेशन नंबर जेएच12ए 7419 बीते 13 सितंबर को घर के पास से रात चोरी हो गया था जिसे लेकर उन्होंने बरही थाना में आवेदन देकर खोजबीन का गुहार लगाया था। पुलिस ने बरही थाना कांड संख्या 337/25 का मामला दर्ज कर खोल बीन शुरू किया। खोजबीन के दौरान 28 सितंबर को चंदवारा थाना क्षेत्र के बोनादाग जंगल से साउंड लदा पिकअप वैन सहित अप्राथमिकी अभियुक्त दो व्यक्ति को गिरफ्तार किया। गिरफ्तार अभियुक्तों में प्रकाश साव पिता स्व अमृत साव ग्राम रोहनियांटांड थाना तिलैया तथा सुजित कुमार सिंह उर्फ शिवा पिता जगदीश सिंह ग्राम बोनादाग थाना चंदवारा जिला हजारीबाग शामिल है। दोनों अभियुक्तों को जेल भेज दिया गया। पुलिस की इस सफलता में एसआई नरेंद्र कुमार पांडेय, रूपलाल यादव एवं आरके बिरुआ का योगदान रहा।

## चौपारण में एलएनजेपी पैरामेडिकल ब्लॉक एवं मॉड्यूलर ऑपरेशन थिएटर का लोकार्पण



**चौपारण :** ग्रामीण क्षेत्र में बेहतर स्वास्थ्य सुविधा उपलब्ध कराने की दिशा में एक ऐतिहासिक कदम उठाते हुए शनिवार को नवभारत जागृति केंद्र (एनबीजेके) द्वारा संचालित एलएनजेपी बेहरा चौपारण पैरामेडिकल ब्लॉक एवं मॉड्यूलर ऑपरेशन थिएटर का भव्य लोकार्पण किया गया। इस लोकार्पण समारोह ने न सिर्फ क्षेत्र के लोगों में उत्साह भर दिया, बल्कि विद्यार्थियों और प्रशिक्षुओं के लिए नई संभावनाओं के द्वार भी खोल दिए। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में कुलदीप सिंह (कंट्री डायरेक्टर-इंडिया एवं एशिया पैसिफिक रीजनल डायरेक्टर) तथा विशिष्ट अतिथि के रूप में उमा भारती वुन्नम (प्रोग्राम ऑफिसर) मौजूद रहीं। इस अवसर पर गिरिजा सतीश (अध्यक्ष, एनबीजेके) की गरिमामयी उपस्थिति रही। इसके साथ ही एनबीजेके के प्रोग्राम डायरेक्टर गंधर्व गौरव एवं अभिनव आनंद, एलएनजेपी आई हॉस्पिटल के मैनेजर संतोष कुमार पूरी, पैरामेडिकल इंचार्ज अम्बर निधि श्रोफ, सीनियर ऑप्टोमेट्रिस्ट विकांत कुमार सिंह, पैरामेडिकल फैकल्टी स्नेहा तथा ऑफिस अटेंडेंट सोनू कुमार भी कार्यक्रम में शामिल हुए। इस अवसर पर अतिथियों के संदेश में कुलदीप सिंह ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि आप सभी नेत्र सहायक देश का भविष्य हैं। मरीज की हर बात ध्यानपूर्वक सुनें, क्योंकि वे आप पर पूरी तरह निर्भर करते हैं। साथ ही उमा भारती वुन्नम ने कहा कि आपको व्यवहारिक (प्रैक्टिकल) कार्य में दक्ष बनना होगा और बेहतर दृष्टि सेवा के माध्यम से समाज की सेवा करनी होगी। यही आपके उज्वल भविष्य का मार्ग प्रशस्त करेगा और गिरिजा सतीश ने विद्यार्थियों का उत्साहवर्धन करते हुए कहा कि परिस्थितियों को बदलने का हुनर विद्यार्थियों के हाथ में है।

## एक नजर

### रांची में पानी टंकी के ऊपर मिली अज्ञात युवती की लाश

**रांची :** रांची के सदर थाना क्षेत्र के बूटी मोड़ स्थित पानी टंकी के ऊपर सोमवार सुबह एक अज्ञात युवती का शव मिलने से इलाके में सनसनी फैल गई। युवती की उम्र करीब 21 से 23 वर्ष के बीच बताई जा रही है। फिलहाल उसकी पहचान नहीं हो सकी है। स्थानीय लोगों की सूचना पर मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम के लिए रिम्स भेज दिया है। घटनास्थल की जांच के साथ ही आसपास के सीसीटीवी फुटेज खंगाले जा रहे हैं। युवती की मौत के कारणों का फिलहाल स्पष्ट पता नहीं चल सका है। पुलिस हर पहलु पर जांच कर रही है हत्या, आत्महत्या या हादसा। शव की शिनाख्त के लिए आसपास के थानों में सूचना भेजी गई है और गुमशुदगी के मामलों से भी मिलान किया जा रहा है।

### धुर्वा बस स्टैंड में एसडीएम ने किया दुर्गा पूजा पंडाल का उद्घाटन

**रांची :** रांची के धुर्वा बस स्टैंड स्थित भव्य दुर्गा पूजा समिति के पंडाल का उद्घाटन सोमवार को बड़े ही धूमधाम से किया गया। इस अवसर पर रांची के एसडीएम उत्कर्ष कुमार एवं समिति के अध्यक्ष अतुल सिंह ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर और नारियल फोड़कर पंडाल का उद्घाटन किया, जिसके बाद पूरे परिसर में भक्ति और उत्साह का माहौल छा गया। मौके पर समिति के वरिष्ठ एवं कनिष्ठ सदस्य, गणमान्य लोग तथा आसपास के क्षेत्रों से आए सैंकड़ों महिला-पुरुष भक्तगण उपस्थित रहे।

### ऐतिहासिक बड़कागढ़ ईस्टेट में विधि-विधान से हुई बेलवरन पूजा

**रांची :** बड़कागढ़ ईस्टेट की प्राचीन परंपरा और राज परिवार की आस्था के अनुरूप सोमवार को ऐतिहासिक बड़कागढ़ ईस्टेट की दुर्गा पूजा के तहत परंपरागत रीति-रिवाज और तांत्रिक पद्धति से बेलवरन पूजा की गई। इस ऐतिहासिक अनुष्ठान को आन्नी मौजा स्थित प्राचीन देवी घर में बड़कागढ़ के पुरोहित सदन गोपाल शर्मा ने संपन्न कराई। इस अवसर पर पूजा के यजमान बड़कागढ़ के ठाकुर सुधांशु नाथ शाहदेव मौजूद रहे। उन्होंने बताया कि पूजा की शुरूआत मां भगवती को आमंत्रण देकर की गई। इसके बाद परंपरा अनुसार मां को बकरे की बलि अर्पित की गई। पूजा के बाद मां की मंगल आरती हुई और श्रद्धालुओं के बीच प्रसाद का वितरण किया गया। इधर, पूजा आयोजन समिति ने जानकारी दी कि आगामी 30 सितंबर मंगलवार को मां भगवती चिंतामणि और नव पत्रिका देवी की डोली ऐतिहासिक ठाकुर निवास से प्राचीन देवी घर तक सुबह में निकाली जाएगी। इस दौरान पूरे बड़कागढ़ क्षेत्र के श्रद्धालु माता के जयकारों के बीच शोभायात्रा में शामिल होंगे।

### सांसद की सुरक्षा में तैनात कर्मी ने पेश की ईमानदारी की मिसाल

**रांची :** झारखंड से राज्यसभा सांसद महुआ माजी की सुरक्षा में तैनात एक सुरक्षा कर्मी ने सोमवार को ईमानदारी और दरियादिली की मिसाल पेश करते हुए एक व्यक्ति के खोए हुए पर्स में रखी नकदी, सोने की चेन, एटीएम कार्ड और कई अन्य महत्वपूर्ण कागजात वापस लौटा दिए। यह जानकारी सांसद महुआ माजी ने दी। सांसद ने बताया रांची के करमटोली निवासी प्रशांत, जो अपने पिता के निधन के बाद बेंगलुरु से रांची आए थे और श्राद्ध कर्म के सिलसिले में नक्षत्र वन गए थे, रास्ते में वह अपना पर्स खो बैठे। पर्स में नकद, सोने की चेन, एटीएम कार्ड और कई महत्वपूर्ण कागजात थे।

# रांची पुलिस ने बैटरी चोर गिरोह का किया भंडाफोड़, 5 शातिर चोर गिरफ्तार

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**रांची :** रांची पुलिस ने बीएसएनएल टावरों और सरकारी विद्यालयों से सोलर बैटरी चोरी करने वाले एक संगठित अंतरराज्यीय गिरोह का पदार्फाश करते हुए बड़ी सफलता हासिल की है। गिरफ्तार किए गए अपराधियों में मुनव्वर आलम, मो. जमाल, मो. हुसैन अंसारी, और रितेश कुमार शामिल हैं, जो सभी रामगढ़ जिले के रहने वाले हैं। इन अपराधियों की गिरफ्तारी 2 सितंबर की रात्रि को सिकिदिरी थाना क्षेत्र के टाटी गांव स्थित बीएसएनएल टावर से शुरू हुई चोरी की घटनाओं, 12 सितंबर को सिल्ली थाना क्षेत्र के हलमाद गांव स्थित बीएसएनएल टावर से हुई चोरी और 15 सितंबर को सिकिदिरी थाना क्षेत्र के टाटी स्थित सरकारी विद्यालय से हुई चोरी के संदर्भ में की गई है।

अपराध की गंभीरता को देखते हुए, सिकिदिरी और सिल्ली थानों में मामला दर्ज कर अनुसंधान प्रारंभ किया गया था। वरीय पुलिस अधीक्षक, रांची के निर्देश पर पुलिस अधीक्षक (ग्रामीण) के मार्गदर्शन में पुलिस उपाधीक्षक, सिल्ली के नेतृत्व में एक विशेष टीम का गठन किया गया। इस गठित टीम ने त्वरित कार्रवाई करते हुए छापेमारी के दौरान इन चारों अपराधकर्मियों को पकड़ा और उनसे गहन पूछताछ की। पूछताछ के दौरान, सभी अभियुक्तों ने चोरी करने के अपराध को स्वीकार कर लिया।

पूछताछ में यह खुलासा हुआ कि गिरोह का मुख्य सदस्य मो. जमाल अपने सहयोगी साथियों के साथ मिलकर चोरी की घटना से पहले रेकी किया करता था। रेकी के बाद, वे योजना बनाकर सामुहिक रूप से अलग-अलग टीम बनाकर बैटरी चोरी करते थे। जमाल चोरी की बैटरी को तुरंत ही हजारीबाग के कबाड़ी दुकान संचालक फिरोज मलिक को बेच देता था। चोरी के सामान से मिले पैसों को वह रामगढ़ वापस आकर अपने गिरोह के सहयोगी साथियों में बांट देता था। यह गिरोह चोरी के लिए निजी वाहन जैसे अर्टिगा का प्रयोग करता था, ताकि आम लोगों को उनकी गतिविधियों की भनक न लगे।

पुलिस ने बताया कि यह गिरोह संगठित रूप से काम करता था और इसके सदस्य पूर्व में भी रामगढ़ जिले के रामगढ़ थाना, राजरप्पा थाना, पतरातु थाना और हजारीबाग जिले के कटकमसांडी थाना में चोरी और डकैती जैसे कांडों में जेल जा चुके हैं। इस गिरोह ने अंतिम बार 23 सितंबर की रात्रि को राजरप्पा थाना क्षेत्र से एक स्कूल में लगी बैटरी को चोरी किया था। गिरोह के सदस्यों की निशानदेही पर पुलिस ने चोरी हुई बैटरी, घटना में प्रयुक्त दो वाहन, बैटरी को तौलने वाला एक इलेक्ट्रॉनिक मशीन और घटनास्थल पर प्रयुक्त मोबाइल फोन को बरामद किया है, जिससे वे घटना के समय एक-दूसरे के संपर्क में रहते थे। पुलिस ने यह भी बताया कि गिरोह के अन्य सदस्यों के विरूद्ध छापेमारी जारी है और उन्हें भी जल्द ही गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

## पूजा पंडालों में श्रद्धालुओं की सेवा में जुटे हैं युवा दस्ते के सदस्य : मिश्रा



प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**रांची :** युवा दस्ता के सैकड़ों सदस्य, क्षेत्रीय प्रभारी और पदाधिकारी सेवा कार्य में राजधानी रांची के विभिन्न पूजा पंडालों में तैनात हैं। युवा दस्ता के संस्थापक राजीव रंजन मिश्रा ने सोमवार को इसकी जानकारी दी।

राजीव रंजन मिश्रा ने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर कहा कि किसी भी दर्शनार्थियों को किसी तरह की परेशानी हो, तो वे तुरंत दस्ता के सदस्यों से संपर्क करें, ताकि उनकी समस्याओं का समाधान निकाला जा सके। उन्होंने कहा कि दस्ता के सदस्य सभी पूजा पंडाल में आम लोगों की सेवा के लिए तैनात हैं। उन्होंने बताया कि रविवार को दस्ता के सदस्यों ने बकरी बाजार, स्टेशन रोड, सत्य अमर लोक सहित विभिन्न पंडालों में बिछड़े हुए दर्जनों बुजुर्गों को माता के दर्शन करवाया और माता-पिता से बिछड़े बच्चों को उनके परिवार से मिलवाया। मिश्रा ने कहा कि कोई भी श्रद्धालू किसी प्रकार की समस्या या सुझाव देना चाहते हैं, तो वे युवा दस्तां के हेल्पलाइन नंबर पर कॉल कर सकते हैं। उनकी समस्या जिला प्रशासन तक पहुंचा दी जाएगी और समस्या का समाधान जल्द से जल्द कराने का प्रयास किया जाएगा।

## मंत्री शिल्पी तिर्की ने दुर्गा पूजा पंडाल का किया उद्घाटन, दीपिका पांडेय भी हुई शामिल

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**रांची :** शक्ति स्वरूपा मां दुर्गा का आगमन हो चुका है। मां का पट खुलने के साथ महागौरी के दरबार में श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ रही है। राज्य की कृषि पशुपालन एवं सहकारिता मंत्री शिल्पी नेहा तिर्की ने डोरंडा स्थित छप्पन सेट सार्वजनिक दुर्गा पूजा समिति और रांची मधुकम स्थित श्री काली मंदिर दुर्गा पूजा समिति के पूजा पंडाल का उदघाटन किया। कृषि मंत्री ने मां दुर्गा की आरती करने के साथ - साथ मां के दरबार में मत्था टेक कर माता रानी का आशीर्वाद लिया। वहीं इस दौरान छप्पन सेट पूजा पंडाल के उदघाटन के मौके पर कैबिनेट की सहयोगी ग्रामीण विकास मंत्री दीपिका पांडेय सिंह, प्रभात खबर के स्टेट हेड सह वरीय स्थानीय संपादक विजय पाठक, कांग्रेस नेता आलोक दुबे सहित पूजा समिति के तमाम सदस्य मौजूद रहें।

उदघाटन के मौके पर कृषि मंत्री शिल्पी नेहा तिर्की ने कहा कि जब - जब धरती पर बुराई ने अपना प्रकोप दिखाया है तब - तब अलौकिक शक्ति ने उसका नाश किया है। मां दुर्गा शक्ति का प्रतीक है और वो अपने भक्तों के साथ हमेशा तारणहार की भूमिका में रहेंगी। मां दुर्गा की माया हमेशा सभी पर बनी रहे। समाज में सुख, शांति और भाईचारगी का माहौल हो, यही मईया से मनोकामना है।

इस अवसर पर पूर्व मंत्री बंधु तिर्की ने कहा कि वर्षों से यहां मां दुर्गा की पूजा अर्चना होती आ रही है। इस पूजा में समाज के हर वर्ग की भागीदारी सामाजिक एकता का प्रतीक है। इस भाईचारगी को मां दुर्गा के आशीर्वाद से आगे भी बनाए रखना है। इस मौके पर मंच पर सभी अतिथियों का स्वागत मां की चुनरी के साथ किया गया।

## झारखंड में म्यूटेशन के नाम पर हो रही लाखों की वसूली : बाबूलाल मरांडी

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**रांची :** झारखंड में जमीन के म्यूटेशन की प्रक्रिया में व्याप्त भ्रष्टाचार को लेकर सियासत गरमा गई है। भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री बाबूलाल मरांडी ने मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन पर तीखा हमला बोला है। मरांडी ने आरोप लगाया है कि झारखंड के अंचल कार्यालयों में म्यूटेशन के नाम पर खुलेआम लाखों की वसूली हो रही है, और चतरा का वाकया तो महज एक उदाहरण है। उन्होंने गंभीर आरोप लगाते हुए कहा है कि आजकल पोस्टिंग के लिए लगाए जाने वाली बोली में उपायुक्त से ज्यादा रेट अंचलाधिकारी का हो गया है! इसी कारण, म्यूटेशन के लिए प्रति डिसमिल रेट से घूस लेने वाले सरकारी बाबू अब जमीन में हिस्सा लेने लगे हैं।

बाबूलाल मरांडी ने मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के पिछले बयानों का ज़िक्र करते हुए कहा कि मुख्यमंत्री स्वयं सार्वजनिक मंच से यह स्वीकार कर चुके हैं कि प्रखंड और अंचल कार्यालय भ्रष्टाचार और दलालों के अड्डे बन चुके हैं, लेकिन उन्होंने कभी इस पर कोई कठोर कार्रवाई नहीं की। मरांडी ने संदेह जताते हुए पूछा कि क्या मुख्यमंत्री राज्य भर के अंचल कार्यालयों से उनके आवास तक पहुंचने वाले मोटी कमीशन एवं पोस्टिंग में मोटी रकम वसूली की वजह से चुप रहते हैं? पूर्व मुख्यमंत्री ने इस बात पर जोर दिया कि वास्तविकता यही है कि झारखंड में जमीन की प्रकृति बदलकर बड़े पैमाने पर हेरफेर हो रहा है। उन्होंने कहा कि गरीब आदिवासियों की जमीन हड़पी जा रही है और भू-माफिया सक्रिय हैं। उन्होंने याद दिलाया कि राज्य में जमीन घोटाले में उपायुक्त से लेकर मुख्यमंत्री तक जेल जा चुके हैं। इस स्थिति में, उन्होंने सवाल किया कि गरीब आम जनता अपनी शिकायत लेकर आखिर जाए तो जाए कहां?

खुलेआम भ्रष्टाचार का तांडव कर रहे अंचलाधिकारियो पर कारवाई करें। म्यूटेशन के लंबित लाखों मामलों का शीघ्र निष्पादन सुनिश्चित कराएं। यह जरूर सुनिश्चित करें कि म्यूटेशन के लिए घूस या जमीन में हिस्सेदारी न दे सकने वालों को अनावश्यक विलंब और दौड़ा-दौड़ा कर परेशान नहीं किया जाय।

## शारदीय नवरात्र के सातवें दिन मां कालरात्रि की हुई पूजा-अर्चना

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**रांची :** शारदीय नवरात्र के सातवें दिन सोमवार को मां दुर्गा के सातवें स्वरूप मां कालरात्रि की उपासना राजधानी रांची के विभिन्न पूजा पंडालों, मंदिरों और घरों में श्रद्धा एवं भक्ति भाव से की गयी।

नवरात्र में मां कालरात्रि की पूजा का विशेष महत्व माना जाता है। मां दुर्गा का यह स्वरूप हमें सिखाता है कि श्रद्धा और साहस से हर अंधकार पर विजय मिल सकती है। नवरात्रि की महासप्तमी पर मां कालरात्रि की पूजा करने से भक्तों को भयमुक्ति, साहस, शनि, राहु, केतु दोष से शांति और दिव्य ज्ञान की प्राप्ति होती है। मां कालरात्रि का उग्र रूप हमें यह सिखाता है कि अज्ञान, भय और पाप के अंधकार को केवल देवी की कृपा से ही नष्ट किया जा सकता है। राजधानी रांची में शारदीय नवरात्रि की रौनक देखने को मिल रही है। पिछले तीन-चार दिनों से श्रद्धालु बारिश के बावजूद रांची में बने एक से बढ़कर एक पूजा पंडालों में जाकर मां दुर्गा का दर्शन कर आशिर्वाद ले रहे हैं। दिन से अधिक रात में पंडालों में भक्तों की भीड़ उमड़ रही है। पंडालों में लाइट की विशेष सजावट की गई है, जो पंडालों की सुंदरता में चार चांद लगा रहा है। पूजा पंडालों के पास लगे मेलों में श्रद्धालू सपरिवार पहुंच रहे हैं और विभिन्न प्रकार की वस्तुओं की खरीदारी कर रहे हैं। मंगलवार को महाअष्टमी के अवसर पर माता महागौरी की पूजा विधि-विधान से की जाएगी। महाअष्टमी पर महिलाएं माता महागौरी का व्रत रखती हैं और दिनभर उपवास रखकर शाम में माता की पूजा करती हैं।

# 2 अक्तूबर को मोरहाबादी में होगा रावण दहन

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**रांची :** दशहरा उत्सव चरम पर हैं। इस बार 70 फीट ऊंचा रावण, 65 फीट कुंभकरण और 60 फीट के मेघनाद के पुतले तैयार किए गए हैं। जबकि सोने की लंका 30x30 फुट की होगी। मोरहाबादी मैदान में 2 अक्टूबर को रावण दहन का आयोजन किया गया है।

गयाजी जिले से आई 21 सदस्यीय टीम ने एक महीने की मेहनत से इन पुतलों को तैयार किया है। जिसमें बांस, कपड़ा, कागज से बने इन पुतलों को वाटरप्रूफ बनाया गया है। इस बार भी रिमोट कंट्रोल से रावण दहन होगा।

सोमवार को कडरू स्थित पंजाबी हिंदू बिरादरी के अध्यक्ष सुधीर उग्गल, राजेश खन्ना, राजेश मेहरा, सौरभ खन्ना, अरुण चावला ने कडरू में यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि बिहार के मुहम्मद मुस्लिम ने तीनों पुतले को तैयार किए है।

मैदान के चारों ओर चार विशाल हनुमान की झलक श्रद्धालुओं को दिखाई देगी। उत्तर प्रदेश से आई झांकियां भी लोगों को आकर्षित करेंगी। आयोजकों ने बताया कि इस बार रावण दहन में 6 मिनट का लेजर शो के साथ रंग-बिरंगी आतिशबाजी और साउंड इफेक्ट्स का विशेष इंतजीम किया गया है। रांची में रावण दहन सामूहिक चंदा से 1948 में की गई थी। जो रांची कॉलेज में 10 फीट का रावण बनाया गया था। इसके बाद 1953 में दिल्ली में इसकी शुरूआत हुई। 1950 से 1955 तक रावण के पुतलों का निर्माण रेलवे स्टेशन स्थित खजुरिया तालाब के पास रेस्ट कैंप (शरणार्थी शिविर) में होने लगा। 1960 से लगातार मोरहाबादी मैदान में रावण दहन होते आ रहा है। पंजाबी हिन्दू बिरादरी के आयोजकों ने मेघनाय और कुंभकर्ण के पुतलों सहित सोने की लंका का भी निर्माण करवाया, जो आज भी जारी है।

कार्यक्रम में मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन रावण का वध करेंगे। पूर्व मंत्री सीपी सिंह मेघनाद का और सांसद संजय सेठ कुंभकरण का वध करेंगे। रावण दहण कार्यक्रम में आतिशबाजी, मनमोहक सांस्कृतिक कार्यक्रम होगें।इस वर्ष पुतलों की लंबाई रावण-70 फुट, कुंभकर्ण-65 एवं मेघनाथ-60 फुट के होगें, रावण दहण मे करीब 20 लाख की लागत होगी।आयोजन में स्थानीय लोक कलाकारों के साथ-साथ उत्तर प्रदेश के कलाकार भी शामिल होंगे। जिसमें राम की जीवंत मूर्ति, रावण वध की जीवंत झांकी सहित मनमोहक सांस्कृतिक की प्रस्तुति की जाएगी।

पायरो फायर वर्कस, मुंबई एवं कोलकता के टीम द्वारा भव्य आकाशीय आतिशबाजी होगी। इस वर्ष बिहार के बक्सर जिले के मो जलील अहमद आतिशबाज (मो आसीक अंसारी रिकूं) के द्वारा जमीनी आतिशबाजी की जाएगी।

## संक्षिप्त खबरें

### गांव की थीम पर सजा लटमा का दुर्गा पूजा पंडाल, अष्टमी पर होगी भव्य महाआरती



**रांची :** आदर्श दुर्गा पूजा समिति लटमा का इस वर्ष का पंडाल श्रद्धालुओं के लिए विशेष आकर्षण का केंद्र बना हुआ है। गाँव की थीम पर आधारित इस पंडाल में एक विशाल शिवलिंग स्थापित किया गया है, जो भक्तों को आध्यात्मिक और सांस्कृतिक माहौल का अनुभव करा रहा है। पूरे आयोजन पर लगभग 13 लाख रुपये खर्च किए गए हैं, जबकि प्रतिमा निर्माण में 1.6 लाख रुपये की लागत आई है। समिति ने पंडाल को भव्य और पारंपरिक रंग-रूप देने पर विशेष ध्यान दिया है। शनिवार सुबह 11 बजे पंडाल का विधिवत उद्घाटन टेंडर हार्ट स्कूल के चेयरमैन सुधीर तिवारी और धुर्वा थाना प्रभारी ने संयुक्त रूप से किया। इस मौके पर बड़ी संख्या में श्रद्धालु मौजूद थे। अष्टमी के दिन विशेष महाआरती का आयोजन किया जाएगा, जिसमें करीब दो हजार भक्तों के शामिल होने की संभावना है। भक्तों और आयोजकों में उत्साह का माहौल है और पंडाल परिसर चारों ओर भक्ति-संगीत और दीपों की रौशनी से आलोकित हो उठा है।

### सीसीएल ने 82 कर्मियों को दी विदाई



**रांची :** सेंट्रल कोलफील्ड्स लिमिटेड (सीसीएल) मुख्यालय में आज सम्मान समारोह हुआ। इस मौके पर सितंबर महीने में सेवानिवृत्त हुए 82 कर्मचारियों को सम्मान के साथ विदाई दी गई। इनमें से 06 कर्मचारी मुख्यालय से और बाकी अलग-अलग क्षेत्रों से रिटायर हुए थे। कार्यक्रम की शुरूआत एक शॉर्ट फिल्म से हुई, जिसमें कर्मियों ने अपने अनुभव साझा किए। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में सीसीएल के निदेशक (मानव संसाधन) हर्ष नाथ मिश्र मौजूद थे। उन्होंने सभी रिटायर हो रहे कर्मचारियों के योगदान की सराहना की और कहा कि सीसीएल परिवार को गर्व है कि हमारे साथियों ने अपनी मेहनत और ईमानदारी से कंपनी को आगे बढ़ाने में बड़ी भूमिका निभाई। हम सब उनके अच्छे स्वास्थ्य और सुखद भविष्य की कामना करते हैं। समारोह में सीसीएल के अधिकारी, कर्मचारी और सेवानिवृत्त कर्मियों के परिवारजन बड़ी संख्या में शामिल हुए। सभी रिटायर हो रहे साथियों को शॉल, फूल और स्मृति-चिन्ह देकर सम्मानित किया गया।

### चंद्रशेखर आजाद चौक दुर्गा पूजा समिति ने डॉक्टरों को किया सम्मानित



**रांची :** दुर्गा पूजा के शुभ अवसर पर इस वर्ष भी चंद्रशेखर आजाद चौक दुर्गा पूजा समिति ने परंपरा को निभाते हुए शहर के चिकित्सकों का सम्मान किया। समिति के द्वारा आयोजित कार्यक्रम में सदर अस्पताल के उपाधीक्षक डॉ. विमलेश सिंह, सिविल सर्जन डॉ. प्रभात कुमार, डॉ. कुणाल कुमार, डॉ. सिद्धार्थ कुमार, डॉ. कुमार प्रतीक सहित शहर के अन्य प्रतिष्ठित डॉक्टरों को सम्मानित किया गया। सम्मान समारोह का नेतृत्व समिति के अध्यक्ष रमेश सिंह ने किया। इस अवसर पर अध्यक्ष रमेश सिंह ने कहा कि हर साल हम दुर्गा पूजा के अवसर पर समाजसेवा और मानवता की भावना से जुड़े कार्य करते हैं। डॉक्टर हमारे समाज के ऐसे प्रहरी हैं जो दिन-रात लोगों की सेवा करते हैं, उनकी जान बचाने के लिए हमेशा तत्पर रहते हैं। कोरोना जैसी महामारी से लेकर रोजमर्रा की स्वास्थ्य चुनौतियों तक, डॉक्टरों ने अपने जीवन को जोखिम में डालकर समाज की सेवा की है। इसलिए उन्हें सम्मानित करना हमारा कर्तव्य है और यह हमारी परंपरा भी बन चुकी है। कार्यक्रम में समिति के अन्य पदाधिकारी एवं शहर के गणमान्य नागरिक भी उपस्थित रहे। सभी ने डॉक्टरों के योगदान की सराहना की और कहा कि डॉक्टर वास्तव में भगवान का रूप होते हैं, जिनकी बदौलत अनगिनत ज़िंदगियां सुरक्षित रहती हैं। इस मौके पर अस्पताल के उपाधीक्षक डॉ. विमलेश सिंह ने सम्मान ग्रहण करते हुए कहा कि हर साल यहां भक्तों के लिए बड़े ही धूमधाम से दुर्गा पूजा की तैयारियां की जाती हैं और माता की विधिवत पूजा-अर्चना होती है। साथ ही उन्होंने कहा कि हम सभी डॉक्टरों की ओर से शहरवासियों को दुर्गा पूजा की ढेर सारी शुभकामनाएं देते हैं और माता दुर्गा से कामना करते हैं कि सभी को स्वस्थ और सुरक्षित रहें। शहर के डॉक्टर लोगों की सहायता और इलाज के लिए सादव्य तत्पर रहेगा।

### रांची ग्रामीण श्री दुर्गा पूजा समिति का विभिन्न पंडालों का भ्रमण जारी



**रांची :** ग्रामीण श्री दुर्गा पूजा समिति के अध्यक्ष तपेश्वर केशरी, कार्यकारी अध्यक्ष रमण साहु एवं महामंत्री बीरेंद्र साहु ने सोमवार को दलादली, महादेव टांगड़ा, ब्रांबे, मांडर, चानहो, रातु और नगड़ी प्रखंड के विभिन्न पूजा पंडालों का भ्रमण किया। इस दौरान समिति पदाधिकारियों ने रातुगढ़ स्थित ऐतिहासिक रातु किला जाकर माँ दुर्गा की प्रतिमा का दर्शन किया और वहां उपस्थित राजकुमारी माधुरी मंजरी देवी से भेंट की। उन्हें ग्रामीण क्षेत्र के पूजा पंडालों की जानकारी भी साझा की गई। भ्रमण कार्यक्रम में पी.के. गिरी, प्रेम कुमार, उत्तम कुमार, मांडर अंचल के पुलिस निरीक्षक शशि भूषण चौधरी, रामप्रकाश साहु, सन्नी टोप्पो, विनोद सेन गुप्ता, मनोज कुमार और विनोद साहु भी शामिल रहे। गौरतलब है कि समिति ने 28 सितंबर को भी देर रात तक कई पूजा पंडालों का दौरा किया था। उस दौरान रांची सदर अनुमंडल दंडाधिकारी उत्कर्ष कुमार, ग्रामीण पुलिस अधीक्षक प्रवीण पुष्कर, क्षेत्रीय पुलिस उपाधीक्षक और संबंधित थानों के प्रभारी भी मौजूद थे। अध्यक्ष तपेश्वर केशरी ने बताया कि यह भ्रमण कार्यक्रम कल भी जारी रहेगा।

## एक नजर

### तालाब मे डूबने से एक बिरहोर महिला की मौत



**मरकच्चो :** मरकच्चो थाना क्षेत्र के दक्षिणी पंचायत अंतर्गत तेलियामारण स्थित बिरहोर क्लोनी में एक बिरहोर महिला की मौत तालाब में डूब जाने के कारण हो गयी। मृतका की पहचान 55 वर्षीय मंगरी बिरहोरिन के रूप में की गयी है। घटना सोमवार दोपहर की है। जानकारी अनुसार मंगरी बिरहोरिन नहाने के लिए बिरहोर क्लोनी के ही बगल में स्थित मंडई आहर गयी थी। नहाने के क्रम में ही वो तालाब में डूब गयी। उसके तालाब में डूबने की जानकारी मिलते ही बिरहोर क्लोनी के लोग तालाब पंहुचे और मंगरी बिरहोरिन को तालाब से बाहर निकाला लेकिन तब तक उसकी मौत हो चुकी थी। तत्पश्चात लोग शव को लेकर मृतक के घर आ गए। वहीं घटना की जानकारी मिलने पर मरकच्चो थाना प्रभारी नन्दकिशोर तिवारी बिरहोर क्लोनी पंहुचे तथा घटनाक्रम की जानकारी लेते हुए शव को पोस्टमार्टम कराने के लिए अपने कब्जे में लेना चाहा लेकिन बिरहोर परिवार के लोग शव का पोस्टमार्टम नहीं कराना चाह रहे थे।

### 'सुरक्षित गर्भ समापन दिवस' पर किशोरियों के लिए जागरूकता कार्यक्रम का हुआ आयोजन




**बोकारो :** सहयोगिनी संस्था ने कसमार प्रखंड के गरी, दुर्गापुर, और खैराचातर गांवों में सुरक्षित गर्भ समापन दिवस के अवसर पर किशोरियों के लिए एक महत्वपूर्ण जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया। इस पहल का उद्देश्य किशोरियों को सुरक्षित गर्भ समापन और यौन तथा प्रजनन स्वास्थ्य से संबंधित कानूनी प्रावधानों और स्वास्थ्य संबंधी जानकारी से अवगत कराना था। कार्यक्रम में किशोरियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। सहयोगिनी संस्था की समन्वयक किरण ने किशोरियों को सुरक्षित गर्भ समापन के महत्व, असुरक्षित गर्भपात से होने वाले खतरों, और मेडिकल टर्मिनेशन ऑफ प्रेगनेंसी एक्ट, 1971 के तहत महिलाओं और किशोरियों को प्राप्त कानूनी अधिकारों के बारे में विस्तार से समझाया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए सहयोगिनी की समन्वयक कुमारी किरण ने इस बात पर जोर दिया कि हर किशोरी और महिला को अपने शरीर पर अधिकार है और उन्हें अपनी प्रजनन स्वास्थ्य से जुड़े निर्णय लेने का पूरा हक है। उन्होंने सुरक्षित गर्भ समापन की प्रक्रिया, इसके लिए उपलब्ध सरकारी स्वास्थ्य सुविधाओं, और इस दौरान गोपनीयता बनाए रखने के महत्व पर प्रकाश डाला।


### भोजपुरी स्टार अक्षरा सिंह की भक्ति प्रस्तुति पर डांडिया में झूमे दर्शक

**बोकारो :** भोजपुरी फिल्म स्टार अक्षरा सिंह ने रविवार की शाम सेक्टर-4 स्थित सर्कस मैदान में आयोजित डांडिया कार्यक्रम में अपनी शानदार प्रस्तुति से दर्शकों का दिल जीत लिया। जैसे ही वह मंच पर पहुँचीं, दर्शकों ने अलग-अलग गानों की फरमाइश शुरू कर दी। इस पर अक्षरा सिंह ने प्रशासनिक निर्देशों का हवाला देते हुए कहा कि भक्ति गाना भी भोजपुरी में अच्छा-अच्छा बा, और इसके बाद उन्होंने एक से बढ़कर एक भक्ति गीत प्रस्तुत किए। उनके भक्ति सुरों पर लोग देर रात तक डांडिया और गरबा की धुन में झूमते नजर आए। प्रशासन का कड़ा रुख बोकारो जिला प्रशासन ने डांडिया आयोजनों को लेकर पहले ही स्पष्ट निर्देश जारी किए थे।

# दुर्गा पूजा को लेकर विधि-व्यवस्था के लिए उपायुक्त ने की अधिकारियों के साथ बैठक

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**कोडरमा :** दुर्गा पूजा के अवसर पर विधि-व्यवस्था संधारण को लेकर उपायुक्त ऋतुराज की अध्यक्षता में वीडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से प्रतिनियुक्त दंडाधिकारी एवं पुलिस पदाधिकारियों की बैठक आयोजित की गई। उपायुक्त ने सभी दंडाधिकारी और पुलिस पदाधिकारियों को सख्त निर्देश देते हुए कहा कि सभी अपने-अपने कार्यस्थल पर उपस्थित रहेंगे तथा सतर्क और अलर्ट मोड में कार्य करेंगे। उन्होंने कहा कि त्यौहार के दौरान श्रद्धालुओं और आमजनों को किसी भी प्रकार की असुविधा न हो, इसके लिए तत्परता से कार्य किया जाए। किसी भी प्रकार की अप्रिय घटना की सूचना तत्काल वरीय पदाधिकारी एवं संबंधित थाना प्रभारी को दी जाए, ताकि समय रहते




आवश्यक कार्रवाई की जा सके। उपायुक्त महोदय ने सभी वरीय पदाधिकारी, प्रखंड विकास पदाधिकारी, अंचल अधिकारी एवं थाना प्रभारियों को निर्देश दिया कि वे गांव स्तर तक के सभी छोटे-बड़े पूजा पंडालों का नियमित निरीक्षण करें। उन्होंने यह भी कहा कि सभी पूजा पंडालों में महिला एवं पुरुष श्रद्धालुओं के लिए अलग-अलग प्रवेश एवं निकास की व्यवस्था सुनिश्चित की जाए। पंडालों के आसपास यातायात व्यवस्था सुदृढ़ की जाए तथा पार्किंग की उचित व्यवस्था रहे। सभी पंडालों में सीसीटीवी कैमरे लगाए जाएं, जिनकी मॉनिटरिंग दंडाधिकारी एवं पुलिस पदाधिकारी नियमित रूप से करें। फायर सेफ्टी की व्यवस्था भी सुनिश्चित की जाए तथा सभी निर्धारित मानकों का कड़ाई से पालन किया जाए। साथ ही, सोशल मीडिया पर भी नजर रखने का निर्देश दिया गया। उपायुक्त ने कहा कि डीजे पर पूर्ण प्रतिबंध रहेगा और इसका सख्ती से पालन किया जाए। सोशल मीडिया पर किसी भी प्रकार की भड़काऊ अथवा अमर्यादित पोस्ट करने वालों पर कानूनी कार्रवाई की जाएगी। यातायात व्यवस्था बनाए रखने के लिए बड़े वाहनों का शहर में प्रवेश प्रतिबंधित रहेगा। इस संबंध में आवश्यक दिशा-निर्देश भी जारी किए गए। उपायुक्त ने दंडाधिकारी एवं पुलिस पदाधिकारियों को पूजा समितियों के प्रतिनिधियों के साथ बैठक कर समन्वय स्थापित करने का निर्देश दिया। साथ ही, सभी पूजा पंडालों में पुलिस हेल्प डेस्क स्थापित करने को कहा गया। सदर अस्पताल सहित सभी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों में चिकित्सकों की प्रतिनियुक्ति तथा मेडिकल किट की व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए। यातायात व्यवस्था के तहत जिला परिवहन पदाधिकारी एवं जिला खनन पदाधिकारी को वाहन चेकिंग सुनिश्चित करने का निर्देश दिया गया। पुलिस अधीक्षक अनुदीप सिंह ने भी सभी पुलिस पदाधिकारियों को अपने-अपने कार्यस्थलों पर समय से उपस्थित रहने और अपने दायित्वों का पूर्ण निष्ठा से निर्वहन करने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि पेट्रोलिंग गाड़ियां नियमित रूप से भ्रमण करती रहें तथा पंडालों में लगे सीसीटीवी कैमरों की सतत मॉनिटरिंग की जाए।

## डीएवी में मनाया गया स्वच्छता सेवा पर्व

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**कोडरमा :** डीएवी कोडरमा में स्वच्छ भारत अभियान के अंतर्गत स्वच्छता सेवा पर्व पूरे सप्ताह बड़े उत्साह और जोश के साथ मनाया गया। इस अवसर पर बच्चों को स्वच्छता का महत्व समझाने हेतु अनेक रुचिकर कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। सर्वप्रथम कक्षा एल.के.जी. से दूसरी तक के बच्चों के लिए हैप्पी हैंड वॉश डे मनाया गया, जिसमें उन्हें हाथ धोने का महत्व समझाया गया। कक्षा तीसरी से पांचवीं तक के बच्चों को जल संरक्षण के प्रति जागरूक करते हुए उनसे जल संरक्षण पर आकर्षक नारे लिखवाए गए। कक्षा छठी से आठवीं तक के विद्यार्थियों के बीच कविता पाठ प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, जिसका विषय स्वच्छता रखा गया। इसमें सभी बच्चों ने पूरे उत्साह से भाग लिया। कक्षा आठवीं की छात्रा साक्षी राज



ने सबसे सुंदर कविता गाकर सभी का मन मोह लिया। इसी दौरान कक्षा आठवीं की छात्रा ईशु द्वारा प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, जिसमें कक्षा छठी से आठवीं तक के बच्चों ने भाग लिया। स्वच्छ भारत अभियान पर अत्यंत ही सुंदर पोस्टर समृद्धि वर्मा, अभिनव सिंह, आराध्या वैभव, अमरनाथ पांडे, उपांशु राज और दृष्णा कश्यप ने बनाए। विद्यालय के प्राचार्य कृष्ण कुमार सिंह ने बच्चों को संबोधित करते हुए कहा कि स्वच्छ भारत अभियान भारत सरकार द्वारा आरंभ किया गया एक राष्ट्रीय स्तर का अभियान है।

## सेवा पखवाड़ा के तहत कोडरमा में रक्तदान शिविर आयोजित, 32 ने किया रक्तदान

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**झुमरी तिलैया :** सेवा पखवाड़ा कार्यक्रम के अंतर्गत भारतीय जनता पार्टी के तत्वावधान में केंद्रीय महिला एवं बाल विकास मंत्री अन्नपूर्णा देवी के नेतृत्व में कोडरमा सदर अस्पताल परिसर में रविवार को रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। इस अवसर पर मरीजों के बीच फल वितरण भी किया गया। शिविर में कुल 47 लोगों ने पंजीकरण कराया, जिनमें से 32 लोगों ने स्वेच्छा से रक्तदान किया। रक्तदान के इस अभियान में कार्यकताओं और आम नागरिकों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। केंद्रीय मंत्री अन्नपूर्णा देवी ने कहा कि-रक्तदान सबसे बड़ा मानव सेवा का कार्य है। इससे



किसी का जीवन बचाया जा सकता है और समाज में सहयोग एवं सेवा की भावना को बल मिलता है। भाजपा जिला अध्यक्ष अनूप जोशी ने कहा कि झ सेवा पखवाड़ा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के जन्मदिवस को सेवा के रूप में मनाने का अभियान है। हम संकल्पित हैं कि समाज के अंतिम व्यक्ति तक सेवा पहुँचाई जाएगी। इस अवसर पर प्रदेश कार्यसमिति सदस्य रमेश सिंह, राजकुमार यादव, जिला महामंत्री शिवेंद्र नारायण, मीडिया प्रभारी मनोज कुमार झुन्नू, पूर्व मीडिया प्रभारी चन्द्रशेखर जोशी, हरि पंडित सहित बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## "स्वस्थ नारी, सशक्त परिवार" अभियान के तहत मेडिकल स्क्रीनिंग शिविर आयोजित



प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**बोकारो :** बीएसएल के सीएसआर विभाग और बीजीएच की संयुक्त पहल में 30 वर्ष से अधिक उम्र की महिलाओं के लिए "स्वस्थ नारी, सशक्त परिवार अभियान" के तहत मेडिकल स्क्रीनिंग और पोषण जागरूकता शिविर का आयोजन बीएसएल के परिक्षेत्रीय गांव गोड़ाबाली बिशुनपुर पंचायत के सामुदायिक हॉल में आयोजित किया गया। यह कार्यक्रम दिनाँक 17 सितम्बर से 02 अक्टूबर तक आयोजित होने वाले स्वस्थ नारी, सशक्त परिवार अभियान के बैनर तले केंद्र सरकार की पहल की श्रृंखला का एक हिस्सा है। इस शिविर के दौरान महिलाओं के समग्र स्वास्थ्य के लिए बीपी, शुगर, हीमोग्लोबिन, ऊंचाई, वजन, बीएमआई इंडेक्स, डेंटल हाइजीन की जांच की गई। कार्यक्रम में बीजीएच के प्रभारी मुख्य चिकित्सा पदाधिकारी डॉ. बी.बी करुणामय, एवं डॉ. इंद्रनील चौधरी मुख्य चिकित्सा पदाधिकारी मेडिकल टीम के साथ उपस्थित थे। परिक्षेत्रीय गांव गोड़ाबाली बिशुनपुर पंचायत की मुखिया बेबी देवी, सामाजिक कार्यकर्ता गणेश ठाकुर एवं वार्ड सदस्य लाल बाबू अंसारी ने इस पंचायत की सभी महिलाओं को इस कार्यक्रम में बड़े पैमाने पर भाग लेने के लिए प्रोत्साहित किया। इस शिविर के दौरान परिक्षेत्रीय गांव गोड़ाबाली बिशुनपुर पंचायत की कुल 70 महिलाओं का स्वास्थ्य जांच किया गया। सीएसआर विभाग से सुश्री ऋचा कुणाल सहायक महाप्रबंधक ,नीरज कुमार त्रिपाठी वरीय प्रबंधक, प्रवीण कुमार सहायक प्रबंधक अपनी पूरी टीम के साथ शिविर में शामिल थे।

## पट खुलते ही मान की दर्शन के लिए श्रदालु की भीड उमड़ पड़ी

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**बोकारो :** चास प्रखंड के पंचायत अलकुशा के धनडाबर गांव में तत्कालीन जमींदार स्व मंसाराम चौबे द्वारा स्थापित श्री श्री मां दुर्गा पूजा की शुरू हो गयी है। यह पूजा 254 वर्ष पहले से हो रही है। मंसाराम चौबे ने मन्नत पूरी होने पर मां दुर्गा की स्थापना की थी। अभी पत्थर का भव्य मंदिर का निर्माण किया गया है, जो पहले झोंपड़ी थी। यहां परं बलि प्रथा है। परंपरा के अनुसार इस मंदिर में एक ही पटरा पर मां दुर्गा, सरस्वती, लक्ष्मी, भगवान गणेश, कार्तिक, जया, विजया, महिषासुर, सिंह की मूर्ति का निर्माण. चंदनकियारी विधानसभा क्षेत्र के प्रसिद्ध मूर्तिकार कार्तिक सूत्रधार सहयोगी सजल सुत्रधार निर्माण किया है। मंदिर का रंग-रोगन व मंदिर की भव्य सजावट की है. गुरु , पुरोहित श्यामल उपाध्याय, मुख्य व्रती शूलपाणि ओझा द्वारा पूजा की जा



रही है। यहां षष्ठी तिथि से मंदिर में पुजा शुरू हो गयी है पूजा शुरू होते ही धनडाबर, अलकुशा, सिमरियाटांड़ बांघडीह ,बोदरो, पार टांड, गिद्धटांड़ व आसपास गांवों वातावरण भक्तमय हो जाता है। पुजा को लेकर फुल, मुर्ति का मिट्टी, पुजा की दिपक धी केलिए जमींदारी प्रथा के तहत व्यवस्था दी गयी है। मान की पट खुलते ही श्रदालुओं की भीड उमड़ पड़ी। पुजा अर्चना किया। प्रसाद का बितरण किया गया। यहां मां की विदाई पर सिंदूर खेला की प्रथा है, जो काफी उत्साह के साथ किया जाता है. पूजा को लेकर कुल गुरु, पुरोहित व स्व मनसा राम चौबे के वंशज तथा ग्रामीण जुटा हुआ है।

# सांसद ने दुर्गा पूजा पर टैंकर से उपलब्ध कराया पेयजल

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**पूर्वी सिंहभूम :** दुर्गा पूजा के अवसर पर सोमवार को बागबेड़ा गांधीनगर शाखा मैदान में स्वच्छ पेयजल की व्यवस्था कराई गई। इस व्यवस्था के तहत सांसद विद्युत वरण महतो के पहल पर विशेष टैंकरों से ग्रामीणों और शहरवासियों तक स्वच्छ पानी पहुंचाया गया। पानी की यह आपूर्ति बागबेड़ा इलाके में रहने वाले लोगों के लिए राहत बनकर आई, क्योंकि त्योहार के मौके पर पेयजल की उपलब्धता एक बड़ी आवश्यकता मानी जाती है। इस अवसर पर बागबेड़ा महानगर विकास समिति के अध्यक्ष सह भाजपा जिला मुख्यालय प्रभारी सुबोध झा ने कहा कि सांसद विद्युत वरण महतो लगातार बागबेड़ा क्षेत्र की जनता की समस्याओं पर गंभीरता से ध्यान देते हैं। उन्होंने कहा कि बागबेड़ा




सहित आसपास के क्षेत्रों में साफ पेयजल उपलब्ध कराने की यह पहल सांसद का सराहनीय प्रयास है। सुबोध झा ने कहा कि सांसद के इस योगदान से आम नागरिकों को न केवल सुविधा मिली है, बल्कि त्योहार की खुशी भी दोगुनी हुई है। उन्होंने सांसद महतो को बागबेड़ा की जनता की ओर से धन्यवाद प्रेषित किया। गांधीनगर क्षेत्र में पानी वितरण की जिम्मेदारी विशेष रूप से बागबेड़ा महानगर विकास समिति के संयोजक और भाजपा नेता दीपक दागी ने संभाली। उनके नेतृत्व में समिति के सदस्य और स्थानीय स्वयंसेवक लगातार टैंकरों के माध्यम से लोगों तक पानी पहुंचाने में जुटे रहे। पानी वितरण के दौरान स्थानीय नागरिकों ने सांसद विद्युत वरण महतो और समिति का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि इस तरह की सेवाएं समाज में जनप्रतिनिधियों की लोकप्रियता और उनकी जनता के प्रति संवेदनशीलता का प्रमाण हैं। पेयजल वितरण कार्यक्रम के दौरान समिति के कई पदाधिकारी और स्थानीय भाजपा कार्यकर्ता भी मौजूद रहे।

## संक्षिप्त खबरें

### पचगावां में नमो वन कार्यक्रम के तहत 200 फलदार पौधों का हुआ रोपण



**डोमचांच :** भारतीय जनता पार्टी डोमचांच ग्रामीण मंडल के मसनोडीह शक्ति केंद्र स्थित पचगावां छठ तालाब के समीप नमो वन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर भाजपा जिलाध्यक्ष अनुप जोशी एवं मंडल अध्यक्ष महेश वर्मा के नेतृत्व में करीब 200 फलदार पौधे लगाए गए। इनमें आम, अमरूद, जामुन, आंवला, कटहल सहित कई उपयोगी पेड़ शामिल थे। कार्यक्रम में जिलाध्यक्ष अनुप जोशी ने उपस्थित ग्रामीणों को संबोधित करते हुए वनों के महत्व और उनसे मिलने वाले बहुमूल्य लाभों पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि जंगल से इमारती लकड़ी, गोंद, रबर, मसाले, औषधियाँ और ईंधन जैसे अनेक संसाधन प्राप्त होते हैं। लाखों लोग भोजन, आश्रय और आय के लिए वनों पर निर्भर रहते हैं। उन्होंने बताया कि वन केवल जीवन का आधार ही नहीं हैं, बल्कि यह मानसिक शांति, शारीरिक सक्रियता और स्वच्छ वातावरण के लिए भी आवश्यक हैं। स्वच्छ वायु प्रदान करने में वन बड़ी भूमिका निभाते हैं। मंडल अध्यक्ष महेश वर्मा ने ग्रामीणों से अपील की कि वे लगाए गए पौधों की समय-समय पर देखभाल करें, उन्हें पानी दें और जानवरों से सुरक्षित रखें ताकि पौधे हरे-भरे होकर भविष्य में छांव, फल और स्वच्छ वातावरण का स्रोत बन सकें। इस अवसर पर महामंत्री सुनील कुमार भारती, विजय मेहता, जगदीश मेहता, चन्द्रशेखर जोशी,नरेंद्र पाल, चंद्रिका सिंह, चौधरी पासवान, विमल पासवान, महावीर पासवान, अभिषेक कुमार, पंकज सिंह, प्रमिला देवी, बसंती देवी, अंजनी देवी, कंचन देवी, विमला देवी, सुमा देवी, राजेश सिंह, बसंत सिंह, राजू सिंह सहित अनेक कार्यकर्ता एवं ग्रामीण उपस्थित रहे।

### बोकारो स्टील सिटी के सेक्टर-5 स्थित हटिया में सार्वजनिक पेयजल सुविधा का उद्घाटन



**बोकारो :** स्टील प्लांट की जन कल्याणकारी पहल के तहत बोकारो स्टील सिटी के सेक्टर-5 स्थित हटिया में आम जनता के लिए सार्वजनिक पेयजल सुविधा का शुभारंभ सोमवार को नगर सेवा विभाग के मुख्य महाप्रबंधक कुंदन कुमार द्वारा किया गया। इस अवसर पर नगर सेवा विभाग के महाप्रबंधक अशोक कुमार सिंह, लम्बोदर उपाध्याय, कवितेश कुमार, राजुल हरकेर्णी, आलोक चावला एवं उप महाप्रबंधक संदीप कुमार के साथ वरीय अधिशासी एवं कर्मचारी उपस्थित थे।

### सेक्टर-02 सी स्थित मां दुर्गा का पट हुआ उद्घाटन



**बोकारो :** स्टील सिटी के सेक्टर- 2 सी स्थित मां दुर्गा का पट आज श्रद्धा और परंपरा के साथ खोला गया। पूरे क्षेत्र में भक्तिमय वातावरण देखने को मिला और श्रद्धालुओं ने बड़ी संख्या में हिस्सा लिया। माननीय मंत्री एवं जनप्रतिनिधियों की सहभागिता इस अवसर पर सूबे के पेयजल एवं स्वच्छता तथा उत्पाद एवं मद्य निषेध मंत्री माननीय योगेंद्र प्रसाद मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित हुए। उनके साथ माननीय विधायक चंदनकियारी उमाकांत रजक, उपायुक्त बोकारो अजय नाथ झा, माननीय विधायक बेरमो की प्रतिनिधि अनुपमा सिंह, मंटू यादव तथा पूर्व जिला परिषद उपाध्यक्ष हीरालाल मांझी सहित कई अन्य जनप्रतिनिधि एवं गणमान्य लोग शामिल हुए। माननीय मंत्री ने राज्यवासियों के लिए की याचना पट खुलने के उपरांत माननीय मंत्री योगेंद्र प्रसाद ने मां दुर्गा से राज्य के लोगों के लिए सुख-समृद्धि, सामाजिक सौहार्द एवं प्रदेश की दिन-दोगुनी रात-चौगुनी तरक्की के लिए याचना की। क्षेत्र में भक्ति - उल्लास का रहा वातावरण पूरे आयोजन के दौरान भक्तों में अपार उत्साह देखा गया। मां दुर्गा के जयकारों से वातावरण गूंज उठा और श्रद्धालुओं ने आपसी भाईचारे व समृद्धि की कामना की।

### स्वच्छता ही सेवा एवं स्वच्छोत्सव के अंतर्गत बेस किचन, खाद्य स्टॉल का निरीक्षण



**बोकारो :** स्वच्छता ही सेवा के अंतर्गत 17 सितम्बर से 02 अक्टूबर 2025 तक चल रहे राष्ट्रव्यापी स्वच्छता अभियान के तहत आज आद्रा मंडल में विभिन्न स्वच्छता संबंधित गतिविधियाँ संचालित की गईं। इस क्रम में मंडल के विभिन्न बेस किचन, रेस्तरां एवं खाद्य स्टॉल की गहन सफाई एवं स्वच्छता मानकों की जांच की गई। साथ ही स्टेशन परिसरों में स्थित खाद्य स्टॉल, कार्यालय कैंटीन एवं रेस्तरां का निरीक्षण भी किया गया। निरीक्षण के दौरान खाद्य सामग्री की गुणवत्ता, कर्मचारियों के स्वास्थ्य प्रमाण पत्र, फूड लाइसेंस एवं अन्य आवश्यक अभिलेखों की जांच की गई। आज बोकारो स्टेशन के निरीक्षण के दौरान आद्रा मंडल रेल प्रबंधक मुकेश गुप्ता के नेतृत्व में स्वच्छता जागरूकता अभियान एवं Pledge Board पर हस्ताक्षर कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अवसर पर यात्रियों एवं कर्मचारियों को स्वच्छता बनाए रखने की शपथ दिलाई गई तथा सभी को इसे अपनी दिनचर्या का हिस्सा बनाने के लिए प्रेरित किया गया। इसके अतिरिक्त आद्रा मंडल में एक व्यापक स्वच्छता अभियान भी आयोजित किया गया, जिसके अंतर्गत विभिन्न स्टेशनों, रेलवे कॉलोनियों, रेलवे ट्रैकों तथा स्वास्थ्य इकाइयों में श्रमदान द्वारा सफाई अभियान चलाया गया। आद्रा मंडल द्वारा आयोजित इन कार्यक्रमों का उद्देश्य स्वच्छता के महत्व को जन-जन तक पहुँचाना, यात्रियों एवं स्थानीय लोगों को स्वच्छता के प्रति जागरूक बनाना तथा सभी के लिए सुरक्षित, स्वच्छ एवं स्वास्थ्यवर्धक वातावरण सुनिश्चित करना है।

# भतीजे ने करायी एतवा की हत्या मुख्य आरोपित सहित तीन गिरफ्तार

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**खूंटी :** कर्रा थाना के मालगो गांव निवासी बुधुवा उरांव उर्फ एतवा बाखला की हत्या उसके सगे भतीजे ने जमीन हड़पने की नीयत से सुपारी देकर कराई थी।
हत्याकांड का खुलासा करते हुए पुलिस ने मालगो, कर्रा निवासी जीवन कच्छप के अलावा वाल्टर कच्छप निवासी मेजर कोठी, जोजो नागा, बाजरा, पंडरा थाना और अनलि कच्छप उर्फ करमा कच्छप कचचाबारी, कर्रा निवासी को रविवार को गिरफ्तार कर लिया। यह जानकारी तोरपा के अनुमंडल पुलस पदाधिकारी क्रिस्टोफर केरकेट्टा ने सोमवार को कर्रा थाना में आयोजित प्रेस



कॉन्फ्रेंस में दी। उल?लेखनीय है कि बुधुवा उरांव (64) का शव को पुलिस ने 22 सितंबर को सेताहुरू-लतरातू मुख्य सड़क पर सेताहुरू गांव के पास झाड़ियों से बरामद किया था। एसडीपीओ ने बताया कि पुलिस अधीक्षक को गुप्त सुचना मिली थी कि हत्या के आरोपी जोजो नागा में छिपे हुए हैं। अनुसंधान में यह तथ्य सामने आया कि बुधुवा उरांव की हत्या उसके भतीजे जीवन बाखला ने 14 लाख रुपये की सुपारी देकर कराई थी। बुधुवा उरांव का कोई पुत्र नहीं था, सिर्फ दो पुत्रियां थीं, इस कारण चाचा की हत्या कराकर सारी जमीन हड़पने के लिए सुपारी देकर अपने चाचा की हत्या की योजना बनाई। पुलिस ने सबसे पहले बाल्टर कच्छप को उसके घर रांची जिले के पंडरा ओपी अंतर्गत जोजो नागा बाजरा से गिरफ्तार किया। बाल्टर ने स्वीकार किया कि उसने अपने साथियों के साथ मिलकर बुधुवा उरांव की हत्या की थी। उसकी निशानदेही पर पुलिस ने हत्या में प्रयुक्त स्कूटी, मृतक की स्कूटी और 90 हजार रुपये बरामद किया। बाल्टर की निशानदेही पर ही पुलिस ने उसके दो साथियों अनिल कच्छप उर्फ करमा कच्छप (कच्चाबारी, कर्रा) और मृतक का भतीजा जीवन बाखला (मालगो, कर्रा) को भी गिरफ्तार कर लिया। अनिल कच्छप के पास से चार लाख 50 हजार रुपये बरामद हुए। पुलिस ने आरोपितों के पास से चार मोबाइल फोन भी जब्त किए, जिनका उपयोग हत्याकांड के दौरान बातचीत के लिए किया गया था। इस कांड के उद्भेदन और आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए गठित छापामारी दल में तोरपा के एसडीपीओ क्रिस्टोफर केरकेट्टा, सर्किल पुलिस इंस्पेक्टर अशोक कुमार सिंह, कर्रा थाना प्रभारी मनीष कुमार, सब-इंस्पेक्टर मुकेश कुमार यादव, दीपक कान्त कुमार, भरत भूषण पटेल सहित कर्रा थाना के सशस्त्र बल के जवान शामिल थे।

## एक नजर

### दहला दुर्गा स्थान पंडाल का एसपी ने किया अनावरण



**साहिबगंज:** शहर के दहला दुर्गा स्थान में सोमवार को सप्तमी पूजा के अवसर पर पुलिस अधीक्षक अमित कुमार सिंह ने पंडाल का अना वरण किया। इस दौरान एसपी ने जिला की जनता को दुर्गा पूजा व दशहरा की शुभकामना देते हुए कहा कि सभी शांति, भाईचारा व सद्भाव के साथ त्योहार मनाएं। पुलिस कदम-कदम पर साथ है। हर जगह मजिस्ट्रेट की मौजूदगी में पूरी फोर्स की व्यवस्था की गई है। ट्रैफिक के लिए भी अलग से व्यवस्था की गई है। दहला दुर्गा स्थान में 1948 से मां की पूजा-अर्चना शुरू हुई है। जो वर्षों से पूजा करते आ रहे हैं। दुर्गा स्थान में मां जागृत हैं। इस दिव्य स्थल में वर्षों से पूजा होती आ रही है। मां यहां बालिका रूप में मौजूद हैं। भक्तिभाव से पूजा करने वालों की मनोकामा पूर्ण होती है।

### स्माइल फाउंडेशन द्वारा विश्व हृदय दिवस पर जागरूकता कार्यक्रम का हुआ आयोजन



**साहिबगंज:** विश्व हृदय दिवस के अवसर पर स्माइल फाउंडेशन द्वारा चानन गाँव में आईईसी कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य लोगों को हृदय स्वास्थ्य के प्रति जागरूक करना तथा हृदय रोगों की रोकथाम के उपायों की जानकारी देना था। कार्यक्रम के दौरान स्वास्थ्य विशेषज्ञों ने बढ़ते हृदय रोगों के कारणों पर चर्चा करते हुए बताया कि असंतुलित आहार, तनाव, धूम्रपान, शराब सेवन, व्यायाम की कमी और अनियमित दिनचर्या हृदय रोग के प्रमुख कारण हैं। उन्होंने स्वस्थ हृदय के लिए नियमित व्यायाम, संतुलित आहार, धूम्रपान व मद्यपान से परहेज, रक्तचाप व शुगर की जांच तथा समय-समय पर स्वास्थ्य परीक्षण की आवश्यकता पर बल दिया। इस अवसर पर पंपलेट, पोस्टर एवं अन्य जागरूकता सामग्री प्रदर्शित की गई। समुदाय के साथ संवाद सत्र भी आयोजित किए गए, जिसमें उपस्थित लोगों ने हृदय रोगों से बचाव के विषय में प्रश्न पूछे और जानकारी प्राप्त की। कार्यक्रम में स्थानीय लोगों, छात्र-छात्राओं, आंगनबाड़ी व आशा कार्यकताओं की सक्रिय भागीदारी रही। वहीं उपस्थित लोगों के लिए नि:शुल्क ब्लड प्रेशर और शुगर जाँच की भी व्यवस्था की गई। कार्यक्रम का समापन सभी प्रतिभागियों द्वारा यह संकल्प लेने के साथ हुआ कि वे हृदय स्वास्थ्य के संदेश को अपने परिवार और समाज में फैलाएँगे।

## सप्तमी पूजन में 501 कन्याओं के द्वारा कलश शोभायात्रा निकाला

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**साहेबगंज :** शहर के पुरानी साहेबगंज दुर्गा पूजा समिती ठाकुरबाड़ी ने मां दुर्गा के सप्तमी रूप मां कालरात्री का पूजन किया गया। इस अवसर पर उत्तरवाहिनी गंगा तट गंगेश्वर नाथ धाम घाट ओझा टोली से 501 कन्याओं के द्वारा कलश शोभा यात्रा निकाला गया। कलश शोभा यात्रा ठाकुरबाड़ी मंदिर से निकलकर ओझा टोली गंगा घाट पहुंचा जहां से कन्याओं ने कलश भरकर नगर भ्रमण किया। कलश शोभा यात्रा पुरानी साहेबगंज, नया टोला, संत जेवियर स्कूल, बायसी स्थान होते हुऐ पुनः ठाकुरबाड़ी मंदिर पहुंचा। आपको ज्ञात हो की पुरानी साहेबगंज दुर्गा पूजा समिती ठाकुरबाड़ी वर्ष 1999 से लगातार पूजा करते आ रही है। सर्वप्रथम पूजा की




शुरूवात चतुरानंद ओझा ने करवाया था जो आजतक लगातार ग्रामीणों व श्रद्धालुओं के सहयोग से होता आ रहा है। इस अवसर पर दुर्गा पूजा समिती के अध्यक्ष संजय यादव, सचिव महेश तिवारी, कोषाध्यक्ष जय शंकर शाह, मुख्य यजमान शिवशंकर यादव, पुरोहित देव दुबे, बिनोद चौधरी, सुमित चौधरी, प्रिंस कुमार, रोहित चौधरी, चंदा गोंड, पूजा कुमारी, के साथ हजारों श्रद्धालु मौजूद रहे।

## मालदा मंडल ने "स्वच्छता ही सेवा " के तहत पैंट्री कार, फूड स्टॉल और बेस किचन का हुआ निरीक्षण

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**साहिबगंज :** सर्वदेशीय रूप से 17 सितम्बर से 2 अक्टूबर तक "स्वच्छता ही सेवा 2025" अभियान के अंतर्गत, स्वच्छोत्सव विषय के तहत, मालदा मंडल में मंडल रेल प्रबंधक, मालदा मनीष कुमार गुप्ता के मार्गदर्शन में, यात्रियों के लिए उच्च स्वच्छता मानकों और सुरक्षित वातावरण सुनिश्चित करने हेतु आज विस्तृत निरीक्षण कार्य संपन्न किया। निरीक्षण मुख्य रूप से मालदा टाउन, साहिबगंज, भागलपुर, और जमालपुर रेलवे स्टेशनों पर किए गए, जिसमें पैंट्री कार, फूड स्टॉल और बेस किचन शामिल थे।विशेष रूप से ट्रेन संख्या 20507/08 राजधानि एक्सप्रेस की पैंट्री कार पर विशेष ध्यान दिया



गया, ताकि स्वच्छता और स्वास्थ्य मानकों का पूर्ण पालन सुनिश्चित किया जा सके। रेलवे अधिकारी और कर्मचारी इस पहल में सक्रिय रूप से भाग लिए, जिससे भारतीय रेल की स्वच्छता और सार्वजनिक स्वास्थ्य के प्रति प्रतिबद्धता को पुनः सुदृढ़ किया गया। मुख्य ध्यान क्षेत्रः इस पहल में पैंट्री कार, फूड स्टॉल और बेस किचन में स्वच्छता और खाद्य प्रबंधन मानकों की निगरानी, कर्मचारियों और यात्रियों के लिए स्वच्छता जागरूकता सत्र आयोजित करना, और उचित कचरा प्रबंधन एवं पर्यावरण-हितैषी उपायों को बढ़ावा देना शामिल था, ताकि यात्रियों के लिए सुरक्षित और स्वच्छ वातावरण सुनिश्चित किया जा सके। मंडल भर में निरीक्षण सफलतापूर्वक संपन्न हुआ, जिससे स्वच्छता मानकों का पालन सुनिश्चित हुआ और मालदा मंडल की स्वच्छ भारत मिशन के तहत यात्रियों को सुरक्षित, स्वच्छ और सुखद यात्रा अनुभव प्रदान करने की निरंतर प्रतिबद्धता प्रदर्शित हुई।

## हाई स्कूल मांग को लेकर एक जनसभा का हुआ आयोजन



प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**साहिबगंज :** सदर प्रखंड के लालबथानी हाटिया में लाल बथानी हाई स्कूल मांग को लेकर एक जनसभा का आयोजन किया जिसके अध्यक्षता युवा कांग्रेस प्रखंड अध्यक्ष कौसर आलम ने किया। जिसमें लालबथानी के तमाम छोटे-बड़े ने हिस्सा लिया। वहीं कौसर ने कहा ये जनसभा लालबथानी के उन बच्चों के जो आठमा करके आस पास हाई स्कूल न होने के कारण घर बैठ जाते हैं और उच्च शिक्षा से वंचित हो जातें हैं और ये सिर्फ जिला प्रशासन की लापरवाही है हर साल जो इस क्षेत्र से 350/450 बच्चे पास करते हैं और यहां उच्च विद्यालय न होने के कारण यहां के बच्चे के जो भविष्य खराब हो रहें हैं सिर्फ और सिर्फ जिला प्रशासन की लापरवाही है। आलम ने कहा उच्च विद्यालय संचालित को लेकर जिला प्रशासन से लगातार 4 वर्ष से उत्क्रमित उच्च विद्यालय लालबथानी को स्थांतरित को लेकर जिला प्रशासन को लगातार ज्ञापन देने के बाद भी अब तक स्थांतरित नहीं हुआ। वहीं कौसर आलम ने कहा कि क्या यहां के बच्चे उच्च शिक्षा से वंचित रह जायें आखिर क्षेत्र से भेदभाव क्यों, न कोई प्रतिनिधि, न सांसद, न विधायक, न जिला प्रशासन, न पंचायत के प्रतिनिधि इन लोगों को भी यहां के इन मासूम बच्चों से कोई मतलब नहीं है लेकिन जब जब युवा जगती है तो सत्ता भी पलट देती ये तो स्कूल है वह भी अपने क्षेत्र का हम कोई भीख नहीं मांग रहीं हैं अपने अधिकार मांग रहे हैं। कौसर आलम ने ये भी कहा हम अपने अधिकार लेके रहेंगे, जिला प्रशासन इस बात को कान में भर ले हम अपने अधिकार मांग रहे हैं कोई भीख नहीं। वहीं इरफान ने कहा ये लड़ाई लालबथानी हाई स्कूल की लड़ाई है और हमलोग हमारा स्कूल स्थानांतरित करवा के रहेंगे। वहीं मुख्तार अहमद ने कहा आंधी आयें या न आये तूफान, संघर्ष की आग सुलगायें रखना हार नहीं मानना डटे रहना, जीत की प्यास जगाएं रखना और ये भी कहा हमें हमारा अधिकार चाहिए।

## पूर्व सांसद और पूर्व विधायक बेसरा आग में घी डालने कि काम ना करें : कृतिवास मंडल

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**रामगढ़/रजरप्पा :** पूर्व सांसद शैलेंद्र महतो और पूर्व विधायक सूर्य सिंह बेसरा का उस बयान का कड़ी निंदा करते हुए राष्ट्रीय सुढी समाज के केन्द्रीय अध्यक्ष कृतिवास मंडल ने कहा कि झारखंड अलग राज्य की लडाई में कुम्हार कमार गोप तेली सुंडी वैष्णव तांती के साथ साथ तमाम आदिवासी समाज दलित समाज और मुस्लिम समाज के लोगो ने भी झारखंड अलग राज्य की लडाई में अपनी शहादत तक दे दिया लेकिन पूर्व सांसद शैलेंद्र महतो और पूर्व विधायक सूर्य सिंह बेसरा ने जानबूझकर अपमानित करने के लिए नाम नहीं लिया गया है और ऐसा गलत बयान देकर झारखंड के आदिवासी और मूलवासी समाज के लोगो के बीच नफरत फैलाने के साथ साथ आग में घी डालने का काम किया जा रहा है जो कि आदिवासी और मूलवासी समाज अब कताई बर्दास्त नहीं करेगी। कृतिवास मंडल ने कहा कि पूर्व सांसद शैलेंद्र महतो अपनी निजी स्वार्थ के लिए इस तरह के बयान दे रहे हैं और पूर्व



विधायक सूर्य सिंह बेसरा अगर मूलवासी और आदिवासी समाज को एक सूत्र में बांध नहीं सकते हैं तो आदिवासी समाज और मूलवासी समाज में खाई पैदा करने का काम नहीं करें मूलवासी समाज के द्वारा झारखंड अलग राज्य की लडाई में दी गई योगदान की सच्चाई और तथ्यों को झूठलाने की प्रयास सूर्य सिंह बेसरा और शैलेन्द्र महतो के द्वारा नहीं किया जाय श्री मंडल ने ये भी कहा कि पूर्व सांसद शैलेंद्र महतो और पूर्व विधायक सूर्य सिंह बेसरा झारखंड के सम्मानित नेता हैं और झारखडीयो ने शैलेंद्र महतो को संसद और सूर्य सिंह बेसरा को विधानसभा चुनकर भेजने का काम भी किया था।

## रामगढ़ में कपाट खुलते ही उमड़ी श्रद्धालुओं की भीड़



प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**बरकाकाना (रामगढ़):** क्षेत्र के विभिन्न पंडालों में स्थापित माता रानी के पूजा अर्चना किए जाने को लेकर पंडालों का उद्घाटन किया गया। जिला के बहुचर्चित दुर्गा पूजा नया नगर बरकाकाना पूजा पंडाल का केंद्रीय कार्यशाला बरकाकाना के महाप्रबंधक संजय कुमार सपरिवार शामिल हुए। महाप्रबंधक स परिवारद्वारा विधिवत्त पूजा अर्चना करते हुए फीता काटकर व नारियल फोड़कर किया गया। इसके साथ ही मेला का भी उद्घाटन किया गया। मेले के उद्घाटन होते हैं जहां श्रद्धालुओं की भीड़ विभिन्न झूला का आनंद लेते हुए देखा गया। माता रानी के कपाट खुलते ही श्रद्धालुओं द्वारा पूजा अर्चना कर अपने घर परिवार के सुख समृद्धि की कामना किया गया। इस दौरान मुख्य अतिथि द्वारा लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि पूजा शांति व हर्षोल्लास के माहौल में मनाया जाए। जिला पुलिस व प्रशासन श्रद्धालुओं की सुरक्षा के लिए हर स्थान पर तैनात हैं। इसके साथ ही श्रद्धालु 50 सीसीटीवी कैमरा, दो ड्रोन वशीकरण पुलिसकर्मी के सुरक्षा घेरा में होंगे। इस बार पूजा पंडाल में सफेद वेशभूषा में जिला पुलिस के महिला जवान तैनात रहेंगे। बरकाकाना ओपी प्रभारी उमाशंकर वर्मा द्वारा विभिन्न स्थानों में सुरक्षा व्यवस्था पुस्तक कर ली गई।

### महिला श्रद्धालुओं ने डांडिया के माध्यम से मां दुर्गा की विशेष आराधना की



**रामगढ़ :** जिले के एक निजी सभागार में विते तीन दिनों से लगातार नवरात्रि को लेकर डांडिया नृत्य के रूप में मां दुर्गा की विशेष आराधना की जा रही है। मां की इस आराधना में सैकड़ो की संख्या में रांची हजारीबाग रामगढ़ एवं बोकारो के महिला श्रद्धालुओं ने हिस्सा लिया। हालांकि इस नि:शुल्क डांडिया नृत्य में प्रशासन के द्वारा सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए गए थे। डांडिया के इस आयोजन में अच्छे प्रदर्शन करने वाले बच्ची एवं युवतियों को पुरस्कार से भी नवाजा गया। पिछले वर्ष की विनर रहने वाली एक बच्ची ने बताया कि यहां निशुल्क डांडिया का आयोजन होता है जिसमें हम लोग खुलकर नृत्य करते हैं गुजरात का डांडिया अब झारखंड में भी धीरे-धीरे लोकप्रिय होते जा रहा है इसके माध्यम से हम मां दुर्गा की आराधना करते हैं। इस बारे में डांडिया कार्यक्रम के आयोजक बताते हैं कि विगत कई वर्षो से लगातार हम लोग नि:शुल्क डांडिया का आयोजन करते आ रहे हैं, इस आयोजन में रांची हजारीबाग बोकारो रामगढ़ के अलावा ग्रामीण क्षेत्र के साथ पूरे कोयलांचल की बच्चियां और महिलाएं हिस्सा ले रही हैं, यह कार्यक्रम मां के भावना के प्रति अपनी आस्था व्यक्त करने का एक साधन है।

### भक्तों के लिए खुला मां दुर्गा का पट, कालरात्रि स्वरूप की हुई पूजा अर्चना



**साहिबगंज :** भक्तों के लिए मां दुर्गा का पट सोमवार अहले सुबह खुल गया। पट खुलते ही भक्तों की भीड़ मां दुर्गा का दर्शन पूजन करने पूजा पंडाल पहुंचने लगी। सप्तमी के पावन अवसर पर सुबह शहर सहित जिला के दुर्गा मंदिरो व पूजा पंडाल से नव पत्रिका रूपी नवदुर्गा व कलश यात्रा ढोल नगाड़ा गाजे बाजे के साथ निकलकर स्थानीय गंगा तट व सरोवर पहुंचा। जहां नव पत्रिका रूपी नवदुर्गा स्नान श्रृंगार पूजन आरती करके कलश में जल भरकर मंदिर पहुंचा। मंदिर में वैदिक मंत्रोचारण के साथ विधिवत रूप से मां दुर्गा का सप्तमी स्वरूप मां कालरात्रि की पूजा अर्चना, मां दुर्गा का सवाहन सपरिवार स्नान पूजन भोग बलि आरती किया गया। वही आज शहर सहित जिला भर में महा अष्टमी मनाया जाएगा। अगले सुबह से ही दुर्गा मंदिर में श्रद्धालुओं की भीड़ पूजन करने उमड़ेगी। दुर्गा पूजा को लेकर सभी पूजा पंडालों व संवेदनशील क्षेत्रों में मजिस्ट्रेड व पुलिस बल की तैनाती की गई है।

## संक्षिप्त खबरें

### जिले सहित केरसई में मां दुर्गा का पट खुला, दर्शन के लिए पहुंच रहे श्रद्धालु



**केरसई:** प्रखंड में पूजा पंडाल के पट सोमवार को भक्तों के लिए खोल दिए गए। जहां मां ने भक्तों को दर्शन दिए। पट खुलते ही माता के भक्त मंडप की ओर चल पड़े। पंडाल में ध्वनि यंत्रों से बज रहे मां भगवती के गीतों से क्षेत्र भक्तिमय हो चुका है। भक्तों ने विधि-विधानपूर्वक पूजन कर माता से सुख, शांति, समृद्धि की याचना की। इधर पंडालों की आकर्षक सजावट, लाईटिंग और माता सहित देवी-देवताओं की प्रतिमाएं भक्तों को मंत्र मुग्ध कर रही है। केरसई में दुगार्पूजा के मौके पर कई कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है।

### सिमडेगा : मैसी ट्रैक्टर शोरूम का उद्घाटन, किसानों को मिलेगा लाभ



**सिमडेगा :** इंटरप्राइजेज का उदघाटन मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित उपायुक्त कंचन सिंह ने फीता काट कर एवं दीप प्रज्वलित कर किया। इस मौके पर विशिष्ट अतिथि के रूप में एसडीओ प्रभात रंजन ज्ञानी, चेंबर ऑफ कॉमर्स के अध्यक्ष मोती लाल अग्रवाल, सांसद प्रतिनिधि सत्येंद्र रोहिल्ला आदि उपस्थित थे। लोगों को संबोधित करते हुए डीसी ने कहा जिले में मैसी ट्रैक्टर के शॉ रुम खुलने से किसानों को लाभ मिलेगा उन्हें खेती में सहायता मिलेगी तथा कृषि को बढ़ावा मिलेगा। उन्होंने कहा कि मैसी ट्रैक्टर का शो रूम खुलना सिमडेगा के लिए बड़ी बात है। कार्यक्रम से पूर्व अतिथियों का स्वागत छोटा नागपुरी लोक संगीत नृत्य प्रशिक्षण केंद्र सिमडेगा के निदेशक सत्यव्रत ठाकुर के नेतृत्व में पारंपरिक गीत संगीत और नृत्य के द्वारा किया गया। कार्यकम में जगदम्बा इंटरप्राइजेज के प्रोपराइटर नीरज कुमार व निशांत कुमार ने बताया कि सिमडेगा जिला में टैफे मैसी फर्गुशन ट्रैक्टर का यह पहला शॉ रुम होगा। जहां मैसी ट्रैक्टर ग्राहकों के लिए उपलब्ध रहेगा। जिले वासी गुणवत्ता युक्त ट्रैक्टर आसानी से आसान किस्तों में बैंक से फाइनेंस करा सकते हैं। कार्यक्रम में मैसी कंपनी के क्षेत्रीय प्रबंधक सेल्स मोहित बिश्नोई, एरिया मैनेजर सर्विस विभव किशोर सिंह. मैनेजर शेष रंजन प्रोपराइटर नीरज कुमार, पंकज कुमार, निशांत कुमार, शो रुम के मैनेजर भागीरथ ठाकुर एवं अन्य लोग उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन पार्वती शर्मा इंटर महिला कॉलेज के प्राचार्य सत्त्यव्रत ठाकुर ने किया। वहीं धन्यवाद ज्ञापन मोहित बिश्नोई के द्वारा किया गया।

### रजरप्पा मंदिर में उमड़ा श्रद्धालुओं का जनसैलाब, फूलों से सजी मां कालरात्रि की आराधना



**रामगढ़ :** जिले के रजरप्पा स्थित मां छिन्नमस्तिके सिद्ध पीठ में आज शारदीय नवरात्र को लेकर मां कालरात्रि की विशेष पूजा आराधना की जा रही है। इसे लेकर आज सुबह से ही भक्तों का जन सैलाब उमड़ पड़ा है। इस अवसर पर सभी श्रद्धालुओं के लिए मंदिर के पट भी पूजा अर्चना के लिए खोल दिए गए हैं। पुरे मंदिर सहित माता के गर्भ गृह को विशेष फूलों से सज्जा की गई है। कोलकाता से आए एक दर्जन कारीगरों के झुंड ने पूरे मंदिर को करीब 500 किलो फूलों से सजाया है जो आकर्षण का केंद्र बना हुआ है। पूरे नवरात्र के दौरान मां के अलग-अलग रूप की पूजा के समय उन्हें अलग-अलग प्रकार की भोग भी चढ़ाई जाती है जैसे आज माँ काल रात्रि को गुड चढ़ाया जाता है जो काफी फलदाई होता है। इस क्रम में काफी दूर दराज से आने वाले साधम भी हवन करते हुए देखे जा सकते हैं। इस मौके पर मंदिर न्यास समिति के प्रमुख पुजारी सुबोध पंडा बताते हैं कि मां कालरात्रि का रूप उग्र होता है लेकिन वे अपने भक्तों पर कृपा बरसाती हैं । मंदिर में पूजा करने आई एक महिला श्रद्धालु बताती हैं कि यहां जो भी मन्नत दिल से मांगी जाती है उसे माँ पूरा करती हैं आज मैंने दोबारा फिर से एक मन्नत मांगा है कि माताजी सबको स्वस्थ रखें और राज्य को खुशहाल रखें । मूल रूप से गुजरात के पोरबंदर में रहने वाली एक महिला श्रद्धालु जिनका ससुराल हजारीबाग में है आज पूजा के बाद उन्होंने मां की महिमा का बखान करते हुए कहा कि मां की शक्ति अपरंपार है मैं साल में दो-तीन बार आती हूं लेकिन इस बार पहली बार ऐसा है जो मां का दर्शन बहुत ही अच्छे तरीके से हुआ है वैसे भगवान सब जानते हैं हम तो बस निमित्त मात्र हैं फिर भी हमने सब की सलामती की दुआ मांगी है।

### 26 वर्ष पुराना मुख्य टीकर पुल हुआ जर्जर , हादसे को दे रहा आमंत्रण



**ईचागढ़ :** ईचागढ़ प्रखंड क्षेत्र के सबसे पहला पुल और क्षेत्र का लाइफ लाइन माने जाने वाले सिल्ली रांगामाटी सड़क पर करकरी नदी का टीकर पुल काफी जर्जर हो गया है। इस पुल से सैकड़ों भारी वाहन जमशेदपुर, रांची, रामगढ़, हजारीबाग व धनबाद जैसे शहरों आवाजाही करते हैं। पुल के ऊपर बड़े बड़े गढ्ढ बन गए हैं। वाहन चालक जान को हथेली में लेकर इस पुल से वाहन को पार करते हैं। आपको बता दूं कि संयुक्त बिहार में तत्कालीन विधायक अरविंद कुमार सिंह के कार्यकाल में ईचागढ क्षेत्र का यह पुल निर्माण कराया गया था एवं बिहार सरकार के कविना मंत्री अब्दुल बारी सिद्दीकी,सांसद राम टहल चौधरी एवं विधायक अरविंद कुमार सिंह ने उद्घाटन किया था। पुल बनने के 26 वर्षों के बाद एक बार भी मरम्मती नही कराया गया है। ग्रामीण बताते हैं कि तत्कालीन विधायक के प्रयास से तीन चार फंड को मिलाकर पुल का निर्माण कराया गया था। वहीं विधायक के द्वारा ग्रेड वन रास्ता का निर्माण कर 1999 से मिलन चौक तक 407 सवारी वाहन का यातायात प्रारंभ हुआ था। लोगों ने विभाग से पुल का तत्काल मरम्मती व उच्च स्तरीय नया पुल निर्माण कराने का मांग किया है।

# नैनीताल की सुरक्षा के प्रति गंभीर नहीं है सरकार

कहावत है कि 'घर में बारात आने के बाद पानी के लिए कुआं खोदना।' यानी अदूरदर्शी और तदर्थवादी सोच। घर में बारात आने के बाद पानी के लिए कुआँ खोदने का उपक्रम होगा तो इस स्थिति में अफरा- तफरी होना स्वाभाविक है। हमारी सरकारें और सरकारी मशीनरी घर में बारात आने के बाद ही कुआं खोदने की अभ्यस्त होती चली जा रही है। सरकार संभावित समस्याओं से बचने के लिए अग्रिम सुरक्षा उपायों को अमल में लाने के बजाय समस्या के मुंह बाए खड़े हो जाने के बाद ही समस्याओं से निपटने के उपाय खोजने की आदी हो गई है। संबंधित सरकारी विभागों को भी ऐसी आपाधापी रास आने लगी है। पिछले पखवाड़े नैनीताल की निचली मालरोड में हुए भू-धंसाव के बाद पूरी सरकारी मशीनरी यकायक चौकन्नी हो गई। उच्च अधिकारियों के स्थलीय भ्रमण और निरीक्षण का सिलसिला प्रारंभ हो गया, लेकिन नैनीताल की अति संवेदनशील पहाड़ियों में हो रही भू-गर्भीय प्रक्रियाओं को जानने-समझने के लिए ब्रिटिश शासनकाल में निर्मित ऑब्जर्वेटरी और ऑब्जर्वेशन पिलरों की सुध लेने की किसी ने भी आवश्यकता नहीं समझी। आज से करीब एक सौ बयासी साल पहले करीब आधा दर्जन प्रकृति प्रेमी अंग्रेजों ने भारत में नैनीताल नाम के एक नए हिल स्टेशन को बसाना प्रारंभ किया। उन्हें नैनीताल की भौगोलिक बनावट, सुंदरता और आबोहवा अपने वतन जैसी लगी। उन्होंने अपने ऐशगाह के रूप में नैनीताल को बसाया। अंग्रेजों ने वह सब व्यवस्थाएं सुनिश्चित कीं, जिससे यहां की आबोहवा, खूबसूरती और सुरक्षा बनी रहे। ब्रिटिश हुक्मरानों ने नैनीताल में अधिसंरचनात्मक सुविधाओं के विस्तार के साथ-साथ वैज्ञानिक पद्धतियों से संरक्षणात्मक उपाय भी किए। 1947 में देश साम्राज्यवादी जकड़न से स्वतंत्र हुआ। अंग्रेज अपने वतन लौट गए। अंग्रेज यहां की पहाड़ियों के नाजुक मिजाज से वाकिफ थे। उन्होंने नैनीताल की कमजोर पहाड़ियों को भू-स्खलन से सुरक्षित रखने के लिए एक विस्तृत एवं नायाब नाला तंत्र विकसित किया। भूकंप और भारी वर्षा के कारण भू-धंसाव, पहाड़ियों में बदलावों, हलचलों, दरारों और पत्थर गिरने आदि प्राकृतिक गतिविधियों पर निगरानी रखने के लिए ऑब्जर्वेशन पिलर और ऑब्जर्वेटरियां बनाई। आज इन ऑब्जर्वेशन पिलरों और ऑब्जर्वेटरियों का कोई पुरसहाल नहीं है। इन ऑब्जर्वेशन पिलरों और ऑब्जर्वेटरियों को पुनर्स्थापित करने की जरूरत नहीं समझी जा रही है। ब्रिटिश काल में बने ऑब्जर्वेशन पिलरों और ऑब्जर्वेटरियों को आधुनिक तकनीक के साथ पुनर्स्थापित करने का प्रस्ताव पिछले कई वर्षों से उत्तराखंड शासन में धूल चाट रहा है। 15 जुलाई, 1892 को नॉर्थ वेस्टर्न प्रोविंसेस एंड अवध की सरकार द्वारा जारी शासनादेश संख्या-सी.1835 (बी.आर.) के तहत नैनीताल की पहाड़ियों में संभावित भू-गर्भिक हलचलों पर नजर रखने के लिए ऑब्जर्वेशन पिलर बनाने के आदेश दिए गए थे। इस आदेश के बाद नैनीताल नगर में प्रत्येक एक हजार फीट की दूरी में 84 से अधिक ऑब्जर्वेशन पिलर बनाए गए थे। दो नाप के पिलरों का निर्माण किया गया था। कुछ ऑब्जर्वेशन पिलर दो फीट चौड़े और दो फीट ऊंचे बने थे। जबकि कुछ पिलर चार फीट चौड़े और चार फीट ऊंचे थे। इन सभी पिलरों को सफेद रंग से रंगा जाता था। इसके अलावा ब्लीक हाउस, चड़ता हिल, जसमंडविला और टांकी में ऑब्जर्वेटरियां बनाई गई थीं। अंग्रेजों के समय प्रत्येक वर्ष एक जून से 15 अक्टूबर तक ऑब्जर्वेशन पिलरों की नियमित जांच की जाती थी। चूंकि भू-स्खलन के लिहाज से शेर-का- डांडा, नैना पीक, मनोरा क्षेत्र एवं कैलाखान की पहाड़ियां और राजभवन के पीछे के दक्षिणी ढलान को प्रारंभ से ही संवेदनशील माना जाता रहा है, इसलिए ब्लीक हाउस और चड़ता हिल पहाड़ी में अवस्थित पिलरों की प्रतिदिन जांच की जाती थी। बरसात के दिनों में शेर-का- डांडा , कैलाखान और डिपो रोड (नैनीताल-भवाली मोटर मार्ग) का प्रतिदिन मुआयना करना अनिवार्य था। एक पखवाड़े में एक बार सभी पिलरों की जांच किया जाना अनिवार्य था।

## सूडोकु नवताल- 7568

✶✫✫✫✫ सरल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 3 | 9 | | | 1 | 4 | | | 2 |
| 1 | 2 | | 6 | | 3 | | 5 | |
| | | 5 | | 8 | 7 | | | 9 |
| | 7 | | | 6 | 9 | | | 8 |
| 2 | 1 | | | 5 | | | 4 | 6 |
| 4 | | | 3 | 2 | | | 9 | |
| 9 | | | 8 | 4 | | 5 | | |
| | 6 | | 9 | | 5 | | 2 | 4 |
| 8 | | | 1 | 7 | | | 6 | 3 |

Jagrutidaur.com, Bangalore

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते .
- पहेली का केवल एक ही हल है.

### सूडोकु नवताल -7567 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 6 | 9 | 2 | 3 | 7 | 4 | 5 | 8 | 1 |
| 3 | 8 | 5 | 6 | 2 | 1 | 7 | 4 | 9 |
| 7 | 4 | 1 | 8 | 9 | 5 | 6 | 2 | 3 |
| 2 | 3 | 9 | 5 | 4 | 6 | 8 | 1 | 7 |
| 1 | 7 | 4 | 9 | 8 | 3 | 2 | 6 | 5 |
| 5 | 6 | 8 | 7 | 1 | 2 | 9 | 3 | 4 |
| 4 | 5 | 7 | 1 | 6 | 8 | 3 | 9 | 2 |
| 8 | 2 | 3 | 4 | 5 | 9 | 1 | 7 | 6 |
| 9 | 1 | 6 | 2 | 3 | 7 | 4 | 5 | 8 |

# भीड़ हादसों और त्रासदियों का सिलसिला कब थमेगा?

**ललित गर्ग**

तमिलनाडु के करूर में तमिलगा वेट्री कषगम (टीवीके) प्रमुख और सुपर अभिनेता से नेता बने विजय की चुनावी रैली के दौरान मची भगदड़ दुर्भाग्यपूर्ण होने के साथ स्तब्ध करने एवं पीड़ा देने वाली भी है। विजय की रैली में एक बार फिर भीड़ की बेकाबू उन्मत्तता ने 40 मासूम जिंदगियों को निगल लिया। सवाल उठता है कि आखिर कब तक ऐसी त्रासदियां हमारे समाज और शासन की नाकामी को उजागर करती रहेंगी? क्यों हमारी व्यवस्थाएं भीड़ को नियंत्रित करने में बार-बार विफल होती हैं और क्यों राजनीतिक दल, धार्मिक आयोजक, सिनेमा स्टार या अन्य तथाकथित 'सेलिब्रिटी' भीड़ के जमावड़े को सफलता का पैमाना मानकर उसे उकसाते हैं? भगदड़ में लोगों की जो दुखद मृत्यु हुई, यह राज्य एवं टीवीके प्रायोजित एवं प्रोत्साहित हत्या है। पुलिस का बंदोबस्त कहां था? चीख, पुकार और दर्द और अभिनेता से नेता बने विजय को देखने की दीवानगी एक ऐसा दर्दनाक एवं खौफनाक वाकया है जो सुदीर्घ काल तक पीड़ित और परेशान करेगा। प्रशासन की लापरवाही, अत्यधिक भीड़ और अव्यवस्थित प्रबंधन ने इस त्रासदी को जन्म दिया। यह घटना कोई अपवाद नहीं है, बल्कि हाल के वर्षों में दुनिया भर में सामने आई ऐसी घटनाओं की कड़ी का नया खौफनाक एवं दर्दनाक मामला है, जहाँ भीड़ नियंत्रण में चूक एवं प्रशासन, सत्ता एवं राजनीतिक दलों का जनता के प्रति उदासीनता का गंभीर परिणाम एवं त्रासदी का ज्वलंत उदाहरण है।

अभिनेता विजय की चमक में प्रशंसकों की चीखें एवं आहें का होना और उसे नजरअंदाज करना, अमानवीयता की चरम पराकाष्ठा है। दुर्घटना होने एवं आम लोगों की मौतें दुखद एवं शर्मनाक है। इस राज्य में दशकों से विशाल राजनीतिक सभाओं की संस्कृति रही है, जिसे फिल्म और राजनीति के मेल ने पोषित किया है। सीएन अन्नादुरई, एमजी रामचंद्रन और जयललिता, सभी मुख्यमंत्री बनने से पहले फिल्मी सितारे थे। उनकी रैलियों में अक्सर लाखों लोग आते थे। स्टार पावर और राजनीति का मेल अधिकारियों के लिए भीड़ को नियंत्रित रखना मुश्किल बना देता है। तमिलनाडु में अभिनेता से राजनेता बने विजय की पार्टी टीवीके अभी प्रारंभिक अवस्था में है, लेकिन इसकी रैलियों में प्रशंसकों की अहमियत को कमतर आंकने के इस दुर्भाग्यपूर्ण घटनाक्रम ने न केवल राजनेताओं को बल्कि सिने स्टार को भी दागी किया है। घटना ने एक बार फिर हमारे अवैज्ञानिक व लाठी भांजने वाले भीड़ प्रबंधन की ही पोल खोली है।

करीब तीन महीने पहले जून में बंगलूरू में आरसीबी की आईपीएल जीत के जश्न के दौरान मची भगदड़ में भी करीब एक दर्जन लोग मारे गए थे। हालांकि, शनिवार रात करूर में उमड़ी भीड़ किसी राजनीति जमावड़े से अधिक अपने सुपरस्टार को करीब से देखने के लिए बेताब प्रशंसकों की थी। इसी उन्माद में, जब एक पेड़ की डाली पर चढ़े कुछ समर्थक अभिनेता की प्रचार गाड़ी के पीछे खड़े लोगों पर गिर पड़े, तो दहशत फैल गई और रैली एक हादसे में बदल गई। इसी में करीब 40 लोगों के मरने और कइयों के घायल होने की खबरें हैं। तमिलनाडु में, 2026 में चुनाव होने हैं और टीवीके बेशक मैदान में उतरने की घोषणा कर चुकी हो, लेकिन दुर्घटना के बाद विजय जिस तरह से जल्दबाजी में चार्टर्ड फ्लाइट से चेन्नई चले गए, उससे यही साबित होता है कि अभी उन्हें राजनीति के कई सबक एवं राजनीतिक मूल्यों को सीखने हैं। क्योंकि आखिर वह अपनी जिम्मेदारी से कैसे बच सकते हैं? टीवीके ने तीस हजार लोगों की अनुमति ली थी और इसी हिसाब से पुलिस की तैनाती भी हुई थी। लेकिन शाम होते-होते इसके दोगुने लोग अभिनेता की एक झलक पाने को मौजूद थे।

निश्चित ही भीड़ कोई संगठित चेतन शक्ति नहीं होती, यह एक उन्मादी प्रवाह है जिसमें व्यक्ति की सोच, विवेक और संवेदना विलीन हो जाती है। भीड़ के सामने व्यक्ति का आत्मनियंत्रण टूट जाता है और वह हिंसक, अनुशासनहीन और खतरनाक रूप ले लेती है। यही कारण है कि क्रिकेट मैच से लेकर राजनीतिक रैली, धार्मिक आयोजन और फिल्मी सितारों की झलक तक, हर जगह भीड़ का जुनून कई बार मौत का तांडव बन जाता है। इतिहास गवाह है कि भीड़ की हिंसा ने न केवल जानें ली हैं, बल्कि सामाजिक ताने-बाने को भी चोट पहुंचाई है। 1984 के सिख विरोधी दंगे, 1992 का बाबरी मस्जिद प्रकरण, गुजरात हिंसा, धार्मिक जुलूसों में भगदड़ या तीर्थयात्राओं में दबकर मरने वाले सैकड़ों लोग-इन सबकी जड़ में 'भीड़' है। भीड़ के भीतर छिपा हुआ सामूहिक उन्माद किसी भी क्षण हिंसा, लूट और तबाही में बदल जाता है।

भारत में भीड़ से जुड़े हादसे अनेक आम लोगों के जीवन का ग्रास बनते रहे हैं। धार्मिक आयोजनों हो या खेल प्रतियोगिता, राजनीतिक रैली हो या सांस्कृतिक उत्सव लाखों लोगों को आकर्षित करते हैं, जहाँ भीड़ प्रबंधन की मामूली चूक भयावह त्रासदी में बदलते हुए देखी जाती रही है। उदाहरण के लिये, वर्ष 2022 में दक्षिण कोरिया के इटावन हैलोवीन समारोह में अत्यधिक भीड़ के कारण 150 से अधिक लोगों की जान चली गई थी। इसी तरह, वर्ष 2015 में मक्का में हज के दौरान मची भगदड़ में सैकड़ों लोगों की मौत हो गई थी। वर्ष 2013 में मध्य प्रदेश के रत्नागढ़ मंदिर में ढाँचागत कमियों से प्रेरित भगदड़ के कारण 115 लोगों की मौत हो गई थी। हालही में महाकुंभ के दौरान नई दिल्ली रेल्वे स्टेशन एवं प्रयागराज में हुए हादसे एवं हरिद्वार के प्रसिद्ध मनसा देवी मंदिर में बिजली का तार टूटने और करंट फैलने की एक अफवाह ने कई जानें ले लीं, जिसने धार्मिक स्थलों पर भीड़ प्रबंधन की गंभीर खामियों को उजागर कर दिया है। आग, भूकंप, या आतंकी हमलों जैसी आपातकालीन स्थितियाँ में भी भीड़ प्रबंधन की पौल खुलती रही है। आखिर दुनिया के सर्वाधिक जनसंख्या वाले देश में हम भीड़ प्रबंधन को लेकर इतने उदासीन क्यों है? बड़े आयोजनों-भीड़ के आयोजनों में भीड़ बाधाओं को दूर करने के लिए, भीड़ प्रबंधन के लिए बुनियादी ढांचे में सुधार, सुरक्षाकर्मियों को पर्याप्त प्रशिक्षण प्रदान करना, जन जागरूकता बढ़ाना और आधुनिक तकनीकों का उपयोग करना अब नितान्त आवश्यक है।

विजय और उनके समर्थक कुछ भी कहें, वे अपनी जवाबदेही से बच नहीं सकते। इसलिए और नहीं बच सकते, क्योंकि उन्होंने अपनी रैली में आने वाले लोगों की संख्या के बारे में भी कोई सही जानकारी नहीं दी थी। बहुत संभव है कि इसके चलते पुलिस ने भी पर्याप्त व्यवस्था न की हो। तमिलनाडु में सेलेब्रिटी स्टेटस वाले लोगों के प्रति दीवानगी कुछ ज्यादा ही है। सबसे बड़ी विडंबना यह है कि हर त्रासदी के बाद सरकारें और पुलिस प्रशासन सिर्फ 'जांच समिति' और 'मुआवजा' देने की घोषणा करके अपने कर्तव्य से मुक्त हो जाते हैं। न तो कोई ठोस नीतियां बनती हैं, न ही आयोजकों पर कठोर जिम्मेदारी तय की जाती है। आयोजकों की लापरवाही और प्रशासन की ढिलाई इन घटनाओं की सबसे बड़ी वजह हैं। यदि समय रहते सुरक्षा प्रबंधन और भीड़ नियंत्रण की सख्त व्यवस्था हो, तो ऐसी भयावह स्थितियों को टाला जा सकता है। भीड़ की त्रासदी केवल प्रशासनिक विफलता का परिणाम नहीं है, बल्कि यह हमारे सामाजिक मनोविज्ञान का भी प्रतिबिंब है। आमजन की 'हीरो-दीवानगी' और अंधभक्ति किसी भी भीड़ को अनियंत्रित बना देती है। जब तक नागरिक चेतना में संयम और विवेक नहीं आएगा, तब तक भीड़ केवल संख्या का खेल बनी रहेगी और उसका परिणाम विनाशकारी होता रहेगा। अब वक्त आ गया है कि सरकारें भीड़ प्रबंधन को 'राष्ट्रीय सुरक्षा एजेंडा' में शामिल करें। राजनीतिक दलों, धार्मिक आयोजकों और सिनेमा जगत को भीड़ जुटाने की प्रवृत्ति पर पुनर्विचार करना होगा। यह ठीक है कि करूर की घटना पर सभी ने शोक संवेदना व्यक्त की, लेकिन यदि इस घटना से कोई ठोस सबक नहीं सीखा जाता तो इन संवेदनाओं का कोई मूल्य नहीं, बल्कि ये खोखली दिखावा मात्र हैं। इसलिए यह जरूरी है कि भीड़ की हिंसा और त्रासदी को केवल 'संयोग' न माना जाए, बल्कि उसे रोकने के लिए गंभीर कदम उठाए जाएं। अन्यथा यह सिलसिला न केवल जारी रहेगा, बल्कि हर बार अधिक भयावह होता जाएगा। आखिर इतने लोगों की मौत की जिम्मेदारी तय होनी चाहिए और दोषी लोगों को कड़ा दण्ड दिया जाना चाहिए।

# राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की शताब्दीः सेवा, समरसता और पुनरुत्थान का संकल्प

**डॉ. मयंक चतुर्वेदी**

राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) सौ वर्ष पूरे कर रहा है। 1925 में डॉ. केशव बलिराम हेडगेवार ने इसकी नींव रखी थी। सवाल यह है कि इस संगठन ने भारत के समाज, राजनीति और संस्कृति को क्या दिया और अगले सौ वर्षों में इसकी भूमिका क्या होगी? आलोचक इसे संकीर्ण विचारधारा का संगठन कहते रहे हैं, किंतु समर्थक इसे भारत के सबसे बड़े स्वयंसेवी नेटवर्क के रूप में देखते हैं। तथ्य यह है कि आंकड़े और घटनाएं इसकी व्यापक उपस्थिति और प्रभाव की गवाही देते हैं।

सेवा के आंकड़े और अनुभवः आरएसएस की ताकत उसकी सेवा-परंपरा में दिखती है। कोविड-19 महामारी के दौरान सेवा भारती और संघ के स्वयंसेवकों ने 118 कोविड देखभाल केंद्र और 287 आइसोलेशन केंद्र चलाए। 4,193 प्लाज्मा दान की सुविधा दी गई और हेल्पलाइन पर 88 हजार से अधिक कॉल संभाले गए। 92,656 सेवा स्थलों से 73 लाख राशन किट, 45 लाख भोजन पैकेट और 90 लाख मास्क वितरित हुए। क्या ये महज आँकड़े हैं या यह उस संगठन की क्षमता का प्रमाण है जो बिना सरकारी ढांचे के भी लाखों लोगों तक पहुंच बना सकता है?

देखा जाए तो यह सेवा केवल कोविड तक सीमित नहीं रही। 1947 में विभाजन के समय शरणार्थी शिविरों में मदद, 1962 और 1971 के युद्धों के दौरान सहयोग, 1984 के दंगों में सिखों को शरण और 2001 के गुजरात भूकंप में पुनर्निर्माण का समय क?यों न रहा हो, ये सभी उदाहरण बताते हैं कि संघ संकट की घड़ी में मौन रहकर काम करता है। यही कारण है कि आलोचना के बीच भी समाज के बड़े हिस्से में उसे भरोसे की नजर से देखा जाता है।

संगठन का फैलावः मार्च 2025 तक संघ की शाखाओं की संख्या 83 हजार से अधिक हो चुकी है। इनमें 52 हजार दैनिक और 22 हजार साप्ताहिक शाखाएं शामिल हैं। एक वर्ष में शाखाओं की संख्या में 10 हजार की वृद्धि दर्ज हुई है। यह निश ?चित तौर पर संगठनात्मक रूप से सामाजिक आधार की मजबूती का संकेत है।

शताब्दी और पंच परिवर्तनः संघ ने अपनी शताब्दी पर 'पंच परिवर्तन' का आह्वान किया है, सामाजिक समरसता, कुटुंब प्रबोधन, पर्यावरण चेतना, स्व और कर्तव्य बोध। सवाल यह है कि क्या ये पांच सूत्र केवल आंतरिक नारे हैं या इन्हें समाज के व्यापक विमर्श में बदलने की क्षमता संघ के पास है? सामाजिक समरसता पर संघ की पहल ध्यान देने योग्य है। अनुसूचित जाति एवं जनजाति और वंचितों के लिए मंदिर प्रवेश अभियान, हाशिए के वर्गों से पुजारियों का प्रशिक्षण, एकल विद्यालयों के जरिए अजजा बच्चों की शिक्षा ये प्रयास दिखाते हैं कि संघ जातिगत विभाजन के मुद्दे को केवल बहस में नहीं, व्यवहार में भी संबोधित करने की कोशिश कर रहा है।

जाति विमर्श और ऐतिहासिक संदर्भः आरएसएस बार-बार कहता रहा है कि जाति व्यवस्था जन्म आधारित नहीं, बल्कि गुण और कर्म आधारित थी। भगवद्गीता का हवाला दिया जाता है कि समाज का विभाजन कर्म और स्वभाव से हुआ था। सवाल उठता है कि अगर यह परंपरा इतनी समानतामूलक थी तो समाज में जातिगत भेदभाव क्यों कायम हुआ? संघ का तर्क है कि औपनिवेशिक शासन ने जनगणना और 'मार्शल रेस' जैसी अवधारणाओं से जातियों को कठोर बनाया। अंग्रेजों ने प्रशासनिक सुविधा के लिए लोगों को जातियों में बाँटा और यह विभाजन समाज में स्थायी हो गया। आलोचक इसे इतिहास का सरलीकरण मानते हैं, किंतु यक इस तथ्य को किसी भी स्तर पर नकारा जा सकता है कि उपनिवेशकालीन नीतियों ने जातीय पहचान को मजबूत किया? स्वभाविक है, नहीं, इसलिए राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ इस संदर्भ में जो कह रहा है वह सत्य ही है।

स्वतंत्रता संग्राम का प्रश्नः आलोचक अकसर पूछते हैं कि संघ ने स्वतंत्रता आंदोलन में क्या किया। गांधीजी की हत्या के बाद लगा प्रतिबंध आज भी इस प्रश्न को जीवित रखता है। लेकिन संघ के दस्तावेज बताते हैं कि 1930 की पूर्ण स्वराज घोषणा का समर्थन शाखाओं ने किया, 1942 के भारत छोड़ो आंदोलन में विदर्भ के चिमूर-आष्टी विद्रोह में स्वयंसेवक शहीद हुए और अरुणा आसफ अली जैसे नेताओं को आश्रय दिया गया। संघ राजनीतिक मोर्चे पर नहीं, बल्कि सामाजिक और सांस्कृतिक आधार को मजबूत करने पर केंद्रित रहा। यह रणनीति सही थी या गलत, इसका मूल्यांकन इतिहासकारों के मतभेदों में ही संभव है। पर जो बात साक्ष?यों में बार-बार निकलकर सामने आई है, वह यही है कि भारतीय स्वाधीनता आन्दोलन में संघ स्वयंसेवकों का बड़ा योगदान रहा है।

स्वतंत्रता के बाद का योगदानः स्वतंत्र भारत में संघ का जोर राष्ट्र निर्माण पर रहा। विद्या भारती, सेवा भारती, वनवासी कल्याण आश्रम और सरस्वती शिशु मंदिर जैसे संगठनों ने शिक्षा और सेवा के क्षेत्र में बड़ा नेटवर्क खड़ा किया। आपदाओं के समय राहत पहुंचाने में संघ की तत्परता ने उसे स्थानीय स्तर पर स्वीकार्यता दिलाई। दार्शनिक स्तर पर दीनदयाल उपाध्याय का 'एकात्म मानववाद' और दत्तोपंत ठेंगड़ी का वैकल्पिक आर्थिक चिंतन संघ से जुड़े विचारकों की देन है। इन विचारों ने भारत को पूंजीवाद और समाजवाद के बीच तीसरा रास्ता सुझाने की कोशिश की।

आलोचना और प्रतिबंधः गांधीजी की हत्या के बाद 1948, आपातकाल के दौरान 1975 और बाबरी मस्जिद विध्वंस के बाद 1992 में संघ पर तीन बार प्रतिबंध लगा। हर बार वह और मजबूत होकर लौटा। आलोचक इसे राजनीतिक संरक्षण मानते हैं, समर्थक इसे संगठन की आंतरिक शक्ति। सच्चाई निश्चित तौर पर राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के विचार में है जो भारत माता के लिए अपना सवस्व समर्पण कर देने की प्रेरणा सतत देती है। इसलिए संघ ने स्वयं को राजनीतिक दल की तरह नहीं, बल्कि सांस्कृतिक संगठन की तरह प्रस्तुत किया है।

भविष्य की राह और राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघः सवाल यह है कि संघ की अगली सदी कैसी होगी। क्या वह केवल सामाजिक संगठन बना रहेगा या वैश्विक भारत के एजेंडे में भी भूमिका निभाएगा? संघ का कहना है कि भविष्य की चुनौतियां केवल सीमाओं पर नहीं, बल्कि कक्षाओं, प्रयोगशालाओं, मीडिया और डेटा केंद्रों में होंगी। युवाओं से अपेक्षा है कि वे कौशल और सेवा में योगदान दें, पेशेवर अपनी प्रतिभा को समाज की समस्याओं में लगाएं, माता-पिता बच्चों को गीता और एआई दोनों सिखाएं और बुजुर्ग अनुभव से नई पीढ़ी को दिशा दें।

अतः कहना यही होगा कि राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की पहली सदी ने आज सिद्ध कर दिया है कि यह संगठन सेवा और समरसता के जरिए समाज को जोड़ने के अपने अथक प्रयास अनेक रूपों में कर रहा है। आलोचना और विवाद उसके साथ जुड़े रहेंगे, लेकिन यह भी उतना ही सच है कि लाखों स्वयंसेवकों का निःस्वार्थ योगदान भारत की सामाजिक संरचना को प्रभावित करता रहा है और आज भी कर रहा है। भारत निरंतर शक्ति सम्पन्न जो दिखाई देता है, उसमें स्वयंसेवकों की बहुत बड़ी भूमिका है। देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी समेत उनके मंत्री परिषद के कई सदस्य स्वयंसेवक हैं, इसका महत्व इसी से समझा जा सकता है। अन्य उदाहरण फिर तमाम है हीं।

वस्तुतः संघ की शताब्दी तीन संदेश देती है; पिछली सदी अगर लचीलेपन की थी तो अगली पुनरुत्थान की होगी। पिछली सदी अगर जागृति की थी तो अगली क्रियाशीलता की होगी। पिछली सदी अगर अस्तित्व की थी तो अगली नेतृत्व की होगी। सवाल यही है कि जब इतिहास हमें पुकारेगा, तब हम दर्शक बनेंगे या सहभागी। भारत माता तालियां नहीं, कर्म मांगती है। सौ वर्ष पूरे करने के बाद संघ ने जो संकल्प लिया है, वह केवल उसका नहीं, पूरे समाज का है। अब देखना यही होगा कि अगली सदी में यह संगठन 'मौन तपस्वी साधक बनकर' भारत को कितनी शक्तिशाली दिशा में लेकर जाता है!

# बिहार में निर्णायक भूमिका में नजर आ रहे हैं युवा वोटर

**संजय सक्सेना**

बिहार विधानसभा चुनाव की घोषणा पांच अक्टूबर के बाद किसी भी समय संभव है। वर्तमान में पूरे राज्य में चुनावी सरगर्मियां तेज हो चुकी हैं। राजनीतिक दलों के बीच बैठकों, रैलियों और रणनीति को लेकर हलचल जमी हुई है। गांव-शहर से लेकर चौपाल, बाजार और चौक-चौराहे तक सिर्फ चुनाव चर्चा का विषय बना हुआ है। पिछले कुछ वर्षों में बिहार की राजनीतिक परिस्थितियां कई बड़े बदलावों से गुजरी हैं, जिससे इस बार का चुनाव और भी दिलचस्प हो गया है। खासतौर पर सामाजिक समीकरण, गठबंधन की राजनीति, नेतृत्व का चेहरा और राज्य की मूलभूत समस्याओं के आधार पर माहौल काफी संवेदनशील और गतिशील है। इस बार चुनाव में जनता के रुझान में स्पष्ट रूप से विभाजन दिख रहा है। एक तरफ जहां सत्ता पक्ष चुनाव को विकास, बिरादरी संतुलन और सामाजिक न्याय के नाम पर दांव पर लगा रहा है, वहीं विपक्ष महंगाई, बेरोजगारी, भ्रष्टाचार, किसान और शिक्षा व्यवस्था को चुनावी मुद्दा बना रहा है। राज्य के युवा वर्ग में रोजगार के सीमित अवसरों को लेकर व्यापक असंतोष है। सरकारी भर्तियों में देरी, संविदा व अस्थायी नियुक्तियों और प्रवासी मजदूरों की समस्याएं चुनाव का स्वरूप बड़ी हद तक तय करेंगी।

राजनीतिक दलों की अगर बात करें, तो वर्तमान सरकार गठबंधन के नेतृत्व में है, जिसमें कुछ पुराने और कुछ नए साथी एक साथ आए हैं। विपक्ष में भी महागठबंधन की स्थिति अपेक्षाकृत मजबूत लग रही है, जिसमें जातीय समीकरण और नेतृत्व क्षमता दोनों को संतुलित रखने का प्रयास किया जा रहा है। सत्ता समर्थक अपने शासनकाल की उपलब्धियां, सड़क-बिजली-पानी के सुधार और कानून-व्यवस्था के मामलों को प्रमुखता से जनता के सामने गिनवा रहे हैं। वहीं विपक्ष राज्य में बढ़ती महंगाई, किसान ऋण और सरकारी नौकरियों की कमी को अपना अभियान बना रहा है।

इस बार चुनाव की सबसे बड़ी चुनौती युवाओं की भूमिका को लेकर है। बड़ी संख्या में नौजवान वोटर राज्य की सामाजिक-आर्थिक सच्चाइयों को लेकर जागरूक हैं। शिक्षा, रोजगार, पलायन, तकनीकी विकास और सरकारी सेवाओं में पारदर्शिता के मुद्दे उनके एजेंडे में सबसे ऊपर हैं। शहरी व ग्रामीण इलाकों में आर्थिक असमानता और महिलाओं की सुरक्षा के प्रश्न फिर से चर्चा में लौट आए हैं। किसान भी चुनावी समीकरण के महत्वपूर्ण घटक होंगे। वर्षा और बाढ़, फसल बीमा, समर्थन मूल्य और कृषि विपणन की स्वायत्तता जैसे मुद्दे राज्य के गांवों तक गूंजते हुए नजर आ रहे हैं। महिला मतदाता इस बार भी अपने बजाय अधिक मुखर और जागरूक बनी हुई हैं। केंद्र और राज्य सरकार की ओर से महिला सशक्तिकरण, आरक्षण और कल्याण योजनाओं का कितना असर पड़ेगा, यह मतदान की दिशा तय करने में अहम होगा।

राज्य के कुछ इलाकों में जातीय तनाव या सामाजिक असंतोष भी देखने को मिला है, जिसको लेकर कई दल क्षेत्रीय और जातीय संगठनों से गठजोड़ कर रहे हैं। अपराध दर, न्यायिक प्रक्रिया में देरी और जनता के बीच शासन-प्रशासन के चेहरे को लेकर भी संशय बना हुआ है। बिहार के गांवों में आज भी साख नेता की ही निर्णायक हो जाती है। मजदूर हो, किसान हो, या छोटे व्यापारी, उनका समर्थन जीतना हर दल के लिए सबसे बड़ी चुनौती है। इस बीच नए युवा चेहरे, सिनेमा, सोशल मीडिया और जमीनी रिपोर्टिंग ने भी मतदाता के सोच को प्रभावित किया है। जनता का मिजाज देखें तो इस बार वह किसी भी तरह के बहकावे या भावनात्मक शिगूफे से दूर, ठोस सवालों के जवाब तलाश रही है।

राजनीतिक वादों की विश्वसनीयता, परिवारवाद, भ्रष्टाचार से त्रस्त जनता बदलाव चाहती है या चल रहे योजनाओं को ही आगे बढ़ाना चाहती है, इसका जवाब परिणाम में ही दिखेगा। अब रही बात निर्वाचन आयोग द्वारा जम्मू-कश्मीर, पंजाब, झारखंड सहित सात राज्यों की खाली आठ विधानसभा सीटों पर उपचुनाव की, तो आयोग के पास संवैधानिक अधिकार है कि वह लंबित या रिक्त सीटों के लिए उपचुनाव की घोषणा कर सकता है। हालांकि इसका निर्णय अक्सर राज्यों की स्थिति, राजनीतिक परिस्थिति, सुरक्षा हालात और न्यायिक प्रक्रियाओं के हिसाब से लिया जाता है। सूत्रों के अनुसार, आयोग लगातार इन राज्यों से रिपोर्ट ले रहा है और जल्द ही उपचुनाव की तिथि तय कर सकता है। चुनाव आयोग के उच्च सूत्रों का कहना है कि बिहार विधानसभा चुनाव की घोषणा के बाद ही इन उपचुनावों की घोषणा भी संभव है, ताकि सभी राज्यों में चुनावी व्यवस्था सुचारू रूप से हो सके।

कुल मिलाकर बिहार का चुनावी माहौल बढ़ते राजनीतिक तनाव, सामाजिक बदलाव, और आर्थिक चुनौतियों से घिरा है। मतदाता इस बार कई स्तरों पर सोच-समझकर मतदान करेंगे, जिनमें आर्थिक विकास, रोजगार, महिला सशक्तिकरण, जातीय समीकरण, शिक्षा, और सुरक्षा मुख्य स्वरूप में निर्णायक बन सकते हैं। चुनाव आयोग की घोषणा और सभी दलों की अंतिम रणनीति चुनावी तस्वीर को पूरी तरह से साफ करेगी।



# 'बहकावे में आ गए थे... अब कभी ऐसा नहीं करेंगे'

## बरेली में बवाल का कारण पूछने पर ये बोले उपद्रवी








**बरेली।** शहर में हुए उपद्रव के मामले में पुलिस ने रविवार को 22 और लोगों को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने सभी आरोपियों को न्यायिक मजिस्ट्रेट के समक्ष पेश किया। वहां से उन्हें जेल भेज दिया गया। इनमें से 16 लोगों पर बवाल करने और छह पर मौलाना तौकीर रजा खां की गिरफ्तारी के बाद लोगों को भड़काने का आरोप है। मौलाना तौकीर रजा समेत कुल 34 आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेजा जा चुका है। संदिग्ध 26 लोगों को हिरासत में लेकर पुलिस पूछताछ कर रही है। एसपी सिटी ने बताया कि शुक्रवार को भीड़ की ओर से किए गए पथराव और फायरिंग में 22 पुलिसकर्मी घायल हुए थे। कोतवाली में पांच, बारादरी में दो, किला, कैंट व प्रेमनगर थाने में एक-एक एफआईआर दर्ज कर 125 लोगों को नामजद किया गया है। तीन हजार अज्ञात लोगों को भी आरोपी बनाया गया है। एसी सिटी ने आरोपियों को मीडिया के सामने पेश किया तो वे माफी मांगते हुए सामने आए। ज्यादातर आरोपी नौजवान हैं। बवाल का कारण पूछने पर बोले कि वे बहकावे में आ गए थे। अब जीवन में कभी ऐसा नहीं करेंगे। आरोपियों में चक महमूद निवासी मोईन उर्फ चोटीकटवा के खिलाफ पहले से कई मामले दर्ज हैं। वह पहले भी शहर का माहौल खराब करने की कोशिश कर चुका है। प्रशासन की मनाही के बावजूद भीड़ को खलील स्कूल तिराहे की ओर भेजने में सात थाना क्षेत्र के पांच पार्षद सहित 77 लोगों की भूमिका सामने आई है। एक पार्षद को गिरफ्तार किया जा चुका है। पुलिस अब चार पार्षदों सहित 76 लोगों की भूमिका की जांच कर रही है। एससी सिटी ने आरोपियों को मीडिया के सामने पेश किया तो वे माफी मांगते हुए सामने आए। ज्यादातर आरोपी नौजवान हैं। बवाल का कारण पूछने पर बोले कि वे बहकावे में आ गए थे। अब जीवन में कभी ऐसा नहीं करेंगे। आरोपियों में चक महमूद निवासी मोईन उर्फ चोटीकटवा के खिलाफ पहले से कई मामले दर्ज हैं। वह पहले भी शहर का माहौल खराब करने की कोशिश कर चुका है। बवाल के तीसरे दिन रविवार को शहर के हालात काफी हद तक सामान्य रहे। कुछ इलाकों से भीड़ जुटने की अफवाहें आती रहीं, लेकिन कहीं से कोई अप्रिय सूचना नहीं रही। इस दौरान संवेदनशील इलाकों में पुलिस ने ड्रोन कैमरों से निगरानी कराई। सोमवार को हालात पूरी तरह सामान्य हैं। बाजार में आम दिनों की तरह चहल-पहल है। एसएसपी अनुराग आर्य और एसपी सिटी मानुष पारीक ने पुलिस, पीएसी और आरएएफ के साथ शाम को कुतुबखाना, सैलानी, ईंट पजाया, श्यामगंज, खलील स्कूल तिराहा, आलमगिरीगंज, बिहारीपुर सहित अन्य इलाकों में रूट मार्च किया। ऑटो व ई-रिक्शा चालकों और दुकानदारों से बात कर किसी भी किस्म की अफवाह पर ध्यान न देने की अपील की। बरेली में शांति व्यवस्था के दृष्टिगत एडीएम सिटी सौरभ दुबे ने 25 नवंबर तक के लिए जिले में भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता की धारा-163 के तहत निषेधाज्ञा लागू की है। इससे अब किसी भी सार्वजनिक स्थान पर पांच या इससे अधिक संख्या में लोग एकत्र नहीं होंगे। इस प्रतिबंध से सरकारी कार्यालयों को दूर रखा है। एडीएम सिटी ने कहा कि व्यवस्था को प्रभावित करने वालों के विरुद्ध संबंधित थाना प्रभारी एफआईआर दर्ज कर कार्रवाई करेंगे। जिले की वर्तमान स्थिति के मद्देनजर एक एडीएम, सात एसडीएम मंडल के अलग-अलग जिले से बुलाए गए हैं। जिले को चार सुपर जोन, आठ जोन और 31 सेक्टरों में बांटकर एडीएम स्तर के चार, एसडीएम स्तर के 16 और 62 अन्य अधिकारियों को सेक्टर मजिस्ट्रेट नियुक्त किया गया है। इसके अलावा 102 स्टेटिक मजिस्ट्रेट भी नियुक्त किए गए हैं। पुलिस पर पथराव में शामिल 25 नाबालिगों की भी पहचान कर ली गई है। सभी बिहारीपुर, कांकरटोला, सैलानी, कुमार टॉकीज, खलील स्कूल तिराहा इलाके के रहने वाले हैं। अधिकारियों ने बताया कि पुलिस पर पथराव कराने वाले नाबालिगों के अभिभावकों के खिलाफ कार्रवाई के लिए कानूनी पहलुओं पर विचार किया जा रहा है। बवाल के आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए पुलिस की टीमें उनके संभावित ठिकानों पर ताबड़तोड़ दबिश दे रही हैं। आरोप है कि नफीस और लियाकत ने भी व्हाट्सएप कॉल के जरिये बवाल के लिए भीड़ जुटाने में भूमिका निभाई थी। मौलाना तौकीर रजा भी फाइक एन्क्लेव स्थित फरहत के घर से व्हाटसएप कॉल के जरिये आरोपियों के संपर्क में था। वहाट्सएप ग्रुप के जरिये भी इन आरोपियों ने लोगों को मेसेज कर नमाज के बाद इस्लामिया ग्राउंड की ओर कूच करने के लिए कहा था। अब आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए पुलिस की टीमें उनकी कुंडली खंगाल रही हैं।

## शिक्षा निकेतन में कन्या पूजन महोत्सव, समृद्धि का मांगा आशीर्वाद



संवाददाता

**ओबरा/सोनभद्र।** विधान से कन्याओं का पूजन कर कॉलेज के समृद्धि का शिक्षा निकेतन इंटर कॉलेज के प्रधानाचार्य मुकुंद सिंह गौर ने आशीर्वाद मांगा। मंत्रोच्चार हिंदी शिक्षक विजय कुमार दुबे ने किया।

शनिवार को कॉलेज में 15 कन्याओं का सामूहिक पूजन किया गया, जिसमें सर्वप्रथम कन्याओं का प्रधानाचार्य ने चरण पखारा। सीनियर बेटियों ने कन्याओं के पैर में महावार रचा और रोली, अक्षत से माथे पर टीका लगाया। शक्ति मंच की प्रभारी प्रवक्ता सुमन श्रीवास्तव ने कन्याओं के सिर पर चुनरी सजाई। शिक्षक रामानंद त्रिपाठी ने कन्याओं को हलुआ, चना और केला का भोग चढ़ाया। पूजन में गलतियों के लिए क्षमा याचना के संग कॉलेज की समृद्धिशाली की कामना करते हुए पूजन के आचार्य प्रमोद चौबे ने देवी स्वरूपा कन्याओं को भाव, विश्वास और श्रद्धा के साथ विदा किया। पूजन में उपस्थिति सभी विद्यार्थियों को रक्षा सूत्र बांधा गया। प्रसाद वितरण के साथ कन्या पूजन में बड़ी संख्या में उपस्थिति विद्यार्थियों के माता रानी की जयकारा से कॉलेज गूंज उठा।

## प्रधानमंत्री मोदी के मन की बात कार्यक्रम में कार्यकताओं ने स्वदेशी अपनाने, खादी को बढ़ावा देने का लिया संकल्प

संवाददाता

**ओबरा /सोनभद्र।** स्थानीय ओबरा के बूथ संख्या 143 पर बूथ अध्यक्ष मुकेश दीक्षित के नेतृत्व में भाजपा कार्यकताओं ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मन की बात कार्यक्रम को सुना।



उनके संदेश को लोगों तक पहुंचाने और स्वदेशी अपनाने , खादी को बढ़ावा देने का संकल्प लिया। अपने संबोधन में प्रधानमंत्री ने त्योहारों के मौसम में स्वदेशी वस्तुओं को अपनाने की अपील की। कहा कि स्थानीय उद्योगों कारीगरों और छोटे उद्यमियों को समर्थन देने के लिए वोकल फॉर लोकल को जन आंदोलन बनाना होगा। साथ ही खादी व हस्तशिल्प को बढ़ावा देने का विशेष संदेश दिया। कार्यक्रम की बूथ प्रभारी सरिता सिंह ने कहा कि प्रधानमंत्री का संदेश आर्थिक और सांस्कृतिक दृष्टि से प्रेरणादायी है। स्थानीय उत्पादों को अपनाकर ही आत्म भारत का सपना साकार हो सकता है। कार्यक्रम में मौजूद भाजपा कार्यकताओं ने प्रधानमंत्री के संदेश को अधिक से अधिक लोगों तक पहुंचाने और इस जीवन में अपनाने का संकल्प लिया।इस मौके पर एडवोकेट मनीष तिवारी, एडवोकेट अंकुर चौबे, सूरज शर्मा, सत्येंद्र कुमार सिंह, सोनू यादव, जय सिंह,राधाकांत तिवारी ,सत्यप्रकाश गुप्ता ,अंश दीक्षित के साथ कई कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## प्रधानाचार्य की प्रेरणादायी पहलः छात्राओं को सौंपी विद्यालय संचालन की जिम्मेदारी

संवाददाता

**कुशीनगर।** फाजिलनगर के इंटरमीडिएट कॉलेज, जौरा बाजार में सोमवार का दिन खास रहा। जब छात्राओं को नेतृत्व के मंच पर उतारकर उन्हें प्रशासनिक जिम्मेदारियों का अवसर दिया गया। विद्यालय के प्रधानाचार्य रामू चौधरी और प्रधान लिपिक सुबोध पांडेय की प्रेरणादायी पहल पर कक्षा 10वीं की छात्रा प्रीति शर्मा को एक दिन के लिए प्रधानाचार्या और कक्षा 10 'सी' की ज्योति कुशवाहा को प्रधान लिपिक बनाया गया। इस नवाचार का उद्देश्य छात्राओं में आत्मविश्वास, नेतृत्व क्षमता और प्रशासनिक समझ का विकास करना था।



प्रधानाचार्य रामू चौधरी ने इस अवसर पर कहा कि हमारा प्रयास है कि छात्राएं केवल किताबी ज्ञान तक सीमित न रहें। बल्कि व्यवहारिक शिक्षा के माध्यम से आत्मनिर्भर बनें। ऐसे अवसर उन्हें भविष्य के लिए तैयार करते हैं। प्रधान लिपिक सुबोध पांडेय ने कहा कि छात्राओं को कार्यालयीन कार्य प्रणाली से परिचित कराना उनके सर्वांगीण विकास की दिशा में अहम कदम है। इससे उनमें निर्णय लेने और नेतृत्व करने की क्षमता का विकास होता है। छात्रा प्रीति शर्मा ने दिनभर विद्यालय की विभिन्न गतिविधियों की निगरानी करते हुए शिक्षकों से संवाद स्थापित किया। वहीं ज्योति कुशवाहा ने कार्यालय संबंधी कार्यों में सहभागिता निभाकर जिम्मेदारी का सफल निर्वहन किया। इस अवसर पर उप प्रधानाचार्य विजय प्रकाश उपाध्याय समेत शिक्षकों और कर्मचारियों में विपिन बिहारी, उमेश प्रसाद, धर्मेंद्र सिंह, शिवेंद्र पांडेय, सुनील तिवारी, शिव प्रकाश, ओमप्रकाश, त्रिलोकी, इरशाद अंसारी, कृपाशंकर चौबे, अखिलेश मिश्रा, मथुरा तिवारी, रवि शंकर सिंह, सुरेश उपाध्याय, संतोष गुप्ता, अशोक तिवारी, जाहिद हुसैन सिद्दीकी, साहबजादा अहमद, राजेश सिंह, राजेश तिवारी, राजेश उपाध्याय, राम लखन पांडेय, सुमन द्विवेदी, सिम्पल उपाध्याय, अनुराधा सिंह, महेंद्र यादव, सिद्धार्थ श्रीवास्तव, प्रभात, पौहारी सिंह, काशी सिंह, कृष्णा यादव, विकास, उपेंद्र, मोतीचंद आदि की उपस्थिति रही।

## सीएम ने कैंसर पीड़ित को भर्ती कराया



**लखनऊ।** सीएम योगी ने सोमवार को जनता दर्शन किए। कार्यक्रम में आई एक बुजुर्ग महिला की फरियाद सुनकर उसके कैंसर पीड़ित बेटे को तुरंत अस्पताल में भर्ती कराया। सीएम ने कहा- आपके बेटे का हरसंभव इलाज होगा। उन्होंने जनता दर्शन के दौरान ही एम्बुलेंस बुलाकर उनके बेटे को कल्याण सिंह सुपर स्पेशियलिटी कैंसर इंस्टीट्यूट भिजवाया दिया। बुजुर्ग अपने परिवार के साथ कानपुर के किदवईनगर से आई थी। उन्होंने सीएम योगी से कहा- हम गरीब हैं, इलाज नहीं करा पा रहे। हमारे पास आयुष्मान कार्ड भी नहीं है। हमारे जवान बेटे को कैंसर हो गया है। मेरे बेटे को जिंदगी दे दीजिए। इलाज के लिए कुछ आर्थिक सहायता दिला दीजिए। सीएम ने महिला से फरियाद सुनते ही अधिकारियों को एक्शन के लिए निर्देशित किया। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के 'जनता दर्शन' में 50 से ज्यादा फरियादी पहुंचे थे। मुख्यमंत्री एक-एक करके सभी के पास पहुंचे, उनका प्रार्थना पत्र लिया और अफसरों को तत्काल उचित निराकरण का निर्देश दिया। योगी ने कहा कि इलाज के लिए किसी भी पीड़ित ने स्वयं, जनप्रतिनिधि या किसी भी माध्यम से सरकार तक अपनी बात पहुंचाई है, उसे सहायता उपलब्ध कराई गई है। हमारी सरकार हर पीड़ित के साथ है। इलाज के लिए सरकार आगे भी आर्थिक सहायता निरंतर रूप से उपलब्ध कराती रहेगी।

## भ्रमण कर छात्राओं ने ली महिला सुरक्षा और एफआईआर आदि की जानकारी

संवाददाता

**कसया, कुशीनगर।** मिशन शक्ति विशेष अभियान 2025-26 के तहत नगर स्थित उच्च प्राथमिक विद्यालय (कंपोजिट) की 36 छात्राओं ने कसया थाना का भ्रमण कर महिला सुरक्षा और एफआईआर आदि जानकारियां हासिल की। सोमवार को विद्यालय की अध्यापिकाएं रश्मि सिंह तोमर और कल्पना सिंह के निर्देशन में छात्राएं कसया थाना पहुंचीं जहां



पुलिस के अधिकारियों ने इनका स्वागत किया और उन्हें थाना भवन, परिसर और कार्यालय का भ्रमण कराया। थाना प्रभारी एवं महिला उपनिरीक्षक द्वारा साइबर क्राइम एवं धोखाधड़ी से बचने के उपायों की भी जानकारियां दी गईं। छात्राओं ने त्वरित सहायता के लिए शासन द्वारा जारी किए गए हेल्पलाइन नंबर्स के बारे में जानकारियां लीं और बड़े ध्यान से एफआईआर दर्ज करने और गिरफ्तारी की प्रक्रिया संबंधी नियमों को जाना। इन छात्राओं ने उत्सुकता के साथ प्रश्न पूछे और उत्तर पाकर उनके चेहरे पर मुस्कान खिल गई। थाना भ्रमण कार्यक्रम में निशा, अर्चना, प्रिया, वेदांशी, नंदनी करिश्मा, शिवानी, जोया, रेखा, खुशी, अदिति, नंदिनी, महक, तबस्सुम, अमृता, आंचल, अंशिका शिवानी, रुबीना, अर्पिता, रिद्धि, अंकिता, पूजा, ज्योति, महिमा, अनीता, सबीरा, रुखसार, मान्या, सौम्या, कृतज्ञा आदि ने भाग लिया।

# 52431 लोगों ने सुनी पीएम मोदी के मन की बात

संवाददाता

--------------------

**कुशीनगर।** मन की बात कार्यक्रम के जरिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने देश की जनता के साथ संवाद किया। जिसे भाजपा द्वारा जनपद के सभी बूथों पर प्रसारित किया गया। प्रदेश सरकार में जलशक्ति मंत्री स्वतंत्र देव सिंह, सड़क परिवहन मंत्री दयाशंकर सिंह, जिलाध्यक्ष दुर्गेश राय और मोतीचक ब्लॉक प्रमुख अर्चना प्रदीप सिंह ने स्थानीय पदाधिकारीयों के साथ हाटा विधानसभा के बूथ संख्या 307



मंगलपुर उर्फ मंगरुआ में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के रेडिओ कार्यक्रम 'मन की बात' सुने। मन की बात सुनने के बाद पूर्व प्रदेश अध्यक्ष व प्रदेश सरकार में जल शक्ति मंत्री स्वतंत्र देव सिंह ने कहा कि मन की बात कार्यक्रम में प्रधानमंत्री द्वारा देश के जन-जन की उपलब्धियों और आकांक्षाओं की सूक्ष्मता से चर्चा करना हर बार एक अलग अनुभव प्रदान करता है। इस महीने के मन की बात कार्यक्रम में पीएम मोदी ने भगत सिंह और लता मंगेशकर को उनकी जयंती पर श्रद्धांजलि अर्पित की।

उन्होंने भारतीय संस्कृति, महिला सशक्तिकरण, देश भर में मनाए जाने वाले विभिन्न त्योहारों, राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की 100 साल की यात्रा, स्वच्छता और खादी की बिक्री में वृद्धि जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर भी बात की। प्रधानमंत्री ने दोहराया कि देश को आत्मनिर्भर बनाने का रास्ता स्वदेशी अपनाने में निहित है। परिवहन मंत्री दयाशंकर सिंह ने कहा कि मन की बात' कार्यक्रम में प्रधानमंत्री जी द्वारा देश के जन-जन की उपलब्धियों और आकांक्षाओं की सूक्ष्मता से चर्चा करना हर बार एक अलग अनुभव प्रदान करता है। मन की बात कार्यक्रम के जिला संयोजक व जिला मंत्री विवेकानंद शुक्ल ने बताया कि कुशीनगर जनपद के सभी बूथों पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मन की बात कार्यक्रम प्रसारित किया गया। जिसमें पार्टी के जनप्रतिनिधि, पदाधिकारी, कार्यकताओं सहित 52431 लोगों ने पूरे उत्साह सहभागिता किया।

## संक्षिप्त डायरी

### वाहन चेकिंग अभियान चलाकर काली फिल्म व हुटर लगे वाहनों पर पुलिस की कार्रवाई

संवाददाता



**चोपन/सोनभद्र।** रविवार की सायं चोपन थाना प्रभारी निरीक्षक कुमुद शेखर सिंह के नेतृत्व में पुलिस बल द्वारा वाराणसी-शक्तिनगर मुख्य मार्ग पर सोनपूल के समीप व्यापक वाहन चेकिंग अभियान चलाया गया।अभियान के दौरान कई वाहनों पर नियम विरुद्ध काली फिल्म लगी पाई गई, जिसे मौके पर ही उतरवाया गया। वहीं कुछ प्राइवेट वाहनों पर अवैध तरीके से हुटर भी लगाए गए थे, जिन्हें तत्काल हटवाकर चालान की कार्रवाई की गई। पुलिस ने इस दौरान काली फिल्म लगे चार वाहनों तथा हुटर लगे दो वाहनों का चालान किया।थाना प्रभारी कुमुद शेखर सिंह ने स्पष्ट किया कि इस प्रकार की कार्रवाई आगे भी लगातार जारी रहेगी। उन्होंने कहा कि सड़क सुरक्षा और कानून व्यवस्था को दृष्टिगत रखते हुए यातायात नियमों का उल्लंघन किसी भी दशा में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा और दोषियों पर सख्त कार्रवाई की जाएगी।

### राम भरत मिलाप मयार्दा, त्याग और धर्म का अमर संदेश हैः पं.बीरेंद्र मिश्र



संवाददाता

**कुशीनगर।** शारदीय नवरात्रि की अष्टमी तिथि पर फाजिलनगर क्षेत्र के लवकुश पश्चिम पट्टी स्थित पाण्डेय टोला में भक्तिमय वातावरण के बीच मां दुर्गा की प्रतिमा के समक्ष भव्य राम चरितमानस कथा का आयोजन किया गया। इस आध्यात्मिक अवसर पर सुप्रसिद्ध मानस मर्मज्ञ पंडित बीरेंद्र मिश्र ने श्रीराम-भरत मिलाप की अत्यंत मार्मिक और प्रेरणादायी कथा प्रस्तुत की। जिसे सुनकर श्रद्धालु भावविभोर हो उठे। पंडित मिश्र ने रामायण के इस विशेष प्रसंग को सहज, सरस एवं ओजपूर्ण शैली में प्रस्तुत करते हुए कहा कि यह प्रसंग दशार्ता है कि सच्चा प्रेम और त्याग सत्ता या सुख-सुविधा में नहीं, बल्कि आत्मिक संबंधों और धर्मपरायणता में निहित होता है। भरत का त्याग और श्रीराम का धैर्य हमें बताता है कि जीवन में मयार्दा का पालन ही सबसे बड़ा धर्म है। पं. मिश्र की विद्वता और भावपूर्ण गायन शैली ने श्रोताओं को आध्यात्मिक ऊर्जा से सराबोर कर दिया। क्षेत्र के इंद्रजीत मिश्र, जनार्दन मिश्र, प्रभाकर मिश्र, राणा प्रताप मिश्र, दीपक मिश्र, दयाशंकर मिश्र, रमाशंकर मिश्र, कृष्णा शंकर मिश्र, बीरेंद्र पांडेय, सुभाष मिश्र, सिद्धेश्वर मिश्र, प्रभाकर तिवारी, मस्तराज कुशवाहा, शिव नारायण, रमेश सिंह श्रद्धालु उपस्थित रहे।

### खेल से होता है शारीरिक और मानसिक मजबूतः अमितेश कुमार




संवाददाता

**कसया, कुशीनगर।** बेसिक बाल क्रीड़ा प्रतियोगिता और सांसद खेल प्रतियोगिता के अन्तर्गत न्याय पंचायत अहिरौली राय और परेवाटार का आयोजन पुमावि भठही राजा व गोबरही के प्रांगण में आयोजित हुआ। मुख्यअतिथि बीईओने कहा कि सरकार खेल के बढ़ावा देने के लिए हर न्याय पंचायत स्तर पर सांसद और बेसिक खेल प्रतियोगिता आयोजित कर रही है जिससे क्षेत्रीय छात्र छात्राओं को खेल के प्रति जागरूक हो। विशिष्ट अतिथि ग्राम प्रधान सुभाष कानदू व रामआश्रय ने अपने विचार रखे।बालिका कबड्डी जूनियर में भठही राजा प्रथम, यूपीएस अहिरौली राजा द्वितीय, बालक वर्ग में पतया प्रथम भठही राजा द्वितीय रहा। प्राथमिक बालिका वर्ग में कबड्डी में प्रावि तमासपुर प्रथम, रामबरचरगहा द्वितीय, दौड़ बालिका जूनियर 100 मीटर नाजिया खातून नन्दन छपरा, बालक में राजेश भठही बाबू, प्राथमिक स्तर दौड़ में राजीव, प्रथम खोखो में जूनियर बालिका वर्ग में भठही राजा और पीएम श्री पतया द्वितीय रहा।बालक वर्ग खोखो जूनियर वर्ग में भठही राजा प्रथम पतया द्वितीय रहा। कार्यक्रम का शुभारंभ सरस्वती के चित्र पर पुष्प अर्पित कर और खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर खेल का शुभारंभ किया गया। प्रतियोगिता के निर्णायक टीम में योगेन्द्र सिंह खेल प्रशिक्षक धीरज मिश्रा शामिल रहे। इस अवसर पर जुनियर संघ अध्यक्ष देवानंद दूबे, प्रबीर राव, राजीव नयन द्विवेदी, अनीश आलम, अमित सिंह, मुरली मनोहर, रितेश सिंह, अमिताभ त्रिपाठी, जयंत सिंह, नशरूदीन, कमलेश गुप्ता, दीनानाथ, अनिता राय, रागिनी पांडेय, अमित सिंह मौजूद रहे।

### रामपुर में आजम खां ने बढ़ाई सक्रियता

**रामपुर।** समाजवादी पार्टी के वरिष्ठ नेता आजम खां दिल्ली से इलाज कराकर रामपुर लौट आए हैं। सीतापुर जेल से रिहा होने के बाद पिछले तीन दिनों तक वह दिल्ली के एक अस्पताल में इलाज करा रहे थे। कल रात वह अपने घर रामपुर पहुंचे। इसके बाद उनके घर पर समर्थकों और पार्टी पदाधिकारियों का तांता लग गया। आजम खां ने रिहाई के बाद सोमवार को पहली बार जौहर यूनिवर्सिटी का दौरा किया। यहां उन्होंने छात्रों से बातचीत की और उन्हें सियासी, सामाजिक मुद्दों पर मार्गदर्शन भी दिया। इसके अलावा वह मेडिकल कालेज भी पहुंचे और वहां स्वास्थ्य सेवाओं व छात्रों की समस्याओं के बारे में जानकारी ली। रामपुर में आजम खां के घर पर लगातार समर्थकों का आना-जाना जारी है। उनके स्वास्थ्य को लेकर चिंता जताने वालों ने भी उन्हें देखने के लिए घर पहुंचना शुरू कर दिया है। समर्थकों ने घर के बाहर स्वागत कर उनका हौसला बढ़ाया। पूर्व मंत्री ने कहा कि अब उनका पूरा ध्यान जनता और युवाओं के भविष्य की समस्याओं को समझने और हल करने पर रहेगा। पार्टी के नेताओं और कार्यकताओं के साथ उनकी चर्चा में आगामी योजनाओं और सामाजिक गतिविधियों को लेकर रणनीति बनाई गई। समाजवादी पार्टी के वरिष्ठ नेता और पूर्व कैबिनेट मंत्री आजम खां ने जेल में बिताए कठिन दिनों को याद करते हुए कहा कि वह खुद खाना नहीं बना सकते थे। ऐसे में दोपहर में एक पतली रोटी और शाम को उसी रोटी का आधा हिस्सा खाकर गुजारा करते थे। पेट भरने के लिए नींबू से आचार बना लेते थे। उन्होंने कहा कि पांच साल एक छोटी कोठरी में रहने का सीधा असर उनकी सेहत पर पड़ा है, इसलिए फिलहाल उनकी प्राथमिकता स्वास्थ्य को बेहतर करना है। आजम खां दिल्ली में तीन दिन तक अस्पताल में इलाज कराने के बाद रविवार रात रामपुर लौट आए। सोमवार को वह रिहाई के बाद पहली बार जौहर यूनिवर्सिटी पहुंचे और छात्रों से मुलाकात की। इस दौरान उन्होंने मेडिकल कालेज का भी दौरा किया। सपा मुखिया अखिलेश यादव के आठ अक्तूबर को रामपुर आने की खबर पर आजम खां ने कहा कि उन्हें इसकी जानकारी अखबारों से मिली है।



# भारतीय परिवारों की संपत्ति 2024 बीते 8 वर्षों में सबसे तेजी से बढ़ी: रिपोर्ट

## पिछले दो दशकों में भारत की प्रति व्यक्ति वित्तीय संपत्ति पांच गुना बढ़ी

**नई दिल्ली**

एलियांज ग्लोबल वेल्थ रिपोर्ट 2025 के अनुसार वर्ष 2024 में भारतीय परिवारों की वित्तीय संपत्ति में 14.5 फीसदी की तेज़ वृद्धि दर्ज की गई, जो पिछले आठ वर्षों में सबसे अधिक है। यह उभरते हुए मध्यम वर्ग की आर्थिक शक्ति और बढ़ती निवेश प्रवृत्ति को दर्शाता है। रिपोर्ट के अनुसार पिछले दो दशकों में भारत की प्रति व्यक्ति वित्तीय संपत्ति पांच गुना बढ़ी है। इस दौरान भारत ने अन्य सभी उभरती अर्थव्यवस्थाओं से बेहतर प्रदर्शन किया। वित्तीय संपत्तियों में सबसे ज्यादा वृद्धि प्रतिभूतियों (28.7) में हुई, इसके बाद बीमा और पेंशन (19.7 फीसदी) और बैंक डिपॉजिट (8.7 फीसदी) का स्थान रहा। हालांकि, भारतीय परिवारों के पोर्टफोलियो में अब भी 54 फीसदी हिस्सा बैंक डिपॉजिट का है, जो देश में मजबूत बचत संस्कृति को दर्शाता है। मुद्रास्फीति समायोजित वृद्धि दर 9.4 फीसदी रही, जिससे महामारी के बाद भारत की क्रय शक्ति 40 फीसदी बढ़कर महामारी-पूर्व स्तर से ऊपर चली गई, जबकि पश्चिमी यूरोप में यह अब भी 2.4 फीसदी नीचे है। 2024 में प्रति भारतीय नेट फाइनेंशियल एसेट्स 2,818 डॉलर पर पहुंच गईं, जो पिछले साल की तुलना में 15.6 फीसदी अधिक हैं। हालांकि, देनदारी भी बढ़ी है, 12.1 फीसदी की दर से, जिससे कर्ज जीडीपी के 41



फीसदी तक पहुंच गया है। वैश्विक स्तर पर अमेरिका ने अकेले 2024 में वैश्विक वित्तीय संपत्ति वृद्धि का 50 फीसदी योगदान दिया, जबकि चीन और पश्चिमी यूरोप क्रमशः 20 और 12 फीसदी के साथ पीछे रहे।

# भारत का दूध उत्पादन 240 मिलियन टन पहुंचा, दुनिया में नंबर वन पर

**देश में 303.76 मिलियन गोजातीय पशु जिनमें गाय, भैंस, मिथुन और याक**

**नई दिल्ली**

भारत वैश्विक दूध उत्पादन में शीर्ष स्थान पर है और वित्त वर्ष 2023-24 में उत्पादन बढ़कर 239.30 मिलियन टन हो गया। आंकड़ों के मुताबिक उत्पादन और संग्रहण में महिलाओं की अहम भूमिका होती है, जो डेयरी को समावेशी विकास का एक सशक्त वाहक बनाता है। पिछले एक दशक में भारत के डेयरी क्षेत्र ने मजबूत वृद्धि दर्ज की गई है और उत्पादन 63.56 फीसदी बढ़ा है। मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक दूध उत्पादन 2014-15 में 146.30 मिलियन टन था। इसका मतलब है कि देश ने पिछले 10 सालों में 5.7 फीसदी की प्रभावशाली वार्षिक वृद्धि दर बनाए रखी है। खाद्य एवं कृषि संगठन के आंकड़े इस बात की पुष्टि करते हैं कि भारत दुनिया का सबसे बड़ा दूध उत्पादक बना हुआ है, जो संयुक्त राज्य अमेरिका, पाकिस्तान, चीन और ब्राजील जैसे देशों से कहीं आगे है। पिछले एक दशक में भारत में हरेक व्यक्ति के लिए दूध की उपलब्धता में तेजी से वृद्धि हुई है। प्रति व्यक्ति आपूर्ति में 48 फीसदी की वृद्धि हुई है, जो 2023-24 में 471 ग्राम/व्यक्ति प्रतिदिन से भी ज्यादा हो गई है। यह विश्व औसत करीब 322 ग्राम/व्यक्ति प्रतिदिन से कहीं ज्यादा है। बयान में कहा गया कि देश में 303.76 मिलियन गोजातीय पशु हैं जिनमें गाय, भैंस, मिथुन और याक शामिल हैं। यह डेयरी उत्पादन और कृषि में भार वहन क्षमता दोनों की रीढ़ है। शुष्क और अर्ध-शुष्क क्षेत्रों में दूध उत्पादन में 74.26 मिलियन की आबादी वाली भेड़ें और 148.88 मिलियन बकरियां भी अहम भूमिका निभाती हैं। 2014 और 2022 के बीच भारत ने गोजातीय पशुओं की उत्पादकता में 27.39 फीसदी की वृद्धि दर्ज की, जो दुनिया में सबसे ज्यादा है। यह वृद्धि वैश्विक औसत वृद्धि 13.97 फीसदी से कहीं ज्यादा है। भारत में सहकारी डेयरी क्षेत्र व्यापक और सुव्यवस्थित है। शामिल हैं। कुल मिलाकर ये करीब 2.35 लाख गांवों को कवर करते हैं और 1.72 करोड़ डेयरी किसान इनके सदस्य हैं।

# मोबाइल नंबर पोर्टेबिलिटी की तर्ज पर

**अब आप बदल सकते है गैस कंपनी**

**नई दिल्ली**

आने वाले दिनों में मोबाइल नंबर पोर्टेबिलिटी की तर्ज में गैस कंपनी को बदलने की सुविधा मिल सकती है।

उदाहरण के लिए अगर आपका कनेक्शन इंडेन में है और आप उससे संतुष्ट नहीं हैं, तब आप भारत गैस या एचपी गैस में जा सकते हैं, वहां भी बिना किसी नए कनेक्शन के ऐसा कर सकते है। दरअसल पेट्रोलियम और नेचुरल गैस रेगुलेटरी बोर्ड (पीएनजीआरबी) ने इसके लिए नया एलपीजी इंटरऑपरेबिलिटी फ्रेमवर्क तैयार कर उपभोक्ताओं, डीलरों व अन्य स्टेकहोल्डर्स से सुझाव मांगे हैं।

देश में अब तक 32 करोड़ से ज्यादा घरों तक एलपीजी कनेक्शन पहुंच चुका है। इसके बावजूद हर साल करीब 17 लाख शिकायतें गैस एजेंसियों को लेकर दर्ज होती हैं। इसमें सबसे आम परेशानी है रीफिल में देरी और सप्लाई में बाधा की होती है। कई जगह स्थानीय डीलर ऑपरेशन बंद कर देते हैं या हफ्तों तक सिलेंडर नहीं पहुंचता, इससे उपभोक्ताओं को बड़ी परेशानी होती है। अभी तक व्यवस्था यह थी कि उपभोक्ता अपनी गैस कंपनी नहीं बदल सकता था। इंडेन के ग्राहक सिर्फ इंडेन डीलर बदल सकते थे, लेकिन भारत या एचपी गैस में शिफ्ट नहीं हो सकते थे।

यही नियम सबसे बड़ी बाधा बनता था। अब नई व्यवस्था आने पर ग्राहक को ज्यादा विकल्प और बेहतर सेवा मिलेगी।

साल 2013 में यूपीए सरकार ने 24 जिलों में एलपीजी कनेक्शन पोर्टेबिलिटी की पायलट योजना चलाई थी। जनवरी 2014 में बढ़ाकर 480 जिलों तक कर दिया गया।

लेकिन उस समय पोर्टेबिलिटी सिर्फ एक ही कंपनी के अलग-अलग डीलरों के बीच सीमित थी। उपभोक्ता कंपनी नहीं बदल सकता था। इसकारण योजना का असर बहुत सीमित रहा और उपभोक्ता की परेशानी जस की तस बनी रही। लेकिन अब पीएनजीआरबी सीधे कंपनी बदलने की अनुमति देता है।

यानी अगर किसी इलाके में इंडेन की सप्लाई अटक रही है, तब उपभोक्ता भारत या एचपी गैस से सिलेंडर ले सकेगा। यह सुविधा खासतौर पर उन उपभोक्ताओं के लिए राहत भरी होगी, जिन्हें बार-बार डिलीवरी में देरी झेलनी पड़ती है। रेगुलेटर का मानना है।

# हुंडई कंपनी की कई नई हाइब्रिड एसयूवी लॉन्च करने की योजना




**नईदिल्ली**


हुंडई कंपनी आने वाले वर्षों में कई नई हाइब्रिड एसयूवी लॉन्च करने की योजना बना रही है। इन वाहनों में न सिर्फ दमदार इंजन और आकर्षक डिजाइन मिलेगा, बल्कि हाइब्रिड तकनीक के जरिए ज्यादा माइलेज और बेहतर परफॉर्मेंस का अनुभव भी उपभोक्ताओं को मिलेगा। इनमें नेक्स्ट जनरेशन हुंडई क्रेटा, एक बिल्कुल नई तीन-रो एसयूवी और ग्लोबली पॉपुलर पैलिसेड शामिल हैं। सबसे पहले बात करते हैं हुंडई की बेस्ट-सेलिंग एसयूवी क्रेटा की। कंपनी 2027 तक क्रेटा का नया अवतार पेश करेगी। इसे नए प्लेटफॉर्म और नए डिजाइन के साथ लाया जाएगा। इसमें 1.5-लीटर पेट्रोल, डीजल और टर्बो-पेट्रोल इंजन का विकल्प मिलेगा। खास बात यह है कि इसके साथ हाइब्रिड वर्जन भी उतारा जाएगा। इतना ही नहीं, हुंडई अपडेटेड क्रेटा ईवी पर भी काम कर रही है, जिससे ग्राहकों के पास और ज्यादा विकल्प होंगे। दूसरा मॉडल है कोडनेम एनआई1आई, जो एक नई 3-रो एसयूवी होगी। इसे भारतीय बाजार में 2027 तक लॉन्च किया जा सकता है। इसे अल्काजार और ट्यूसॉन के बीच पोजिशन किया जाएगा। रिपोर्ट्स के मुताबिक इस एसयूवी में 1.5-लीटर पेट्रोल इंजन हाइब्रिड सेटअप के साथ उपलब्ध कराया जाएगा। इस मॉडल का प्रोडक्शन हुंडई के नए तालेगांव प्लांट में किया जाएगा, जिससे कंपनी की उत्पादन क्षमता और मजबूत होगी। तीसरा और सबसे प्रीमियम मॉडल होगा हुंडई पैलिसेड, जिसे कंपनी भारतीय बाजार में लाने पर गंभीरता से विचार कर रही है। इसमें 2.5-लीटर टर्बो-पेट्रोल इंजन और इलेक्ट्रिक मोटर का कॉम्बिनेशन मिलेगा, जो 334बीएचपी पावर और 460 एनएम टॉर्क जनरेट करेगा। कंपनी का दावा है कि यह एसयूवी लगभग 14केएमपीएल का माइलेज दे सकती है। इसकी लॉन्चिंग 2028 तक संभव मानी जा रही है।

# भारत ग्रीन हाइड्रोजन में बन रहा वैश्विक नेतृत्व

## 2030 तक 50 लाख टन उत्पादन का लक्ष्य

**नई दिल्ली**

एसएंडपी ग्लोबल की एक रिपोर्ट के अनुसार भारत ग्रीन हाइड्रोजन इंडस्ट्री में दुनिया के अग्रणी देशों में से एक बन रहा है। देश में लो-कॉस्ट हाइड्रोजन उत्पादन की क्षमता इसके प्रतिस्पर्धियों के बीच शुरुआती गति बनाए रखने और ऑफटेक समझौतों को सुरक्षित करने पर निर्भर करती है। भारत के पास ग्रीन हाइड्रोजन क्षेत्र के विकास के लिए आवश्यक मजबूत संसाधन और तकनीकी आधार मौजूद है। केंद्रीय मंत्रिमंडल ने 4 जनवरी 2023 को नेशनल ग्रीन हाइड्रोजन मिशन को 19,744 करोड़ रुपये के बजट के साथ मंजूरी दी है। इस मिशन का उद्देश्य भारत को 2030 तक वार्षिक 50 लाख मीट्रिक टन हाइड्रोजन उत्पादन और वैश्विक व्यापार में 10 प्रतिशत हिस्सेदारी हासिल करने वाला वैश्विक केंद्र बनाना है। इसके साथ ही सरकार ने हाइड्रोजन इनोवेशन को बढ़ावा देने के लिए स्टार्टअप्स को 100 करोड़ रुपये का फंड आवंटित किया है, जिसमें प्रति प्रोजेक्ट 5 करोड़ रुपये तक की सहायता दी जाएगी। 26 सितंबर को केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी ने भारत के पहले हाइड्रोजन राजमार्गों का शुभारंभ किया, जिससे लंबी दूरी के हाइड्रोजन-चालित माल परिवहन को बढ़ावा मिलेगा। इसके तहत राष्ट्रीय राजमार्गों पर हाइड्रोजन ईंधन स्टेशन स्थापित किए जा रहे हैं। भारत की भौगोलिक स्थिति यूरोप, जापान और दक्षिण कोरिया जैसे देशों को हाइड्रोजन निर्यात के लिहाज से लाभदायक है। भारत ग्रीन हाइड्रोजन के क्षेत्र में आत्मनिर्भरता और वैश्विक प्रतिस्पर्धा के नए आयाम स्थापित करने की दिशा में अग्रसर है।




# सेबी के क्लीन चिट से अडानी ग्रुप के शेयरों में आया जोरदार उछाल

**नई दिल्ली** सेबी ने 22 सितंबर को स्पष्ट किया कि अडानी पोर्ट्स एंड स्पेशल इकोनॉमिक जोन लिमिटेड और अडानी पावर ने किसी भी नियम का उल्लंघन नहीं किया है। यह फैसला जनवरी 2023 में आई हिन्डनबर्ग रिसर्च की रिपोर्ट के आरोपों को पूरी तरह से खारिज करता है। सेबी की इस क्लीन चिट के बाद निवेशकों का भरोसा मजबूत हुआ और अडानी ग्रुप के शेयरों में तेज उछाल देखने को मिला। अडानी पोर्ट्स का शेयर 4.2 प्रतिशत बढ़कर 1470 रुपये पर पहुंच गया, जबकि अडानी पावर 3.8 प्रतिशत की तेजी के साथ 690 रुपये पर बंद हुआ। अडानी ग्रुप के चेयरमैन गौतम अडानी ने सेबी के फैसले को स्वागतयोग्य बताया। उन्होंने कहा कि हिन्डनबर्ग की रिपोर्ट पूरी तरह झूठी और प्रेरित थी, जिसने निवेशकों को भारी नुकसान पहुंचाया। सेबी की क्लीन चिट से अब निवेशकों का विश्वास वापस आ रहा है और ग्रुप की साख में सुधार हुआ है। मार्केट एक्सपर्ट्स की दृष्टि इस समय अडानी ग्रीन एनर्जी पर है। शुक्रवार को इसका शेयर 1047 रुपये पर बंद हुआ। तकनीकी विश्लेषण के अनुसार, 900 रुपये का स्तर मजबूत सपोर्ट है और हाल ही में 1020 रुपये से ब्रेकआउट के बाद इसमें तेजी की संभावना बनी है।

# रिलायंस पावर इंडोनेशिया की कई अनुषंगी कंपनियों की हिस्सेदारी बेचेगी

**नई दिल्ली** रिलायंस पावर ने कहा कि वह अपनी इंडोनेशिया की कई अनुषंगी कंपनियों की अनुषंगियों की 100 प्रतिशत हिस्सेदारी सिंगापुर की बायोट्रस्टर प्राइवेट लिमिटेड को करीब 1.2 करोड़ डॉलर में बेचने पर विचार कर रही है। इस संबंध में रिलायंस पावर नीदरलैंड बी.वी., रिलायंस नेचुरल रिसोर्सेज (सिंगापुर) प्राइवेट लिमिटेड और बायोट्रस्टर (सिंगापुर) प्राइवेट लिमिटेड के बीच शेयर खरीद समझौते पर हस्ताक्षर किए गए हैं। रिलायंस पावर ने शेयर बाजार को दी सूचना में बताया कि कंपनी पीटी अवनीश कोल रिसोर्सेज, पीटी हेरम्बा कोल रिसोर्सेज, पीटी सुमुखा कोल सर्विसेज, पीटी ब्रायन बिंटांग तिगा एनर्जी और पीटी श्रीविजय बिंटांग तिगा एनर्जी में 100 प्रतिशत शेयरधारिता बेचेगी। ये लेनदेन कुछ पूर्व शर्तों एवं अन्य प्रथागत नियमों के अधीन होगा। समझौते के समापन पर करीब 1.2 करोड़ अमेरिकी डॉलर हासिल होंगे।

# एलआईसी को पहले ही दिन मिला 1,100 करोड़ का प्रीमियम इनफ्लो

**जीवन बीमा पॉलिसियों पर टैक्स शून्य होने से ग्राहकों में उत्साह, बिक्री में तेजी की उम्मीद**

**मुंबई** केंद्र सरकार द्वारा हाल ही में जीएसटी में किए गए सुधारों का असर बीमा उद्योग में तुरंत दिखने लगा है। सरकारी बीमा कंपनी लाइफ इंश्योरेंस कॉरपोरेशन ऑफ इंडिया (एलआईसी) को जीएसटी हटने के पहले ही दिन 1,100 करोड़ रुपए का प्रीमियम इनफ्लो मिला है। यह आंकड़ा एलआईसी की औसत मासिक आय (5,000 करोड़ रुपए) का एक बड़ा हिस्सा है, जो उपभोक्ताओं के बीच सकारात्मक भावना को दर्शाता है। नई नीति के तहत अब स्वास्थ्य और व्यक्तिगत जीवन बीमा पॉलिसियों पर जीएसटी 18 फीसदी से घटाकर शून्य कर दिया गया है। इससे जीवन बीमा पॉलिसियां पहले से कहीं अधिक किफायती हो गई हैं। उद्योग विशेषज्ञों का मानना है कि इस बदलाव से पॉलिसी की बिक्री में जोरदार वृद्धि देखने को मिलेगी। एलआईसी पहले से ही भारतीय बीमा बाजार में मजबूत स्थिति में है। वित्त वर्ष 2025-26 की पहली तिमाही (अप्रैल-जून) में कंपनी ने 10,957 करोड़ रुपए का मुनाफा और 1,19,618 करोड़ की शुद्ध प्रीमियम आय दर्ज की। इसके साथ ही एलआईसी की बाजार हिस्सेदारी भी 63.51 फीसदी रही।

# जनधन खातों की केवाईसी 30 सितंबर तक करें, नहीं तो बंद हो सकता है खाता

**10 साल पुराने खातों के लिए री-केवाईसी अनिवार्य, गांव-गांव में चल रहे हैं कैंप**

**नई दिल्ली** प्रधानमंत्री जन धन योजना (पीएमजेडीवाय) के तहत खोले गए बैंक खातों को अब 10 साल पूरे हो चुके हैं। जिन खातों की शुरुआत 2014-15 में हुई थी, उनके लिए अब री-केवाईसी कराना अनिवार्य हो गया है। सरकार ने इसकी अंतिम तिथि 30 सितंबर तय की है। बिना री-केवाईसी के, ऐसे खाते निष्क्रिय हो सकते हैं, जिससे खाताधारकों को लेन-देन और सरकारी सब्सिडी प्राप्त करने में समस्या आ सकती है। री-केवाईसी प्रक्रिया एकदम आसान है। खाताधारकों को अपनी बैंक शाखा में जाकर पहचान पत्र, पता प्रमाण और फोटो जमा करना होता है। यह प्रक्रिया निःशुल्क है। सरकारी बैंक 1 जुलाई से 30 सितंबर तक ग्राम पंचायत स्तर पर कैंप लगाकर री-केवाईसी करा रहे हैं। अब तक देशभर की एक लाख से अधिक पंचायतों में ऐसे कैंप लग चुके हैं। जन धन योजना के तहत खातों की संख्या तेजी से बढ़ी है। 2015 में जहां 14.72 करोड़ खाते थे, वहीं 2025 तक यह संख्या बढ़कर 56.16 करोड़ तक पहुंचने का अनुमान है। सरकार की अपील है कि जिनका खाता 10 साल पुराना है, वे जल्द से जल्द री-केवाईसी कराएं, ताकि सरकारी लाभों का लाभ बिना बाधा जारी रह सके।

# जीएसटी कटौती के बाद 3000 शिकायतें

**नई दिल्ली** उपभोक्ता मामलों की सचिव निधि खरे का कहना है कि करों में कटौती के बाद से राष्ट्रीय उपभोक्ता हेल्पलाइन को 3000 से अधिक जीएसटी से संबंधित शिकायतें मिली हैं। शिकायतों में खुदरा विक्रेता जीएसटी कटौती का लाभ उपभोक्ताओं को नहीं दे रहे हैं, जिससे धोखाधड़ी की आशंका बढ़ी है। मंत्रालय ने इन शिकायतों को केंद्रीय अप्रत्यक्ष कर एवं सीमा शुल्क बोर्ड (सीबीआईसी) को जांच के लिए भेजा है। साथ ही, शिकायतों की बेहतर निगरानी के लिए कृत्रिम मेधा (एआई) और चैटबॉट तकनीक का उपयोग किया जा रहा है। सरकार का उद्देश्य है कि कर कटौती का पूरा लाभ उपभोक्ताओं तक पहुंचे और बाजार में पारदर्शिता बनी रहे।

# चीन ने भारतीय फार्मा उत्पादों पर लगने वाला आयात शुल्क शून्य किया

**अरबों डॉलर के एक्सपोर्ट का बनेगा रास्ता**



**नई दिल्ली** चीन ने भारतीय फार्मा उत्पादों पर लगने वाला 30 फीसदी आयात शुल्क घटाकर शून्य कर दिया है। यानी कि अब भारतीय कंपनियां चीन को दवाएं बिना किसी कस्टम ड्यूटी के बेच सकेंगी। यह फैसला ऐसे समय लिया गया है कि जब अमेरिका ने भारतीय दवाओं पर 100 फीसदी टैरिफ लगाकर बाजार लगभग बंद कर दिया है। ऐसे में चीन का यह फैसला भारतीय फार्मा सेक्टर के लिए राहत और नए अवसर लेकर आया है। भारत को 'दुनिया की फार्मेसी' कहा जाता है क्योंकि यहां बनी जेनेरिक दवाएं और वैक्सीन सस्ती कीमत पर पूरी दुनिया में सप्लाई होती हैं. हालांकि अब तक चीन का बाजार भारतीय कंपनियों के लिए आसान नहीं था क्योंकि 30 फीसदी ड्यूटी के कारण दवाओं की कीमत बढ़ जाती थी. लेकिन अब शून्य शुल्क के साथ भारतीय कंपनियों को चीन जैसे विशाल बाजार में सीधा मुकाबले का मौका मिलेगा। इससे न सिर्फ एक्सपोर्ट बढ़ेगा बल्कि भारत की वैश्विक हेल्थकेयर सप्लाई चेन में पकड़ और मजबूत होगी। विशेषज्ञों का मानना है कि इस फैसले से भारत-चीन व्यापार संतुलन सुधारने में मदद मिलेगी। अभी तक व्यापार चीन के पक्ष में झुका रहता था, लेकिन फार्मा एक्सपोर्ट से भारत को बड़ा फायदा हो सकता है। उद्योग से जुड़े जानकारों के मुताबिक आने वाले वर्षों में भारतीय दवा निर्यात अरबों डॉलर तक बढ़ सकता है। इसके साथ ही देश में रोजगार के नए अवसर भी पैदा होंगे और कंपनियों की आय में जबरदस्त उछाल देखने को मिलेगा।

# शेयर बाजार गिरावट पर बंद

## सेंसेक्स 61, निफ्टी 20 अंक गिरा

**मुंबई**

भारतीय शेयर बाजार सोमवार को गिरावट पर बंद हुआ। सप्ताह के पहले ही दिन दुनिया भर के बाजारों से मिले जुले संकेतों के साथ ही बिकवाली से बाजार में ये गिरावट आई। दिन भर के कारोबार के बाद 30 शेयरों पर आधारित बीएसई सेंसेक्स 61.52 अंक करीब 0.08 फीसदी नीचे आकर 80,364.94 बंद हुआ। वहीं 50 शेयरों वाला एनएसई निफ्टी 20 अंकों के नीचे आकर 24,634 के स्तर पर बंद हुआ। आज केवल सरकारी बैंकिंग शेयरों में तेजी रही। निफ्टी पीएसयू बैंक 1.78 फीसदी, निफ्टी रियल्टी 0.88 फीसदी, निफ्टी एनर्जी 0.69 फीसदी, निफ्टी कमोडिटीज 0.69 फीसदी और निफ्टी मेटल 0.35 फीसदी की बढ़त के साथ बंद हुआ। निफ्टी फार्मा 0.15 फीसदी, निफ्टी मीडिया 0.85 फीसदी और निफ्टी प्राइवेट बैंक 0.29 फीसदी की गिरावट के साथ बंद हुआ। सेंसेक्स पैक में टाइटन, एसबीआई, ट्रेंट, बीईएल, एनटीपीसी, टाटा स्टील, बजाज फिनसर्व, बजाज फाइनेंस और एमएंडएम के शेयर लाभ में रहे थे। मारुति सुजुकी, एक्सिस बैंक, एलएंडटी, आईसीआईसीआई बैंक, भारती एयरटेल, इन्फोसिस, एचयूएल, एचसीएल टेक और कोटक महिंद्रा बैंक टॉप नुकसान में थे वहीं इससे पहले आज सुबह बाजारों ने हल्की बढत के साथ शुरुआत की। आईटी और रियल्टी शेयरों में खरीदारी से बाजार को सपोर्ट मिला। सुबह सेंसेक्स 100 से ज्यादा अंक चढ़कर 80,588 पर खुला। इसी तरह नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का निफ्टी-50 मजबूती के साथ 24,728 पर खुला। हालांकि, कुछ ही देर में बढ़त कम हो गई।

ग्लोबल बाजारों की बात करें तो




विदेशी निवेशक ब्रिटेन के मनी सप्लाई डेटा, यूरो एरिया की आर्थिक भावना, और जापान के जेजीबी खरीद कार्यक्रम के आंकड़ों का इंतजार कर रहे हैं। ऑस्ट्रेलिया का रिजर्व बैंक भी आज से अपनी दो दिन की नीति बैठक शुरू कर रहा है। घरेलू मोर्चे पर निवेशक इंडस्ट्रियल प्रोडक्शन और मैन्युफेक्चरिंग डेटा का इंतजार कर रहे हैं। एशियाई बाजारों में सोमवार को मिलेजुले रुख के साथ खुले। ऑस्ट्रेलिया का एसएंडपी, एएसएक्स 200 0.43 फीसदी बढ़ा। दक्षिण कोरिया का कॉपी 1.05 फीसदी बढ़ा। जबकि जापान का इंडेक्स 225 इंडेक्स 0.68 फीसदी गिरा। वहीं अमेरिका के प्रमुख शेयर बाजार शुक्रवार को अमेरिकी मुद्रास्फीति डेटा के लगभग समान रहने के बाद बढ़त के साथ बंद हुए। एसएंडपी 500 इंडेक्स 0.59 फीसदी चढ़कर बंद हुआ। नेस्डैक कंपोजिट 0.44 फीसदी बढ़ा और डॉव जोन्स 0.65 फीसदी ऊपर रहा।

# आरबीआई की एमपीसी की तीन दिनी बैठक शुरू

## दिवाली से पहले मिल सकता है सस्ते कर्ज का तोहफा

**मुंबई**

आरबीआई की मौद्रिक नीति समिति (एमपीसी) की तीन दिन की बैठक सोमवार से मुंबई में शुरू हो गई है। समिति का मुख्य उद्देश्य मौजूदा आर्थिक हालात का आकलन कर रीपो रेट और अन्य पॉलिसी दरों पर निर्णय लेना है। बैठक के दौरान सदस्य बाजार की स्थिति, महंगाई और आर्थिक विकास के दृष्टिकोण पर विचार-विमर्श करेंगे। इसके बाद बुधवार 1 अक्टूबर को सुबह 10 बजे आरबीआई गवर्नर संजय मल्होत्रा बैठक के फैसले का ऐलान करेंगे। यह निर्णय बाजार और व्यवसायों के लिए महत्वपूर्ण होता है क्योंकि इससे उधारी की लागत और आर्थिक गतिविधियों पर असर पड़ता है। पिछली अगस्त की बैठक में रीपो रेट 5.5 फीसदी पर स्थिर रखा गया था। इससे पहले जून में 50 बेसिस पॉइंट की कटौती और फरवरी-अप्रैल में 25-25 बेसिस पॉइंट की कमी की गई थी। मई 2022 से फरवरी 2023 के बीच रेपो रेट में कुल 250 बेसिस पॉइंट बढ़ोतरी हुई थी। आईक्रा की मुख्य अर्थशास्त्री अदिति नायर के अनुसार, जीएसटी सुधार से अक्टूबर-नवंबर 2025 में महंगाई में गिरावट देखने को मिल सकती है, लेकिन इसके बाद महंगाई का स्तर फिर बढ़ सकता है। नायर का कहना है कि जीएसटी सुधार महंगाई को कम करेगा, लेकिन इससे मांग बढ़ने की संभावना भी है। इस कारण अक्टूबर 2025 की बैठक में रेपो रेट को स्थिर रखने की संभावना अधिक है। सरकार के जीएसटी सुधार के बाद, दिवाली के त्योहार से पहले आरबीआई उपभोक्ताओं को राहत देने के लिए रीपो रेट में कटौती कर सकती है।




# अक्टूबर में तीन दिन बंद रहेंगे शेयर बाजार

**21 अक्टूबर को दोपहर 1:45 से 2:45 बजे तक होगा एक घंटे का विशेष मुहूर्त ट्रेडिंग सेशन**

**नई दिल्ली** अक्टूबर 2025 में भारतीय शेयर बाजार (बीएसई और एनएसई) तीन प्रमुख अवसरों पर बंद रहेंगे। इस दौरान निवेशक किसी भी तरह की ट्रेडिंग नहीं कर पाएंगे। 2 अक्टूबर गुरुवार को गांधी जयंती और दशहरा के कारण बाजारों में अवकाश रहेगा। 21 अक्टूबर मंगलवार को दिवाली लक्ष्मी पूजन के अवसर पर ट्रेडिंग नहीं होगी। वहीं 22 अक्टूबर बुधवार को बलिप्रतिपदा के चलते बाजार एक और दिन बंद रहेंगे। इन छुट्टियों की पुष्टि बीएसई और एनएसई की आधिकारिक वेबसाइटों पर दी गई जानकारी के अनुसार की गई है। हालांकि, 21 अक्टूबर को दिवाली के दिन एक विशेष ट्रेडिंग सेशन आयोजित किया जाएगा, जिसे मुहूर्त ट्रेडिंग कहा जाता है। यह एक घंटे का ट्रेडिंग सेशन दोपहर 1:45 बजे से 2:45 बजे तक होगा। हर वर्ष यह ट्रेडिंग सेशन एक शुभ मुहूर्त पर आयोजित किया जाता है और इसे हिंदू नव वर्ष विक्रम संवत 2082 की शुरुआत के रूप में माना जाता है। धारणा है कि इस विशेष समय में ट्रेडिंग करने से निवेशकों को सौभाग्य और समृद्धि प्राप्त होती है। इसके अतिरिक्त 5 नवंबर को गुरु नानक जयंती और 25 दिसंबर को क्रिसमस के दिन भी शेयर बाजार बंद रहेंगे।

# मांझी बोले, 'आई लव मोहम्मद' से फैल रही सांप्रदायिकता की बदबू





**गयाजी।** में केंद्रीय मंत्री जीतनराम मांझी ने देर रात 'आई लव मोहम्मद' पोस्टरों पर अपनी आपत्ति जताई। मांझी ने इसे सीधे-सीधे समाज में सांप्रदायिक जहर घोलने की साजिश बताई। उन्होंने कहा कि धर्म का असली मतलब इंसान बनना और बनाना है, लेकिन इसे नफरत फैलाने के औजार के रूप में इस्तेमाल करना किसी भी सभ्य समाज के लिए खतरनाक है।आई लव मोहम्मद जैसी हरकतों पर प्रतिबंध होना चाहिए। उन्होंने कहा कि बरेली की घटना से हमें सबक लेनी चाहिए। ऐसे मसले पर न तो कोई बात करनी चाहिए न ही उन्माद फैलानी चाहिए।मांझी आदर्श लीला समिति की ओर से आजाद पार्क में आयोजित रामलीला के उद्घाटन समारोह में पहुंचे थे। मीडिया ने जब उनसे यूपी के बरेली और अब गयाजी में आई लव मोहम्मद पोस्टर लगाए जाने पर सवाल किया, तो उनका जवाब तीखा-संतुलित था। उन्होंने कहा कि यहां स्पष्ट रूप से साम्प्रदायिकता की बू आ रही है। प्रशासन को ऐसे मामलों में लोहे की तरह सख्त होना चाहिए।मांझी ने रामायण की चौपाई 'भय बिन होत न प्रीति' का हवाला देते हुए कहा कि अगर सख्ती नहीं होगी तो इस तरह के प्रयोग बार-बार होंगे। भारत में रहना है तो भारत की बात करनी होगी, धर्म की आड़ में राष्ट्रीयता से खिलवाड़ किसी कीमत पर बर्दाश्त नहीं की जाएगी।उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के बयान का जिक्र करते हुए कहा कि चुनाव आयोग के जरिए बाहरी तत्वों को हटाने की बात हो रही है, असल में वही बाहरी लोग समाज में वैमनस्य पैदा कर रहे हैं। सीट शेयरिंग का मामला अभी टला हुआ है यहीं नहीं, मांझी ने भाजपा के फायरब्रांड नेता गिरिराज सिंह के बारे में कहा कि वे जवाब देते हैं। मीडिया ने कहा कि गिरिराज ने पलटवार करते हुए ह्लजय सनातन, जय महादेवह्व का नारा दिया है। इस पर मांझी ने कहा कि गिरिराज भी आई लव मोहम्मद का जवाब उसी अंदाज में दे रहे हैं। राजनीति के सवालों पर भी मांझी ने साफ किया कि सीट शेयरिंग का मामला अभी टला हुआ है। उन्होंने कहा कि बीते दिनों अमित शाह के साथ बैठक में सीटों को लेकर कोई निर्णय नहीं हुआ। संभव है कि दुर्गा पूजा के बाद इस मसले पर अंतिम बातचीत हो।

## लेदर शोरूम में चोरी, सीसीटीवी में कैद




**समस्तीपुर।** शहर के मोहनपुर रोड स्थित एक लेदर शोरूम में चोरी हुई थी। वारदात का सीसीटीवी फुटेज सामने आया है। मात्र एक चोर ने ही वारदात को अंजाम दिया है। सीसीटीवी फुटेज में साफ दिख रहा है कि बदमाश करीब 2 मिनट के अंदर चोरी वारदात को अंजाम देता है।

हाथ में टॉर्च लिए चोर शटर को उठाकर लेदर शोरूम के अंदर प्रवेश करता है और अंदर में एक-एक कर सभी दराज को खोल देता है। कैश और महत्वपूर्ण कागजात लेकर फरार हो जाता है। चोर ने ब्लू रंग की शर्ट पहन रखी है। चोर ने नगद के अलावा किसी और सामान को टच नहीं किया। घटना की जानकारी रविवार सुबह शोरूम कर्मियों को समय मिलती है जब वे लोग दुकान खोलने के लिए पहुंचते हैं। मुफस्सिल थाना अध्यक्ष सह इंस्पेक्टर अजीत कुमार सिंह ने कहा कि सीसीटीवी फुटेज में घटना कैद हुई है। जिसकी पहचान कर उसकी गिरफ्तारी को लेकर लगातार प्रयास किया जा रहे हैं जल्द ही उसे गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

## दरभंगा में नाबालिग ने फंदे से लटक की आत्महत्या



**दरभंगा।** में रविवार को 16 साल के सूरज कुमार झा उर्फ आदित्य ने अपने घर में फंदे से लटक आत्महत्या कर ली। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, किशोर घर में अकेला था। इसी दौरान उसने बांस के बल्ले में गमछे के सहारे फांसी लगा ली।परिजनों ने बताया कि मृतक करीब 25 दिन पहले इंटर की परीक्षा देने गांव आया था और यहां चौथे चाचा कृष्णकांत झा के घर रह रहा था। बताया कि वह अक्सर नशेड़ी युवकों की संगत में पड़ गया था और कभी-कभी नशा भी करता था। रविवार को दोपहर तक उसने खेत-पटवन का काम किया और घर लौटने के कुछ देर बाद सुसाइड किया। घटना बहेड़ी थाना क्षेत्र के बिठौली गांव की है।मृतक के पिता कौशल झा कोलकाता में ट्रक चलाते हैं। सूरज इकलौता बेटा था। घटना की सूचना मिलते ही बहेड़ी थाना पुलिस मौके पर पहुंची। एसडीपीओ आशुतोष कुमार, थानाध्यक्ष सूरज कुमार गुप्ता और एसआई रौशन कुमार ने घटनास्थल पर पहुंचकर जांच की। पुलिस ने मृतक के मोबाइल फोन को जब्त कर लिया है ताकि आत्महत्या के कारणों का पता लगाया जा सके।पुलिस सूत्रों के अनुसार, प्रारंभिक जांच में परीक्षा में असफलता, प्रेम-प्रसंग या किसी निजी विवाद जैसी आशंकाओं पर भी पड़ताल की जा रही है। शव को पोस्टमॉर्टम के लिए डीएमसीएच भेज दिया गया है। पुलिस ने मृतक के माता-पिता, जो कोलकाता में रहते हैं, को सूचना दे दी है। उनके गांव पहुंचने के बाद आवेदन के आधार पर विशेष जांच की जाएगी।

# गोपालगंज में छात्र की गला रेत कर हत्या



**गोपालगंज।** में अज्ञात बदमाशों ने गला रेतकर छात्र की हत्या कर दी। घटना थावे थाना क्षेत्र के कबिलासपुर नहर के पास स्थित खेत की है। मृतक की पहचान सीवान जिले के बरहड़िया थाना क्षेत्र के माधोपुर निवासी धर्मेंद्र कुमार साह का बेटा विक्की कुमार(20) के रूप में हुई है।

विक्की कुमार अपने गांव के ही दोस्त नीतीश के साथ बाइक पर सवार होकर किसी काम के सिलसिले में गोपालगंज आया था। इसी बीच वह थावे थाना क्षेत्र के कबिलासपुर नहर के समीप से तुरकाहां जाने वाली मार्ग से होकर वापस अपने घर लौट रहा था।बदमाशों को देख दोस्त भाग गयाइसी दौरान अज्ञात बदमाशों ने सुनसान इलाके को देख कर उसे रुकवाया और उसे पकड़कर खेत की तरफ खींचते हुए लेकर गए। इतने में उसका दोस्त भागते हुए गांव की तरफ गया और शोर मचाई। इसके बाद बड़ी संख्या में स्थानीय लोग वहां पहुंचे। लेकिन तब तक बदमाश घटना को अंजाम देकर फरार हो गए थे।वहीं स्थानीय लोगों ने इसकी सूचना तत्काल पुलिस को दी। सूचना पाकर पहुंची पुलिस ने शव को पोस्टमॉर्टम के लिए सदर अस्पताल लेकर पहुंचे, जहां पोस्टमॉर्टम करा शव परिजन को सौंप दिया। पुलिस पूरे मामले की जांच में जुट गई है। पटना में रहकर करता था पढ़ाई परिजन ने बताया कि मृतक बीए पार्ट 1 का छात्र था और पटना में रहकर पढ़ाई करता था। पिछले कुछ दिन पहले ही अपने घर आया। मां पिता का इकलौता बेटा था। पिता सरकारी स्कूल के शिक्षक है।वहीं सूचना पर सदर एसडीपीओ प्रांजल अस्पताल पहुंचे और मामले की जांच शुरू कर दी गई है। इस संदर्भ में उन्होंने बताया कि एक छात्र की चाकू से गला रेत कर हत्या की गई है। गोपालगंज पुलिस ने घटना की गंभीरता को देखते हुए तत्काल कार्रवाई शुरू कर दी है। हत्यारों की तलाश में जुट गई है। पुलिस ने छात्र के परिजनों से पूछताछ की है ताकि कोई सुराग मिल सके। परिजनों ने किसी संभावित विवाद या धमकी के बारे में जानकारी नहीं दी है। पुलिस प्रशासन ने आश्वासन दिया है कि दोषियों को जल्द से जल्द गिरफ्तार कर सख्त सजा दी जाएगी।

# '20 हजार में बांग्लादेशी-पाकिस्तानी का बन जाएगा आधार कार्ड




**पटना।** 20 हजार दीजिए, विदेशी नागरिकों का आधार कार्ड बना देंगे। हम एक दो नहीं 5 हजार से ज्यादा आधार और निवास प्रमाण-पत्र बना चुके हैं। नेपाल, बांग्लादेश, पाकिस्तान के लोग यहां आते हैं। हम बिल्कुल ओरिजिनल आधार कार्ड बनाते हैं, यहां फर्जी स्कैन वाला कोई काम नहीं होता है। हम जो बनाएंगे वह भारत सरकार की वेबसाइट पर दिखेगा, आधार नंबर डालकर चेक कर लेना। चुनाव नजदीक है, काम से फुर्सत ही नहीं।यह दावा नेपाल सीमा पर आधार कार्ड बनाने वाली एक बड़ी गैंग के सदस्य ने भास्कर के कैमरे पर किया है। वह अकेला नहीं, गैंग के 8 सदस्य ऐसा दावे करते भास्कर के खुफिया कैमरे में कैद हुए हैं। इन्वेस्टिगेशन टीम को इनपुट मिला था कि बिहार में ज्यादा संख्या में विदेशी नागरिक आधार कार्ड और निवास प्रमाण पत्र बनवाकर रह रहे हैं।इन्वेस्टिगेशन टीम ने पूर्वी चंपारण, पश्चिमी चंपारण, सीतामढ़ी, मधुबनी, सुपौल, अररिया और किशनगंज में आधार कार्ड बनाने वाले नेटवर्क को खंगालना शुरू किया। किशनगंज में एक साइबर कैफे चलाने वाले ने बताया पुलिस की सख्ती से यहां काम बंद है, लेकिन सीतामढ़ी में आधार कार्ड बन जाएगा।हमारी टीम सीतामढ़ी पहुंची तो एक साइबर कैफे से ही बड़े नेटवर्क का लिंक मिला। एक लिंक के सहारे हमारी टीम सीतामढ़ी के डुमरा, बैरगनिया, सुरसंड, परिहार, सोनवर्षा और भिट्ठामोड़ समेत आसपास के करीब 30 कैफे में पहुंची।सीतामढ़ी में नेपाल सीमा पर स्थित भिट्ठामोड़ से लगभग 7 किलोमीटर दूर हम कोरीयाही गांव पहुंचे। गांव के पास ही एक छोटा सा बाजार था, जहां 20 से अधिक छोटी बड़ी दुकानें थीं।सुबह का समय था, इसलिए ज्यादातर दुकानें बंद थीं। इसी बाजार में एक ऑनलाइन सेंटर दिखा, जो गुमटी में चल रही थी। सेंटर तो बंद था, लेकिन बगल के एक दवा दुकानदार ललन ने इशारा कर हमें बुला लिया।दवा दुकान बंद थी, ललन बाहर ही अपने स्टाफ का इंतजार कर रहा था। ललन से दुकान के बाहर ही आधार को लेकर हमारी पूरी डील हुईअगले दिन ललन ने रिपोर्टर को दुकान पर बुलाया और बताया कि 2 दिन बाद आप आदमी को ले आइए। आज फोटो और पैसा जमा कर दीजिए। रिपोर्टर पैसे और फोटो लेकर आने की बात कहकर चला गया।कोरीयाही गांव में मेडिकल स्टोर से 700 मीटर दूर यदुपट्टी बाजार में हमे एक पक्के मकान में कम्प्युटर-मोबाइल और गिफ्ट आइटम की दुकान दिखी। हमारी टीम ने यहां साइबर कैफे का पता पूछा, तो दुकानदार काम पूछने लगा। रिपोर्टर ने जैसे ही आधार कार्ड का नाम लिया, वह आधार बनवाने को तैयार हो गया। मोबाइल और गिफ्ट दुकानदार विवेक ने हमसे पूरी डील की।यदुपट्टी बाजार में हमें एक चाय की दुकान पर सुरसंड का पता चला, वहां अपना कम्प्युटर डिजिटल सेवा का पता चला। रिपोर्टर सुरसंड में जब अपना कम्प्युटर डिजिटल सेवा पहुंचा तो यहां धर्मेंद्र मिला। धर्मेंद्र ने विदेशी के लिए 20 हजार का खुला रेट बताया। धर्मेंद्र ने दावे के साथ कहा, विदेशी का भी ओरिजिनल आधार देंगे।धर्मेंद्र से डील होने के बाद अब सबसे बड़ी चुनौती विदेशी लड़के को लेकर थी, जिसे लेकर हम इस पूरे नेटवर्क के दावों की पड़ताल कर सकें। रिपोर्टर नेपाली लड़के की तलाश में जुट गया।

# 10 घंटे बिना हिले पंडाल में बैठती हैं चैतन्य देवी





**पटना।** नवरात्र का आज यानी सोमवार को सप्तमी है और मां दुर्गा का पट खुलते ही श्रद्धालु दर्शन कर सकेंगे। पटना के कई पूजा पंडालों में मूर्ति नहीं, बल्कि साक्षात लड़कियां देवी बनकर दर्शन देंगी।उनका पूरा साज श्रृंगार देवी की तरह रहता है। यहां तक कि लड़कियां ही गणेश और कार्तिकेय का रूप धारण करती हैं।

इन लड़कियों की शरीर पर मिट्टी लगाई जाती है, ताकि मूर्ति का स्वरूप दिखे। फिर घंटों मेकअप के बाद वो 10 घंटे एक ही आसन में रहती हैं।शरीर में किसी तरह की हलचल नहीं दिखती है। इन्हें चैतन्य देवी बोला जाता है। माता के दर्शन के दौरान चैतन्य देवी को देखकर भक्तों को पता ही नहीं चलता है कि देवियों के इस रूप में मूर्ति नहीं लड़कियां हैं।पंडालों में मां दुर्गा के नौ रूपों में नौ चैतन्य देवी होती हैं। कहीं दुर्गा, लक्ष्मी और सरस्वती को भी बैठाया जाता है। इसके साथ कार्तिक और गणेश भी लोगों को दर्शन देते हैं। ब्रह्मकुमारी संस्थान की निदेशिका संगीता ने कहा कि, पटना के अलग-अलग स्थान पर चैतन्य देवियों की झांकी लगाई जा रही है। उनका एक स्वरूप हम चैतन्य देवी की झांकी के रूप में दिखाते हैं। वो ईश्वरीय संदेश देते हैं कि आत्मा के अंदर जो दिव्य शक्तियां है, विश्व के सर्व आत्माओं में है। सिर्फ उसे पहचानना है और उसे जागृत करना है। जिन्होंने जागृत कर लिया है, उनका स्वरूप हम झांकी के रूप में दिखाते हैं। ब्रह्मकुमारी विश्वविद्यालय के अंदर राजयोगी तपस्वी हैं। हम लोग अपने जीवन को त्याग, तपस्या और सेवा के लिए ही समर्पित रहते हैं। हम अपने जीवन में शक्तियों और गुणों की धारणा राजयोग की तपस्या से कर रहे हैं, आध्यात्मिक ज्ञान के आधार से कर रहे हैं।आजीवन सात्विक खाना खाने का लेती हैं संकल्पउन्होंने आगे बताया कि, जो बच्चियां देवी बनती हैं, उनमें यह देखा जाता है कि वह दिव्यता, पवित्रता को अच्छे से फॉलो करती है या नहीं। इसके साथ ही वह दिव्य गुण जैसे- मधुरता, नम्रता, सहनशीलता को अपनाती हैं या नहीं। इसमें सबसे महत्वपूर्ण सात्विकता है।18 से 25 साल की उम्र के बीच की लड़कियां होती हैं, जो देवी के रूप में बैठती हैं। यह बच्चियां हर दिन राज योग का अभ्यास करती हैं। एक तरह से वो परमात्मा की शक्ति ले रही होती हैं।

44 साल पहले हुई थी शुरूआत

इसकी शुरूआत पटना में 1980 से हुई थी। सबसे पहले कदमकुआं के पास चैतन्य देवियों को बैठाया गया था। अब धीरे-धीरे यह अन्य स्थानों पर भी बैठाया जाने लगा है। वर्तमान में शेखपुरा, महेंद्रू, राजा बाजार, सिपारा, डाकबंगला, दानापुर, खगौल, संपतचक और कंकड़बाग में बैठाया जाता है। सप्तमी, अष्टमी और नवमी को देवी दर्शन देने के लिए चैतन्य देवियां बैठती हैं।पिछले 10 सालों से देवी के रूप में विराजमान होने वाली गुड़िया ने बताया कि, ऐसा लगता है कि यह देवी कोई और नहीं, बल्कि हम ही हैं। उस रूप में एकाग्रता की शक्ति भी आ जाती है। नींद भी कहां चली जाती है, पता ही नहीं चलता है। जब भक्तों की भीड़ जुटती है तो ऐसा लगता है कि वो कितने श्रद्धा से घूम रहे हैं।चैतन्य देवी बनने के लिए मैंने आजीवन सात्विकता का प्रण लिया है। मैंने ग्रेजुएशन की पढ़ाई पूरी करने के बाद सरेंडर किया है। मैंने अब इसी सादा जीवन को अपना लिया है। मुझे दिखावा वाला जीवन तुच्छ लगता है।पंडाल में देवी काली बनने वाली ईशा ने बताया, जब हम पंडाल में जाते हैं तो अपने आप में शक्ति महसूस करने लगते हैं। वह शक्ति अपने आप वहां पर आ जाता है। शुरूआत में मुझे डर लगता था, लेकिन अब डर नहीं लगता है। बैठते ही अचानक एक पावर आ जाता है। एक पॉजिटिव वाइब आती है। हम लोग अपने आप को देवी ही मानते हैं। दुर्गा पूजा वाले दिन देवी के रूप में तैयार होते हैं। सतयुग में जैसे बताया गया है कि सब देवी होती थी और कलयुग में देवी नहीं है। मगर हम लोग खुद को देवी माने तो फिर हम लोग देवी हैं। ईशा अभी ग्रेजुएशन फाइनल ईयर में है और आगे बैंकिंग करना चाहती हैं।लोगों को देवी के रूप में दर्शन देने के लिए रोज शाम 6 से सुबह 4 बजे तक चैतन्य देवियां बैठती हैं। इस दौरान उन्हें लिक्विड फूड दिया जाता है, जैसे नारियल पानी या जूस। भरपेट भोजन करने के बाद नींद आने लगेगी, इसलिए उससे बचा जाता है।चेहरे, गर्दन और हाथों में लगाई जाती दो तरह की मिट्टी मेकअप आर्टिस्ट सुनीति ने बताया कि, इन बच्चियों को बचपन से ही योग के जरिए एकाग्रता सिखाई जाती है। इन्हें योग द्वारा एकाग्रता की शक्ति पहले से प्राप्त है।

## संक्षिप्त डायरी

### उधार में सिगरेट नहीं दी तो दुकानदार को पीटा



**समस्तीपुर।** जिले के खानपुर थाना क्षेत्र में 10 रुपए की सिगरेट उधार न देने पर एक दुकानदार के मारपीट की। घटना मनवाड़ा गांव में हुई। दुकानदार संजय पासवान, उनके 11 वर्षीय बेटे शिवम पासवान और 21 वर्षीय बेटी चंदा देवी घायल हो गए।संजय पासवान ने बताया कि मनवाड़ा चौक पर उनकी अंडे और गुटखा की दुकान है। घटना के समय वह खाना खाने घर गए थे और दुकान पर उनका बेटा शिवम था। पड़ोस का युवक अशोक पासवान शिवम से 10 रुपए की सिगरेट उधार मांगने आया। सिगरेट उधार न देने पर अशोक ने गाली-गलौज करते हुए उसके साथ मारपीट की।शिवम ने भी अशोक को अपशब्द कहे, जिससे नाराज होकर अशोक अपने घर चला गया और अपने परिजनों को बुलाकर लाया। इसके बाद उसने शिवम के साथ फिर मारपीट शुरू कर दी। शोर सुनकर संजय पासवान और उनकी बेटी चंदा देवी मौके पर पहुंचे, तो हमलावरों ने उनके साथ भी मारपीट की।आसपास के लोगों के हस्तक्षेप के बाद मामला शांत हुआ। घायल संजय पासवान, शिवम पासवान और चंदा देवी को इलाज के लिए सदर अस्पताल ले जाया गया। आपातकालीन वार्ड में तैनात डॉ. राजीव रोशन चौधरी ने बताया कि सभी घायलों को अंदरूनी चोटें आई हैं, जिनका एक्स-रे कराया जा रहा है। रिपोर्ट आने के बाद आगे का इलाज किया जाएगा।खानपुर थाना प्रभारी रंजीत कुमार चौधरी ने बताया कि उन्हें मारपीट की सूचना मिली है। जांच के लिए 112 की पुलिस टीम को मौके पर भेजा गया है। उन्होंने आश्वासन दिया कि घायलों की ओर से लिखित शिकायत मिलने पर आवश्यक कार्रवाई की जाएगी।


### जिस सरकार में भ्रष्टाचारी, वो जनता के हित में नहीं



**समस्तीपुर।** में ऑल इंडिया स्टूडेंट एसोसिएशन (आइसा) और इंकलाबी नौजवान सभा (आरवाईए) ने भगत सिंह के जन्मदिवस के मौके पर देशव्यापी हुंकार दिवस पर रविवार देर शाम मशाल जुलूस निकाला।

जुलूस शहर की पुरानी बस स्टैंड, पोस्ट ऑफिस से ओवर ब्रिज होते हुए मगरदही घाट स्थित भगत सिंह स्टैचू पर आकर समाप्त हुआ। शहीद ए आजम भगत सिंह के स्टैचू पर आइसा-आरवाईए नेताओं ने माल्यार्पण किया।इसके बाद सभा की गई। अध्यक्षता आइसा जिला अध्यक्ष लोकेश राज और संचालन आरवाईए जिला सचिव रौशन कुमार ने किया। आइसा जिला सचिव सुनील कुमार ने कहा इस जुलूस के जरिए साफ संदेश दिया कि आजादी के 77 साल बाद भी नौजवानों की जिंदगी गुलामी जैसी हालत में धकेल दी गई है। जिसके तरह भगत सिंह ने अपने समय में चेतावनी दी थी कि अंग्रेजों के जाने के बाद सत्ता पर भूरे अंग्रेज काबिज हो जाएंगे और वे भी अंग्रेजों की तरह जनता का शोषण करेंगे, आज भगत सिंह की कही यह बात पूरी तरह सच साबित हो रही है।आइसा जिला अध्यक्ष लोकेश राज ने कहा कि बिहार कि डबल इंजन सरकार ने भ्रष्टाचार की सारी सीमाएं लांघ दी हैं, बिहार सरकार के कई मंत्रियों और सांसदों का खुला भ्रष्टाचार जनता के सामने आ चुका है और जिस सरकार में मंत्री ही चरम भ्रष्टाचार में डूबे हों और घोटालों की परतें लगातार उजागर हो रही हों, वह सरकार जनता के हित में नहीं हो सकती।मौके पर आरवाईए जिला कार्यालय सचिव राहुल कुमार, नगर सचिव कुंदन कुमार, जिला उपाध्यक्ष नवीन कुमार, आइसा जिला उपाध्यक्ष दीपक यदुवंशी, अनिल कुमार, सह सचिव द्राक्षा जवी, मो. फरमान , मो फैयाज, विवेक कुमार सिंह, विशाल कुमार, रोहित,मो तौसीफ, राहुल कुमार, धीरज, सोनू कुमार,शिवा कुमार, मोनू, पप्पू कुमार, आदित्य,मो आफताब,मो मकबूल, अभिषेक व आरवाईए नेता राजीव कुमार, अनिल शर्मा, रोहित साहनी, तिलक सदा, मुरली कुमार, मधुकर राम, मुरली कुमार, परीक्षण सदा, मो. साहिद, रामू सदा, भुल्ला सदा सहित सैकड़ो नौजवान मार्च में शामिल थे।

### 'हर व्यापारी तक जीएसटी सुधारों की सही जानकारी पहुंचाई जाएगी



**दरभंगा।** जीएसटी सुधार से व्यापारियों और उपभोक्ताओं को बड़ी राहत,लहेरियासराय में भाजपा व्यापार प्रकोष्ठ का जीएसटी बचत उत्सव, सैकड़ों व्यापारी हुए शामिलदरभंगा में भाजपा व्यापार और वाणिज्य प्रकोष्ठ के संयुक्त देखरेख में रविवार को लहेरियासराय ऑडिटोरियम में जीएसटी बचत उत्सव कार्यक्रम का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता भाजपा जिला अध्यक्ष प्रो. आदित्य नारायण मन्ना ने की। इसमें बड़ी संख्या में व्यापारी वर्ग, उद्यमी, बुद्धिजीवी एवं सामाजिक प्रतिनिधि शामिल हुए।राष्ट्रीय व्यापारी कल्याण बोर्ड के अध्यक्ष सुनील सिंधी ने कहा कि जीएसटी सुधारों से देशभर के व्यापारियों, उपभोक्ताओं और उद्योग जगत को सीधा लाभ हुआ है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में कर प्रणाली को सरल, पारदर्शी और जनहितैषी बनाया गया है। उन्होंने कहा कि जीएसटी बचत उत्सव व्यापारियों को जागरूक करने और सरकार की योजनाओं की जानकारी देने का प्रभावी माध्यम है।बिहार सरकार के राजस्व एवं भूमि सुधार मंत्री संजय सरावगी ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी ने सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास और सबका प्रयास के संकल्प को मजबूत करने का कार्य किया है। जीएसटी सुधारों से टैक्स ढांचे में पारदर्शिता आई है और व्यापारी हितों की रक्षा सुनिश्चित हुई है। मंत्री हरि साहनी ने कहा कि भाजपा व्यापार प्रकोष्ठ का उद्देश्य हर व्यापारी तक जीएसटी सुधारों की सही जानकारी पहुंचाना है। मोदी सरकार और बिहार की डबल इंजन सरकार व्यापारियों की समृद्धि और बिहार के औद्योगिक विकास के लिए सतत प्रयास कर रही है।

## सुबह की भागदौड़ में नाश्ते की टेंशन खत्म! 10 मिनट में बनाएं प्रोटीन से भरपूर मल्टीग्रेन चीला



मोर्निंग में इतनी जल्दी होती है कई लोग ब्रेकफास्ट करना ही छोड़ देते हैं। क्या आप भी ऑफिस जल्दी जाने के चक्कर में ब्रेकफास्ट छोड़ देते हैं। अगर आप नाश्ते में हेल्दी मल्टीग्रेन चीला बनाएंगे तो यह आपके लिए हेल्दी साबित होगा। इस बनाना भी काफी आसान है। यह नाश्ता पौष्टिकता से भरपूर है, आइए आपको इसकी रेसिपी बताते हैं।

सुबह के नाश्ते के लिए हमेशा टेंशन बनीं रहती है क्या बनाया जाए। सुबह-सुबह भागदौड़ लगी रहती है ब्रेकफास्ट बनाने की, बच्चों को स्कूल छोड़ने की और घर के भी सारे काम होते हैं। ऐसे में कई बार लोग ऑफिस जाते समय नाश्ता नहीं करपाते क्योंकि उनके पास समय की कमी रहती है। कई बार तो लेट न हो जाएं इसलिए भी बना हुआ नाश्ता भी छुट ही जाता है। रास्ते में हम कुछ खाने की चीज ले लेते हैं, लेकिन इससे हमारे सेहत पर काफी नुकसान पड़ता है। अब नाश्त में जल्दी बनने वाला मल्टीग्रेन चीला को बनाएं। झटपट से यह बन जाता है और स्वाद भी इसका लाजवाब होता है इसके साथ ही चीला खाना भी काफी लोगों को पसंद होता है। मल्टीग्रेन चीला खाने बॉडी को कई सारे न्यूट्रिशन मिलते हैं और यह हेल्थ के लिए भी बढ़िया है। आइए आपको इसकी रेसिपी बताते हैं।

मल्टीग्रेन चीला बनाने के लिए सामग्री

- 1/2 कप गेंहू का आटा
- 1/4 कप बेसन (चने का आटा)
- 1/4 कप ज्वार या बाजरे का आटा
- प्याज, टमाटर, शिमला मिर्च, हरी मिर्च बारीक कटी हुई
- 1 चम्मच अदरक-लहसुन का पेस्ट
- नमक स्वादानुसार
- 1/2 चम्मच हल्दी पाउडर
- 1/2 चम्मच (ऑप्शनल) लाल मिर्च पाउडर
- घोल बनाने के लिए पानी
- चीला सेकने के लिए तेल या घी

मल्टीग्रेन चीला बनाने की विधि

- इसके लिए सभी आटे (गेंहू, बेसन, ज्वार/बाजरा) को एक बड़े बर्तन में मिला लें।
- अब इसमें बारीक कटी हुई सब्जियां, अदरक-लुहसन का पेस्ट, नमक, हल्दी और लाल मिर्च पाउडर डाल दें।
- इसमें थोड़ा-थोड़ा करके पानी डालें जिससे एक गाढ़ा और चिकना घोल बन जाएं। इसमें कोई गांठ न रहे। घोल न ज्यादा पतला और न अधिक गाढ़ा।
- चीला को सेकन के लिए एक नॉन-स्टिक तवा गर्म करें और इस पर थोड़ा-सा तेल या घी लगाएं।
- अब एक बड़े चम्मच से तावे पर घोल डाले और इसे फैलाएं।
- इसे आप मध्यम आंच पर दोनों तरफ से सुनहरा भूरा होने दें।
- टेस्टी और पौष्टिक से भरपूर तैयार है मल्टीग्रेन चीला। इसे आप हरी चटनी या अचार के साथ गर्मा-गरम सर्व करें।
- मल्टीग्रेन चीला खाने से आप पूरे दिन खुद एनर्जिटक महसूस करेंगे।



# मम्मी के ये छोटे-छोटे जुगाड़ किचन के काम को बनाएंगे एकदम आसान

**अगर आप भी अक्सर रोटी इसलिए नहीं बनाकर रखती हैं, क्योंकि ठंडी होकर वह उतनी नरम नहीं रहती है तो अब ये तरीका अपनाएं। गरमागरम रोटी बनते ही उसे तुरंत साफ़ किचन टॉवल में लपेट दो या फिर गरम कसेरोल में रख दो।**

किचन में खाना बनाना खाना खाने जितना आसान काम नहीं है। अगर रेसिपी में कुछ ही गड़बड़ होती है तो स्वाद पूरा ही बदल जाता है। इतना ही नहीं, कुकिंग करते समय कभी नमक ज्यादा हो जाता है तो कभी दूध का पतीला जल जाता है, तो कभी खाना बच जाता है। ऐसे में मम्मी के जुगाड़ बहुत ही काम आते हैं। इन जुगाड़ की मदद से टाइम, मेहनत और पैसे, तीनों की बचत हो जाती है।

सच कहें तो मम्मियों के किचन हैक्स सच में किसी लाइफसेवर से कम नहीं है। अगर इन ट्रिक्स को आजमाया जाए, तो ना तो आपको रेसिपी में गड़बड़ होने पर खाना फेंकने की जरूरत पड़ेगी और ना ही बेवजह दोबारा मेहनत करने की। तो चलिए आज इस लेख में हम आपको मम्मी के कुछ ऐसे ही छोटे-छोटे किचन से जुड़े जुगाड़ों के बारे में बता रहे हैं, जो यकीनन आपके भी बेहद काम आएंगे-

### रोटी को नरम रखने का जुगाड़

अगर आप भी अक्सर रोटी इसलिए नहीं बनाकर रखती हैं, क्योंकि ठंडी होकर वह उतनी नरम नहीं रहती है तो अब ये तरीका अपनाएं। गरमागरम रोटी बनते ही उसे तुरंत साफ़ किचन टॉवल में लपेट दो या फिर गरम कसेरोल में रख दो। इसके अलावा, आप मम्मी की उस सीक्रेट ट्रिक का इस्तेमाल करें। मम्मी हमेशा आटे में जरा सा गुनगुना दूध जरूर डालती थी। इससे रोटी अगले दिन भी उतनी ही मुलायम और टेस्टी लगेगी।

### अदरक को हमेशा फ्रेश रखने का जुगाड़

किचन में अदरक कई चीजों में इस्तेमाल होता है, इसलिए हम इसे अक्सर ज्यादा ही खरीद लेते हैं। लेकिन अक्सर फ्रिज में रखा अदरक भी जल्दी सूख जाता है। ऐसे में मम्मियों के इस जुगाड़ा को आजमाकर देखें। सबसे पहले अदरक को छोटे-छोटे टुकड़ों में काट लें। अब इसे मिट्टी के किसी बर्तन में डाल दो और फिर उसे फ्रिज में रख दो। इस तरह अदरक कई हफ्तों तक ताज़ा बना रहता है। वह ना तो सूखता है ना ही उसका स्वाद खराब होता है।

### तेल वाली कड़ाही को धोने का जुगाड़

तेल वाली कड़ाही को धोना इतना भी आसान नहीं होता। अक्सर हम उसमें बहुत सारा साबुन भी लगाते हैं, लेकिन इससे झाग तो निकलता है, पर चिकनाई साफ नहीं होती। ऐसे में मम्मी का वो पुराना नुस्खा आजमाकर देखो। बस एक पुराना कपड़ा लो और उस पर थोड़ा सा नमक छिड़को और कड़ाही पर अच्छे से रगड़ दो। नमक तुरंत उस चिपचिपे तेल को खींच लेगा। इसके बाद बस इसे हमेशा की तरह धो लो।

# मेहमानों को खिलाएं कुछ नया, ये कुरकुरी भिंडी चाट जीत लेगी सबका दिल

**भिंडी तो हम सभी के घरों में सब्जी के रूप में खाई जाती हैं। लेकिन आज हम आपको कुरकुरी भिंडी चाट रेसिपी के बारे में बताने जा रहे हैं। इस यूनिक भिंडी चाट को खाने के बाद हर कोई आपकी तारीफ करेगा।**

तीखा और चटपटा चाट खाना तो लगभग हर किसी को पसंद होता है। वहीं बारिश के मौसम में इसका मजा दोगुना हो जाता है। आमतौर पर हर मौसम में चाट लोगों को पसंद होती है। वहीं अधिकतर घरों में फ्रूट्स, आलू और स्प्राउट्स आदि



चाट देखने को ज्यादा मिलती है। लेकिन हर बार एक जैसा स्वाद पाकर हम अक्सर बोर हो जाते हैं। जिसके बाद हम नई डिशेज की तलाश करने लगते हैं। जिसको खाने का मजा भी आए और मुंह का स्वाद भी बदल जाए।

ऐसे में अगर आपके घर में भी लोग चाट खाने के शौकीन हैं और आप अब तक कई तरीके की चाट का स्वाद चख चुकी हैं। तो आज इस आर्टिकल के जरिए हम आपको एक बेहतरीन चाट रेसिपी के बारे में बताने जा रहे हैं। इस चाट को आप वीकेंड पर या फिर मेहमानों के आने पर फटाफट से बनाकर तैयार कर सकती हैं। भिंडी तो हम सभी के घरों में सब्जी के रूप में खाई जाती हैं। लेकिन आज हम आपको कुरकुरी भिंडी चाट रेसिपी के बारे में बताने जा रहे हैं। इस यूनिक भिंडी चाट को खाने के बाद हर कोई आपकी तारीफ करेगा।

सामग्री
भिंडी-250 ग्राम
बेसन- 200 ग्राम
दही- 1 बाउल
हींग- एक चुटकी
पालक- 250 ग्राम
सोया-100 ग्राम
जीरा- 1 चम्मच
लहसुन- 5-8 कली
राई- 1 चम्मच
अनार दाने- गार्निश के लिए
नमक- स्वादानुसार
तेल- फ्राई करने के लिए

कुरकुरी भिंडी चाट की रेसिपी

सबसे पहले पानी में नमक डालकर पालक को डाल दें।

फिर भिंडी को धोकर सुखा लें और बीच से दो भागों में लंबा काट लें।

एक ओर हरी मिर्च और लहसुन की कलियां कूट लें।

पालक ब्लांच हो जाने के बाद इसको निकालकर बर्फ के पानी में डाल दें।

बर्फ के पानी से पालक निकालने के बाद इसकी प्यूरी बना लें।

अब एक पैन में घी डालकर गर्म करें और उसमें लहसुन व हरी मिर्च का पेस्ट डाल दें।

इसमें बेसन, सोया, पालक की प्यूरी, काली मिर्च और नमक डालकर भूनें।

फिर पैन में राई, जीरा, सूखी लाल मिर्च, हींग और करी पत्ता तड़काकर दही में मिला दें।

बाउल में हींग और बेसन डालें, फिर पानी डालकर पतला घोल बनाकर उसमें कटी भिंडी डालकर मिक्स करें।

एक पैन में तेल डालकर उसको गर्म करके सभी भिंडी को उसमें क्रिस्पी होने तक फ्राई करें।

इसके बाद एक प्लेट में पालक वाली प्यूरी, उसके ऊपर फ्राई भिंडी, दही और अनार दाने डालकर गार्निश करके सर्व करें।

इस तरह से कुरकुरी और टेस्टी भिंडी चाट बनकर तैयार हो जाएगी।

# पहाड़ी चौंसा दाल के सामने फीकी पड़ी जाएगी पनीर की सब्जी

### जनिए कैसे बनाएं ये रेसिपी

हर घर में दाल जरुर बनती है। लोगों को सबसे ज्यादा दाल ही पसंद आती है। अगर आप भी रोजाना दोपहर या रात को एक प्रकार की दाल खाकर पक गए हैं, तो यह रेसिपी आपके लिए है। आप अपने घर में एकदम यूनिक तरीके से बनने वाली पहाड़ी चौंसा दाल को बना सकते हैं। आइए आपको इसकी रेसिपी बताते हैं।

अक्सर माओं को यह टेंशन होती है रोजाना खाने में नया क्या बनाएं। आजकल के बच्चे तो हर एक खाना में कमी निकालते हैं, जिससे मम्मियां परेशान हो जाती है, अब नया क्या बनाएं? वैसे तो ज्यादातर घरों में रोजाना दोपहर में अरहर का दाल और चावल जरुर बनते हैं। इन्हें बनाना भी काफी आसान होता है, ज्यादा समय भी नहीं लगता है। रोजाना दाल तो बनती है बस वैरायटी बदल जाती है। कभी-कभी को डेली दाल खा-खाकर बोर भी हो जाते हैं। अगर आप भी नई डिश ड्राई करना चाहती है तो आप पहाड़ी चौंसा दाल को बना सकते हैं। इसे बनाना बेहद आसान है और इसका स्वाद भी लाजवाब होता है। पहाड़ी चौसा दाल के आगे पनीर और छोले की सब्जी फीकी पड़ जाएगी। आइए आपको इसकी रेसिपी बताते हैं।

### पहाड़ी चौंसा दाल की सामग्री

- 1 कप काली उड़द दाल
- 2 छोटे प्याज
- 4-5 लहसुन की कलियां
- 2 इंच अदरक. 2 हरी मिर्च
- 1 बड़ा चम्मच धनिया
- मुट्ठी भर ताजा हरा धनिया
- स्वादानुसार नमक
- 1 छोटा चम्मच हल्दी पाउडर
- 1 बड़ा चम्मच गेहूं का आटा
- एक चुटकी हींग
- 1 छोटा चम्मच जीरा
- 1 छोटा चम्मच राई
- 2-3 सूखी लाल मिर्च
- 3-4 बड़े चम्मच देसी घी
- 2 लीटर पानी
- देसी घी

### चौंसा दाल बनाने की विधि

- चौंसा दाल बनाने के लिए सबसे पहले आप उड़द दाल को रोस्ट कर पाउडर बना लें।
- अब इसमें अदरक, लहसुन, हरा धनिया, धनिया के बीज और मिर्च को दरदरा कूट लें।
- इसके बाद कड़ाही को लो फ्लेम पर रखकर घी डालकर 2-3 सेकंड तक गर्म कर लें।
- अब इसमें राई, जीरा, खड़ी लाल मिर्च, हींग और प्याज को डालकर लाइट ब्राउन भून लें।
- इसमें अब दरदरा किया गया मसाला डाल दें और उसे भून लें।
- फिर इसमें उड़द दाल का पाउडर, जो पीसकर रखा गया है।
- जब दाल डाल दी हो, तो आप इसमें 1 छोटा चम्मच हल्दी पाउडर, 1 बड़ा चम्मच गेंहू का आटा और एक चुटकी हींग डालकर चलाते रहें।
- जब यह मिश्रण हरा रंग जैसा हो जाए, तो इसे गर्म पानी में मिलाएं।
- 20-25 मिनट पकाने के बाद इसका स्वाद बढ़ाने के लिए घी और मिर्च का तड़का ऊपर से लगाएं।
- यह लीजिए तैयार है चौंसा दाल, आखिर में हरा धनिया डालकर इसे सर्व करें।



# पैसे बचाकर सफेद जूतों के किनारों को चमकाएं, केमिकल-फ्री ये हैं कमाल के टिप्स



**जूतों की चमक को वापस पाने के लिए लोग केमिकल क्लीनर का इस्तेमाल करते हैं। ऐसे में आज इस आर्टिकल के जरिए हम आपको कुछ ऐसे तरीकों के बारे में बताने जा रहे हैं, जिनको अपनाकर आप जूतों के एजज को चमका सकती हैं।**

सफेद जूते दिखने और पहनने में जितने ज्यादा अच्छे लगते हैं, उतना ही उनका ध्यान रखना भी जरूरी होता है। क्योंकि एक छोटी सी गलती आपके सफेद जूतों के रंग-रूप को बदलकर रख सकता है। हालांकि आज के समय में सफेद जूते सिर्फ फुटवियर तक ही सीमित नहीं हैं बल्कि यह एक स्टाइल स्टेटमेंट बन चुके हैं। किसी खास दिन पर अधिकतर लोग सफेद जूते पहनना पसंद करते हैं। क्योंकि चाहे वह कॉलेज हो, ऑफिस हो या फिर फ्रेंड पार्टी, यह हर लुक में चार चांद लगाने का काम करता है।

लेकिन अगर सफेद जूते के किनारों पर गलती से कोई दाग लग जाए, तो इसको हटाना काफी मुश्किल हो जाता है। जूते के ऊपरी हिस्से पर लगे दाग को साफ करना थोड़ा आसान है, लेकिन किनारे पर लगे दागों को बिना रगड़े हटाना काफी मुश्किल होता है। ऐसी स्थिति में जूतों की चमक को वापस पाने के लिए लोग केमिकल क्लीनर का इस्तेमाल करते हैं। ऐसे में आज इस आर्टिकल के जरिए हम आपको कुछ ऐसे तरीकों के बारे में बताने जा रहे हैं, जिनको अपनाकर आप जूतों के एजज को चमका सकती हैं।

### ऐसे साफ करें जूते

जूते के किनारे को चमकाने के लिए आप डिटर्जेंट और टूथपेस्ट का इस्तेमाल कर सकती हैं। इसके लिए एक कटोरी में बिना जेल वाला 2-3 चम्मच टूथपेस्ट लें। फिर इसमें एक चम्मच डिटर्जेंट डालकर मिक्स करें और पेस्ट बना लें। अब जूतों के किनारों को पानी की मदद से हल्का गीला करें और जो पेस्ट आपने बनाया है, उसको लगाकर फैलाएं। वहीं 10-15 मिनट इस पेस्ट को छोड़ने के बाद ब्रश की मदद से इसको रगड़ते हुए साफ करें। फिर कपड़ा गीला करके अच्छे से पोंछ लें या फिर धोकर धूप में सुखा लें। वहीं दूसरा आसान तरीका यह है कि आप जूतों के किनारे को साफ करने के लिए किचन में रखे नमक का इस्तेमाल कर सकती हैं। इसके लिए एक कटोरी में दो चम्मच नमक और 2 चम्मच नींबू का रस मिलाकर पेस्ट बनाएं। अब इस पेस्ट को जूते के किनारे लगाकर 5-7 मिनट छोड़ दें। फिर ब्रश को हल्का गीला करके जूते के किनारे को रगड़ते हुए साफ करें।

जूते के किनारे पर लगे दाग को हटाने के लिए शेविंग क्रीम और सिरका का भी उपयोग कर सकते हैं। दोनों चीजों को मिलाकर पेस्ट बना लें। अब इस पेस्ट को जूते के किनारों पर लगाएं और फिर 10 मिनट बाद टूथब्रश की मदद से रगड़कर साफ कर लें।

# एशिया कप फाइनल में हाई-वोल्टेज ड्रामा: टीम इंडिया के मेडल लेकर भागा पाकिस्तान, अब बीसीसीआई लेने जा रहा बड़ा एक्शन

**दुबई (एजेंसी)।** एशिया कप 2025 के फाइनल में भारत ने पाकिस्तान को मात देकर लगातार तीसरी बार इस मुकाबले में अपनी बढ़त कायम रखी। लीग स्टेज से लेकर सुपर-4 और अब फाइनल में भी पाकिस्तान भारतीय टीम के आगे टिक नहीं सकी। हालांकि, जीत के बाद एक अलग तरह का विवाद सामने आया जिसने क्रिकेट प्रेमियों के बीच हलचल मचा दी।

### ट्रॉफी लेने से इनकार, नकवी का गुस्सा

बीसीसीआई ने पहले ही यह निर्णय लिया था कि भारतीय खिलाड़ी ट्रॉफी पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड के अध्यक्ष और एशियन क्रिकेट काउंसिल के प्रमुख मोहसिन नकवी से ट्रॉफी स्वीकार नहीं करेंगे। जैसे ही टीम ने सम्मानपूर्वक ट्रॉफी लेने से मना किया, नकवी आक्रोशित हो उठे। उन्होंने गुस्से में ट्रॉफी अपने साथ लेकर सीधे होटल चले गए, जिससे विवाद और बढ़ गया।

### बीसीसीआई का साफ बयान

भारतीय क्रिकेट बोर्ड के सचिव देवजीत सैकिया ने इस घटना पर खुलासा किया कि यह फैसला पहले से ही लिया गया था ताकि टीम की गरिमा बनी रहे। उन्होंने कहा कि भारतीय खिलाड़ियों का रुख साफ था और वे केवल सम्मानजनक तरीके से ट्रॉफी लेना चाहते थे।

### बीसीसीआई करेगी सख्त एक्शन

इस बीच खबर है कि बीसीसीआई अब इस मामले में आईसीसी से औपचारिक शिकायत कर सकता है। इतना ही नहीं इसे लेकर BCCI अगले महीने ICC की बैठक में इसका विरोध दर्ज कराएगा। नकवी पर भविष्य में किसी बड़े पद पर बैन लगने तक की बात कही जा रही है। आईसीसी पहले ही चेतावनी दे चुका है कि किसी भी तरह की विवादित हरकत क्रिकेट की छवि को नुकसान पहुंचा सकती है।

अब सभी की निगाहें इस पर हैं कि आईसीसी मोहसिन नकवी के खिलाफ क्या कदम उठाएगा। क्या उन्हें एशियाई क्रिकेट परिषद से हटाया जाएगा या भविष्य में किसी बड़े क्रिकेट पद से दूर कर दिया जाएगा? इससे कई सवाल खड़े हुए हैं और बहस गर्म हो गई है.



# अपनी मेजबानी में हमें पहली बार विश्वकप जीतने की उम्मीदें : हरमनप्रीत

**नयी दिल्ली (एजेंसी)।** भारतीय महिला क्रिकेट टीम की कप्तान हरमनप्रीत कौर ने कहा है कि इस बार उनकी टीम के पास विश्वकप जीतते का अच्छा अवसर है। महिला विश्वकप 30 सितंबर से शुरु होगा। इसकी मेजबान भारत कर रह है पर इसके कुछ मुकाबले श्रीलंका में भी होंगे। के हरमनप्रीत का कहना है कि उनकी टीम मेजबान होने के कारण घरेलू मैदानों पर अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन कर सकती है। हरमनप्रीत ने कहा, भारतीय टीम की कप्तानी करना भी उसके लिए सम्मान और गर्व की बात है। साथ ही कहा कि उनकी टीम पहली बार ये ट्रॉफी जीतने के लिए अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करेगी। उन्होंने कहा, विश्व कप की तैयारी काफी अच्छी रही है। टीम की सभी खिलाड़ियों ने काफी अभ्यास किया है और वह काफी अच्छे फार्म में हैं। इससे हमारी ट्रॉफी जीतने की उम्मीदें बढ़ी हैं। अब से विश्व कप जीतना चाहते हैं। साथ ही कहा कि विश्वकप हर बार की तरह ही कठिन रहेगा पर हमें अपनी टीम के खेल कौशल के आधार पर जीत की उम्मीद है। घरेलू और बाहरी मैदानों पर हाल के समय में टीम ने जिस प्रकार की सफलता हासिल की है उससे भी वह उत्साहित है। हम विश्व कप में भी इसी लय को बनाये रखने के लिए उतरेंगे।



हरमनप्रीत ने लिखा, ÷हमारी विश्व कप टीम में युवा और अनुभवी सहित सभी विभागों में पारंगत खिलाड़ी हैं। टीम में उपकप्तान स्मृति मंधाना से लेकर जेमिमा रोड्रिग्स, हरलीन देओल, प्रतीका रावल, ऋचा घोष और उमा छेत्री जैसी बल्लेबाज। वहीं रेणुका सिंह ठाकुर और अरुंधति रेड्डी के अलावा क्रांति गौड़, एन श्री चरणी और राधा यादव जैसी गेंदबाज हैं। इसके अलावा, दीप्ति शर्मा, स्नेह राणा और अमनजोत कौर जैसी ऑलराउंडर भी हैं।÷ साथ ही कहा कि घरेलू मैदानों में ये मुकाबले होने से टीम को दर्शकों का भी पूरा समर्थन मिलेगा। ऐसे में भारतीय टीम का प्रयास पहली बार विश्वकप जीतना रहेगा। भारतीय टीम अब तक दो बार विश्वकप के फाइनल में पहुंची है पर दोनो ही बार खिताब नहीं जीत पायी।

# एशिया कप : वे काफी कुछ कह रहे थे, तिलक वर्मा ने पाकिस्तान के खिलाफ फाइनल मुकाबले के बाद किया खुलासा



**दुबई (एजेंसी)।** तिलक वर्मा एशिया कप के फाइनल के दौरान जब क्रीज पर आए तो पाकिस्तान के खिलाड़ियों ने उनके खिलाफ 'काफी टीका-टिप्पणी' की जिसने इस भारतीय बल्लेबाज को उनके अब तक के करियर की सबसे शानदार पारियों में से एक खेलने के लिए प्रेरित किया। शुरुआती ओवरों में विकेट गिरने के कारण भारतीय टीम मुश्किल स्थिति में थी। दोनों टीमों के बीच तनाव वाले माहौल के बीच तिलक को बहुत कुछ कहा भी गया, लेकिन उन्होंने अपना संयम बनाए रखा और काफी दबाव वाली परिस्थितियों में कमाल की बल्लेबाजी की।

तिलक ने 'बीसीसीआई डॉट टीवी' पर टीम के साथी खिलाड़ी शिवम दुबे के साथ बातचीत में कहा, 'मैं बल्ले से जवाब देना चाहता था वे बहुत सारी बातें कह रहे थे और मैं सिर्फ अपने बल्ले से जवाब देना चाहता था। अब वे मैदान पर दिखाई नहीं दे रहे हैं।' दुबे और तिलक के बीच पांचवें विकेट के लिए 60 रन की साझेदारी ने भारत को दो गेंद शेष रहते एशिया कप जिताने में मदद की। तिलक 53 गेंदों पर 69 रन बनाकर नाबाद रहे। दुबे ने इसके बाद हल्के-फुल्के अंदाज में कहा, 'मुझे लगता है कि मेरे बल्ले ने भी बात की, उनके पास मुझे कहने के लिए ज्यादा कुछ नहीं था।'

तिलक ने कहा कि स्टेडियम के माहौल ने उन्हें इतने बड़े मुकाबले में बेहतरीन प्रदर्शन करने के लिए प्रेरित किया। इस बाएं हाथ के बल्लेबाज ने कहा, 'दर्शकों से 'वंदे मातरम' के जयकारे सुनकर मेरे रोंगटे खड़े हो गए थे। मैं बस 'भारत माता की जय' कहना चाहता हूं।'

# एशिया कप की पूरी फीस सेना और शहीदों को देने का किया ऐलान, जानें एक मैच के कितने पैसे लेते हैं सूर्यकुमार

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** एशिया कप 2025 का खिताब भारतीय क्रिकेट टीम ने अपने नाम कर लिया है। इस जीत के बाद भारतीय कप्तान सूर्यकुमार यादव ने एशिया कप की पूरी फीस सेना और शहीदों को देने का किया ऐलान किया है। एशिया कप टी20 फॉर्मेट में खेला गया था और ऐसे में ये सवाल है कि सूर्यकुमार एक टी20आई मैच से कितने पैसे कमाते हैं।

सूर्यकुमार यादव की कप्तानी में टीम इंडिया ने लगातार सात मैच जीतकर टूर्नामेंट में दबदबा बनाया और फाइनल में पाकिस्तान को 5 विकेट से हराया। दुबई इंटरनेशनल क्रिकेट स्टेडियम में खेला गया यह मुकाबला ऐतिहासिक साबित हुआ, क्योंकि इसके साथ भारत ने अपना 9वां एशिया कप खिताब जीता। इस जीत के साथ सूर्यकुमार यादव ने



### सूर्या का दिल छू लेने वाला फैसला

मैच जीतने के बाद कप्तान सूर्यकुमार यादव ने अपने फैंस का दिल जीत लिया। उन्होंने घोषणा की कि वे एशिया कप 2025 से मिली अपनी पूरी मैच फीस भारतीय सेना और पहलगाम आतंकवादी हमले के पीड़ित परिवारों को दान करेंगे।

सूर्या ने अपने आधिकारिक एक्स (Twitter) अकाउंट पर लिखा, 'मैंने इस टूर्नामेंट की अपनी पूरी मैच फीस हमारे सशस्त्र बलों और पहलगाम आतंकवादी हमले में मारे गए लोगों के परिवारों की मदद के लिए दान करने का निर्णय लिया है। आप हमेशा मेरे ख्यालों में रहेंगे। जय हिंद।'

### कितनी है सूर्या की मैच फीस?

टेस्ट मैच की फीस - रू.15 लाख
वनडे इंटरनेशनल - रू.6 लाख
टी20 इंटरनेशनल - रू.3 लाख

एशिया कप 2025 टी20 फॉर्मेट में खेला गया। सूर्या ब्रिगेड ने कुल 7 मुकाबले खेले। यानी एक मैच के रू.3 लाख के हिसाब से कप्तान सूर्यकुमार यादव को कुल रू. 21 लाख रुपये मिले। और उन्होंने यह पूरी रकम बिना सोचे-समझे भारतीय सेना को दान कर दी।

### प्रेस कॉन्फ्रेंस में सूर्या का संदेश

मैच के बाद प्रेस कॉन्फ्रेंस में भी सूर्या ने कहा कि, 'यह मेरे लिए सिर्फ एक जेस्चर है। मैं चाहता हूँ कि इसे लेकर कोई कंट्रोवर्सी न हो। मैं अपने देश के जवानों और शहीद परिवारों को दिल से सलाम करता हूँ। अगर मेरी छोटी-सी मदद से उन्हें सहारा मिलेगा, तो यह मेरे करियर की सबसे बड़ी उपलब्धि होगी।'

### महिला क्रिकेटर्स को भी समान फीस

गौरतलब है कि बीसीसीआई ने साल 2022 में ही महिला और पुरुष क्रिकेटर्स को समान फीस देने का फैसला लिया था। यानी महिला खिलाड़ियों को भी टेस्ट, वनडे और टी20 इंटरनेशनल मैच के लिए पुरुष खिलाड़ियों के बराबर भुगतान किया जाता है।

### फैंस बोले - यही है असली कप्तान

सोशल मीडिया पर सूर्या के इस कदम की जमकर सराहना हो रही है। फैंस ने लिखा, 'मैदान पर सूर्या कप्तान हैं, लेकिन दिल से वे सच्चे देशभक्त भी हैं।' कई पूर्व क्रिकेटरों ने भी उनकी तारीफ करते हुए कहा कि भारतीय क्रिकेट को ऐसा कप्तान पाकर गर्व महसूस हो रहा है।

# बोपन्ना, युजुकी शीर्ष वरीयता प्राप्त जोड़ी को हराकर जापान ओपन के फाइनल में



तोक्यो। भारत के अनुभवी टेनिस खिलाड़ी रोहन बोपन्ना और जापान के उनके जोड़ीदार ताकेरू युजुकी ने सत्र का अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करते हुए सोमवार को सेमीफाइनल में शीर्ष वरीयता प्राप्त क्रिश्चियन हैरिसन और इवान किंग की अमेरिका की जोड़ी को बेहद रोमांचक मैच में हराकर खिताबी मुकाबले का टिकट पक्का किया। बोपन्ना और युजुकी ने धैर्य दिखाते हुए हैरिसन और किंग को 4-6, 6-3, 18-16 से हराया बोपन्ना और युजुकी ने पहला सेट गंवाने के बाद दूसरे सेट में जोरदार वापसी की और फिर मैराथन सुपर टाई-ब्रेक में धैर्य बनाए रखा। उन्होंने तीसरे मैच प्वाइंट को भुनाकर मुकाबला अपने नाम किया। इस दौरान 44 वर्षीय बोपन्ना ने अपनी शानदार सर्विस का अच्छा इस्तेमाल किया, जबकि युजुकी ने शानदार रिटर्न और नेट के इस्तेमाल प्रभावित किया। इस जीत से बोपन्ना एक और फाइनल में पहुंच गए हैं। इससे पहले, 2025 में बोपन्ना का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन क्वीन्स क्लब में एटीपी 500 के क्वार्टर फाइनल तक पहुंचना था।

# कुलदीप एशिया कप में सबसे अधिक विकेट लेने वाले गेंदबाज बने, मलिंगा का रिकार्ड तोड़ा



दुबई। भारतीय क्रिकेट टीम के स्पिनर कुलदीप यादव ने पाकिस्तान के खिलाफ एशिया कप फाइनल में अपने शानदार प्रदर्शन से एक बड़ी उपलब्धि हासिल की है। कुलदीप ने इस मैच में 30 रन देकर चार विकेट लेने के साथ ही श्रीलंका के पूर्व तेज गेंदबाज लसिथ मलिंगा का एशिया कप में सबसे अधिक विकेट लेने का रिकार्ड तोड़ दिया। कुलदीप अब एशिया कप में सबसे अधिक 36 विकेट लेने वाले गेंदबाज़ बन गए हैं। वहीं अब तक ये रिकार्ड 33 विकेट के सथ ही मलिंगा के नाम था। वहीं एशिया कप में तीसरे सबसे अधिक विकेट लेने वाले गेंदबाज श्रीलंका के पूर्व दिग्गज स्पिनर मुथेया मुरलीधरन हैं। उनके नाम 30 विकेट हैं। वहीं भारत के रविन्द्र जडेजा के नाम 29 और बांग्लादेश के शाकिब अल हसन के नाम 28 विकेट हैं। फाइनल में चार विकेट लेने के साथ ही कुलदीप किसी भी एशिया कप संस्करण में सबसे ज़्यादा विकेट लेने वाले भारतीय गेंदबाज़ भी बने हैं। उन्होंने इरफ़ान पठान के 2004 में बनाए 14 विकेट के रिकॉर्ड को भी पीछे छोड़ दिया। कुलदीप ने फाइनल में पाकिस्तान के साइम अय्यूब के अलावा सलमान अली आगा, शाहीन अफरीदी और फ़हीम अशरफ़ के विकेट लिए।

# भारत का महिला जूनियर एयर राइफल में क्लीन स्वीप, हिमांशु को भी स्वर्ण पदक

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** ओजस्वी ठाकुर की अगुआई में भारत ने सोमवार को यहां आईएसएसएफ जूनियर निशानेबाजी विश्व कप की 10 मीटर महिला एयर राइफल स्पर्धा में पदकों का क्लीन स्वीप किया। ओजस्वी के स्वर्ण के अलावा हृदया श्री कोंदुर और शंभावी क्षीरसागर ने क्रमश- रजत और कांस्य पदक हासिल किया। ओजस्वी ने कर्णी सिंह निशानेबाजी रेंज में फाइनल में अपने आठवें और 16वें शॉट में 10.9 के परफेक्ट स्कोर के साथ कुल 252.7 अंक के साथ खिताब जीता।




हृदया श्री 250.2 अंक के साथ दूसरे जबकि क्वालीफिकेशन में शीर्ष पर रही शंभावी 229.4 अंक के आथ तीसरे स्थान पर रही। भारतीय तिकड़ी ने क्वालीफिकेशन में भी दबदबा बनाते हुए पहले तीन स्थान हासिल किए। शंभावी 632.0 अंक के साथ शीर्ष पर रहीं जबकि उनके बाद ओजस्वी ने 631.9 और हृदया श्री ने 629.8 अंक जुटाए। क्वालीफिकेशन में आठवें स्थान पर रहीं क्रोएशिया की अनामरिजा तुर्क ने फाइनल में 206.6 अंक के साथ चौथा स्थान हासिल किया।

पुरुष 10 मीटर एयर राइफल फाइनल में भारत के हिमांशु क्वालीफिकेशन में 633.7 अंक के साथ शीर्ष पर रहे और फिर फाइनल में फॉर्म को बरकरार रखते हुए 250.9 अंक के साथ स्वर्ण पदक जीता। व्यक्तिगत तटस्थ एथलीट दमित्री पिमेनोव ने 249.9 अंक के साथ रजत जबकि भारत के अभिनव साव ने 228.4 अंक के साथ कांस्य पदक जीता।

भारत के नारायण प्रणव वनिता सुरेश 187.0 अंक के साथ पांचवें स्थान पर रहे। पुरुष 25 मीटर रेपिड फायर पिस्टल में व्यक्तिगत तटस्थ एथलीट एलेक्सांद्र कोवालेव ने शूट ऑफ में भारत के मुकेश नेलावल्ली को पछाड़कर स्वर्ण पदक जीता। दोनों ने समान 27 हिट लगाए जिसके बाद कोवालेव ने 3-1 के स्कोर से स्वर्ण पदक जीता। मुकेश को रजत पदक मिला।

क्वालीफिकेशन के बाद शीर्ष पर रहे भारत के सूरज शर्मा ने 21 हिट के साथ कांस्य पदक जीता। समीर 15 हिट के साथ चौथे स्थान पर रहे। ट्रैप जूनियर स्पर्धा के पहले दिन कड़ा मुकाबला देखने को मिला। महिला वर्ग में व्यक्तिगत तटस्थ एथलीट सेनिया समोफालोवा, भारत की आद्या कत्याल और इटली की सोफिया गोरी 75 में से 70 निशाने लगाकर संयुक्त रूप से शीर्ष पर हैं।

अमेरिका की लूसी मायर्स 69 अंक के साथ चौथे स्थान पर हैं जबकि भारत की तनीषा सेंथिल कुमार सहित चार निशानेबाजों के 68 अंक हैं। पुरुष वर्ग में क्रोएशिया के टोनी गुडेल्ज और स्पेन के डेनियल फर्नांडिज डि विसेंटे 73 हिट के साथ शीर्ष पर हैं जबकि सात निशानेबाजों के 72 अंक हैं।

# टेलर फिट्ज ने जेनसन ब्रूक्सबी को हराकर जापान ओपन के फाइनल में किया प्रवेश



टोक्यो। अमेरिका के स्टार टेनिस खिलाड़ी टेलर फिट्ज सोमवार को जापान ओपन में अपने हमवतन जेनसन ब्रूक्सबी पर सीधे सेटों में जीत के साथ सीजन के अपने तीसरे एटीपी टूर फाइनल में पहुंच गए। दूसरे वरीयता प्राप्त फिट्ज ने आज खेले गये मुकाबले में ब्रूक्सबी को 6-4, 6-3 से हराकर फाइनल में जगह बनाई और अब उनका फाइनल में सामना शीर्ष रैंकिंग वाले कार्लोस अल्काराज और कैस्पर रूड के बीच होने वाले मैच के विजेता से होगा। फिट्ज ने ब्रूक्सबी के खिलाफ 13 ऐस लगाए और अपने पहले सर्व पॉइंट्स में से 85 प्रतिशत अंक हासिल किए, जिन्हें दुनिया के पांचवें नंबर के खिलाड़ी ने इस साल तीसरी बार हराया था। उन्होंने 5-4 के स्कोर पर ब्रूक्सबी की सर्विस ब्रेक की और पहला सेट जीत लिया। इसके बाद मैच फिट्ज के पक्ष में आ गया। फिट्ज ने दूसरे सेट में दूसरी बार 2-1 से उनकी सर्विस ब्रेक की और फिर से बढ़त बनाते हुए अपना पहला मैच पॉइंट हासिल किया।

# बीसीसीआई ने भारतीय टीम के लिए 21 करोड़ रुपये इनाम घोषित किया

मुम्बई (ईएमएस)। एशिया कप में विजेता भारतीय क्रिकेट टीम पर पैसे की बारिश होती नजर आ रही है। भारतीय टीम ने फाइनल में पाकिस्तान को पांच विकेट से हराकर रिकार्ड नौवीं बार खिताब जीता। ऐसे में बीसीसीआई ने भी उसके लिए अपना खजाना खोल दिया है। बोर्ड ने विजेता टीम के लिए 21 करोड़ रुपये के इनाम की घोषणा की है। इस घोषणा के साथ ही बोर्ड ने सोशल मीडिया पर एक पोस्ट किया – '3 वार, 0 जवाब', जो तुरंत वायरल हो गया। इस आशय था भारतीय टीम ने इस टूर्नामेंट में तीनो ही मैचों में पाकिस्तान को हराया। भारतीय टीम ने टूर्नामेंट में अपने सभी मैच आसानी से जीते। फाइनल में भारतीय टीम की जीत के नायक रहे कुलदीप यादव और तिलक वर्मा। कुलदीप ने जहां 4 विकेट लेकर पाकिस्तान को 146 रनों पर समेटा। वहीं तिलक ने नाबाद 69 रन बनाकर भारतीय टीम को लक्ष्य तक पहुचाया। इस टूर्नामेंट में भारतीय टीम की जीत में अभिषेक शर्मा की भी अहम भूमिका रही। अभिषेक को सबसे अधिक रनों के लिए प्लेयर ऑफ द सीरीज का अवार्ड मिला।

# सिवाच का विजयी गोल, भारतीय जूनियर महिला हॉकी टीम ने आस्ट्रेलिया को हराया



कैनबरा। कनिका सिवाच के गोल की मदद से भारतीय जूनियर महिला हॉकी टीम ने दौरे के तीसरे मैच में आस्ट्रेलिया अंडर 21 टीम को 1-0 से हराया। सिवाच ने 32वें मिनट में विजयी गोल दागा। पहला हाफ गोलरहित रहने के बाद भारत ने तीसरे क्वार्टर के शुरूआती मिनटों में सिवाच के गोल के दम पर बढ़त बना ली जो अंत तक कायम रही। भारत को इससे पहले आस्ट्रेलिया की अंडर 21 टीम ने दो मैचों में हराया लेकिन इस जीत से भारतीय टीम का आत्मविश्वास लौटा होगा। उसे अब आस्ट्रेलिया प्रीमियर हॉकी वन लीग खेलने वाले क्लब कैनबरा चिल से अगले दो मैच खेलने हैं।

# दो विश्व कप जीतने वाले इंग्लैंड के ऑलराउंडर ने संन्यास की घोषणा की

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** इंग्लैंड के ऑलराउंडर क्रिस वोक्स ने सोमवार को तत्काल प्रभाव से अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट से संन्यास की घोषणा करते हुए कहा कि वह काउंटी क्रिकेट खेलना जारी रखेंगे और भविष्य में फेंचाइजी के अवसरों की तलाश करेंगे। 36 वर्षीय वोक्स ने 2013 में अपने पदार्पण के बाद से 217 मैचों में इंग्लैंड का प्रतिनिधित्व किया है। उन्होंने न्यूजीलैंड के खिलाफ लॉर्ड्स में तीन विकेट लिए जिससे इंग्लैंड को 2019 आईसीसी पुरुष विश्व कप जीतने में मदद मिली। वह इंग्लैंड की 2022 विश्व कप जीत का भी हिस्सा थे, जिसमें उन्होंने मेलबर्न में पाकिस्तान को हराकर आईसीसी पुरुष टी20 विश्व कप जीता था।

### 'वह क्षण आ गया है'

वोक्स ने एक्स पर साझा किए गए एक बयान में कहा, 'वह क्षण आ गया है, और मैंने फैसला किया है कि मेरे लिए अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट से संन्यास लेने का सही समय आ गया है। इंग्लैंड के लिए खेलना एक ऐसी चीज थी जिसकी ख्वाहिश मैं बचपन से ही रखता था जब मैं घर के पिछवाड़े में सपने देखता था, और मैं खुद को बहुत भाग्यशाली मानता हूं कि मैंने उन सपनों को जीया। पिछले 15 सालों में इंग्लैंड का प्रतिनिधित्व करना, थ्री लायंस पहनना और टीम के साथियों के साथ मैदान साझा करना, जिनमें से कई मेरे आजीवन दोस्त बन गए हैं, ऐसी चीज़ें हैं जिन पर मुझे बहुत गर्व है।'

उन्होंने कहा, '2011 में ऑस्ट्रेलिया में पदार्पण करना कल की ही बात लगती है, लेकिन जब आप मजे कर रहे होते हैं तो समय उड़ जाता है। दो विश्व कप जीतना और कुछ शानदार एशेज सीरीज का हिस्सा बनना कुछ ऐसा है जिसके बारे में मैंने कभी सोचा भी नहीं था और मेरे साथियों के साथ वो यादें और जश्न हमेशा मेरे साथ रहेंगे। मेरे माता-पिता, मेरी पत्नी एमी और हमारी बेटियों लैला और एवी, आपके अटूट प्यार, समर्थन और वर्षों से दिए गए त्याग के लिए धन्यवाद। आपके बिना यह सब संभव नहीं होता।'

उन्होंने कहा, 'प्रशंसकों... मेरे कोचों, टीम के साथियों और पर्दे के पीछे के सभी लोगों - इंग्लैंड और वार्विकशायर, दोनों में, जिन्होंने मुझे अपने देश के लिए खेलने में मदद की, आपका मार्गदर्शन और दोस्ती मेरे लिए बहुत मायने रखती है। मैं काउंटी क्रिकेट खेलना जारी रखने और निकट भविष्य में और अधिक फ्रैंचाइजी अवसरों की तलाश करने के लिए उत्सुक हूं।'

### क्रिकेट करियर

गौर हो कि टेस्ट क्रिकेट में उन्होंने 62 मैच खेले, जिसमें 192 विकेट लिए, जिसमें 5 बार पारी में 5 विकेट लेना शामिल है, और 2018 में लॉर्ड्स में भारत के खिलाफ एक टेस्ट शतक बनाया। एकदिवसीय मैचों में उन्होंने 122 मैचों में 173 विकेट लिए हैं, और 33 टी20 अंतरराष्ट्रीय मैचों में, उन्होंने 31 विकेट लिए हैं।

### ECB अध्यक्ष ने धन्यवाद किया और बधाई दी

ECB के अध्यक्ष रिचर्ड थॉम्पसन ने कहा, 'इस गर्मी में एक टेस्ट मैच जीतने की कोशिश में क्रिस का हाथ स्लिंग में बांधकर बल्लेबाजी करने उतरना दर्शाता है कि उन्हें अपने देश के लिए खेलने और एक बेहतरीन टीम-साथी बनने की कितनी परवाह थी। वह मैदान के बाहर एक सज्जन व्यक्ति रहे हैं, उनके पास मैदान पर जीतने का कौशल और दृढ़ संकल्प है, और वह नियमित रूप से बल्ले और गेंद दोनों से सबसे बड़े मंच पर अपनी क्षमता का परिचय देते हैं। 2019 विश्व कप में नई गेंद से शानदार प्रदर्शन और 2022 में टी20 विश्व कप जीतने से लेकर 2023 पुरुष एशेज में श्रृंखला बदलने वाले उनके प्रभाव तक, जिसके लिए उन्हें प्लेयर ऑफ़ द सीरीज़ का सम्मान मिला, उनकी कई खास यादें हैं। हम क्रिस जैसे खिलाड़ियों के इंग्लैंड का प्रतिनिधित्व करने के लिए आभारी हैं और मैं पिछले 14 वर्षों से इंग्लैंड की जर्सी में उनके द्वारा किए गए हर काम के लिए उन्हें धन्यवाद और बधाई देना चाहता हूं।'



# एशेज में कठिन हालातों के लिए तैयार रहे इंग्लैंड टीम : स्मिथ

सिडनी। ऑस्ट्रेलिया के स्टार बल्लेबाज स्टीव स्मिथ ने कहा है कि इंग्लैंड के बल्लेबाजों को आगामी एशेज सीरीज के लिए तैयार रहना चाहिये क्योंकि ऑस्ट्रेलिया में हालात बिलकुल अलग होंगे। स्मिथ का मानना है कि इंग्लैंड के बल्लेबाजों ने पिछले कुछ समय में सपाट पिचों पर खेला है लेकिन उन्हें पता होना चाहिये कि उन्हें इस प्रकार कि पिचें हमारी यहां नहीं मिलेंगी। स्मिथ ने कहा, पिछले तीन-चार साल के दौरान देखा गया है कि ऑस्ट्रेलिया के विकेट शीर्ष क्रम के बल्लेबाजों के लिए विकेट काफी कठिन रहे हैं। यह उनके लिए एक अच्छी चुनौती होगी पर यह एक शानदार सीरीज होने वाली है। इस साल एशेज बेहद शानदार होने वाली है। स्मिथ को लगता है कि इंग्लैंड ने अपने आक्रामक रवैये पर अंकुश लगाते हुए हालातों के हिसाब से खेलना शुरू कर दिया है जबकि पहले वे आक्रामक खेल से दर्शकों का मनोरंजन करते थे। वे अब मैच जीतने पर अधिक जोर दे रहे हैं। उन्होंने इस साल फरवरी में चैंपियंस ट्रॉफी के बाद एकदिवसीय से संन्यास ले लिया था पर स्मिथ 2028 लॉस एंजिल्स खेलों तक टी20 प्रारूप में खेलते रहेंगे जिससे कि ओलंपिक में भागीदारी कर सकें।

## एअर इंडिया की उड़ान सेवाओं में कटौती मामले में केंद्र करे हस्तक्षेप : सतीशन

तिरुवनंतपुरम (एजेंसी)। केरल विधानसभा में विपक्ष के नेता वीडी सतीशन ने केंद्र सरकार से मांग की है कि वह एअर इंडिया एक्सप्रेस के अक्टूबर से राज्य के हवाई अड्डों से उड़ान सेवाओं में कटौती करने के फैसले में हस्तक्षेप करे। सतीशन ने केंद्रीय नागरिक उड्डयन मंत्री किंजरापु राममोहन नायडू को लिखे पत्र में कहा है कि इस कदम से केरल के लोगों खासकर खाड़ी देशों में रहने वाले प्रवासियों के बीच चिंता पैदा हो गई है। उन्होंने कहा कि ऐसा माना जा रहा है कि तिरुवनंतपुरम, कोच्चि, कोझिकोड और कन्नूर से प्रमुख खाड़ी देशों के लिए उड़ान सेवाएं या तो कम या फिर खत्म कर दी जाएंगी, जबकि मंगलुरु, जयपुर और लखनऊ से अतिरिक्त उड़ानें चलाई जा रही हैं। सतीशन ने कहा कि विमानन कंपनी ने आर्थिक कारणों का हवाला दिया है, लेकिन इस फैसले पर सवाल उठ रहे हैं, क्योंकि केरल से खाड़ी मार्ग एअर इंडिया एक्सप्रेस के लिए सबसे ज्यादा लाभदायक मार्गों में शामिल है। उन्होंने कहा कि इन सेवाओं में कटौती से खाड़ी देशों में काम करने वाले लाखों मलयाली लोगों को भारी कठिनाई होगी, जो किफायती और प्रत्यक्ष कनेक्टिविटी पर बहुत ज्यादा निर्भर हैं।

## आरएसएस प्रमुख मोहन भागवत ने 'संघ गीत' एल्बम किया लॉन्च

नागपुर (एजेंसी)। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) प्रमुख मोहन भागवत ने रविवार को एल्बम 'संघ गीत' लॉन्च किया है जो आरएसएस के गीतों का संग्रह है। उन्होंने इस एल्बम को मातृभूमि के प्रति समर्पण बताया। भागवत ने नागपुर में आयोजित समारोह में उपस्थित जनसमूह को संबोधित करते हुए यह बात कही। कार्यक्रम में केंद्रीय परिवहन मंत्री नितिन गडकरी और महाराष्ट्र के सीएम देवेंद्र फडणवीस भी मौजूद थे। 'संघ गीत' एल्बम में प्रसिद्ध गायक शंकर महादेवन द्वारा गाए गए 25 गीत शामिल हैं। महादेवन ने कार्यक्रम में इनमें से 10 गीत गाये। गीतों के पीछे की भावना की तारीफ करते हुए संघ प्रमुख भागवत ने कहा कि संघ गीत मातृभूमि के प्रति समर्पण और जीवन की तपस्या की उपज हैं। ये गीत स्वयंसेवकों के जीवंत अनुभवों से निकलते हैं। उन्होंने कहा कि आरएसएस के पास कई गीत हैं, जिनकी कुल संख्या अनुमानित रूप से 25,000 से 30,000 के बीच है। भागवत ने कहा कि इन गीतों का सार समर्पण की भावना में निहित है और इनके रचनाकारों के नाम ढूंढ़ना अक्सर मुश्किल है। उन्होंने कहा कि संघ गीत गाना कोई आसान काम नहीं है और महादेवन ने इन्हें एक सच्चे स्वयंसेवक की भावना से गाया है। वहीं केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी ने संघ गीत लॉन्च को एक ऐतिहासिक बताया। उन्होंने कहा कि ये गीत देशभक्ति के लिए प्रेरणा स्रोत बनेंगे। फडणवीस ने कहा कि प्रत्येक संघ गीत अत्यंत प्रेरणादायक है और जीवन जीने के मूल्यवान सबक सिखाता है।

## जुबिन गर्ग को श्रद्धांजलि देने उनके घर पहुंचे गौतम अडाणी और बेटा जीत

डिसपुर (एजेंसी)। देश के प्रमुख उद्योगपति गौतम अडाणी और उनके बेटे जीत अडाणी ने असम के गुवाहाटी में दिवंगत गायक-संगीतकार जुबिन गर्ग के घर जाकर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की। मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक अडाणी व उनके बेटे ने यहां काहिलीपाड़ा इलाके में गर्ग के घर पर करीब आधा घंटा बिताया और उनकी पत्नी गरिमा सैकिया गर्ग से मुलाकात की। अडाणी, ग्रुप के वरिष्ठ अधिकारियों के साथ रविवार रात करीब नौ बजे यहां पहुंचे और पुष्पांजलि अर्पित की। गौतम अडाणी और उनके बेटे जीत अडाणी असम की महान हस्ती को अपनी संवेदनाएं व्यक्त करने आए थे। वे कुछ देर गरिमा के साथ बैठे और गायक के असामयिक निधन पर शोक व्यक्त किया। बता दें जुबिन गर्ग का 19 सितंबर को सिंगापुर में समुद्र में तैरते समय निधन हो गया था।

## युवक ने नशे में सीएम योगी को कहे अपशब्द, पुलिस तलाश में जुटी

प्रयागराज (एजेंसी)। सीएम योगी आदित्यनाथ के खिलाफ सोशल मीडिया पर अपशब्द बोलने का मामला सामने आया है। प्रयागराज के एक युवक ने नशे में फेसबुक पर सीएम योगी को गाली देते हुए एक वीडियो पोस्ट किया, जो वायरल हो रहा है। पुलिस ने इस मामले को गंभीरता से लेते हुए आरोपी की तलाश शुरू कर दी है। पुलिस सूत्रों के मुताबिक आरोपी का नाम इमरान बताया जा रहा है, जो नारीबारी गांव का रहने वाला है और पेशे से ट्रक ड्राइवर है। वीडियो में वह नशे में सीएम योगी के खिलाफ अशोभनीय भाषा का इस्तेमाल करता नजर आ रहा है। वीडियो के वायरल होते ही हड़कंप मच गया। इलाके के लोग बताते हैं कि इमरान अक्सर नशे की हालत में रहता है। पुलिस ने मामले को गंभीरता से लेते हुए आरोपी की गिरफ्तारी के लिए छापेमारी कर रही है। आरोपी के परिवार ने पुलिस को बताया है कि वह घर पर नहीं है। वहीं यह मामला सोशल मीडिया पर चर्चा का विषय बना हुआ है और प्रशासन इसे लेकर सतर्क है।

## लेह हिंसा के बाद तनाव में पांचवें दिन भी कर्फ्यू जारी, 44 गिरफ्तार

लेह (एजेंसी)। लद्दाख में चल रहे शांतिपूर्ण प्रदर्शन के बीच 24 सितंबर को भड़की हिंसा के बाद हालात अब भी तनावपूर्ण बने हुए हैं। इसके चलते जिले में लगातार पांचवें दिन भी कर्फ्यू जारी है। प्रशासन ने बीएनएसएस की धारा 163 लागू कर दी है, जिसके तहत पांच या उससे अधिक लोगों के एकत्र होने पर प्रतिबंध है। इसके अलावा, बिना पूर्व अनुमति किसी भी तरह के जुलूस, रैली या मार्च निकालने पर रोक लगी है। तनाव के बीच पूरे लेह में सुरक्षाबलों की तैनाती बढ़ा दी गई है। लेह में हुई हिंसा के दौरान अब तक चार लोगों की मौत हो चुकी है, जबकि करीब 90 लोग घायल बताए गए हैं। पुलिस ने उपद्रव और हिंसा फैलाने के आरोप में अब तक 44 लोगों को गिरफ्तार भी किया है। गिरफ्तार किए गए लोगों में प्रमुख सामाजिक कार्यकर्ता सोनम वांगचुक प्रमुख हैं, जिन्हें राष्ट्रीय सुरक्षा अधिनियम (एनएसए) के तहत हिरासत में लेकर जोधपुर जेल भेजा गया है। यहां बताते चलें कि प्रमुख सामाजिक कार्यकर्ता वांगचुक लंबे समय से लद्दाख को संविधान की छठी अनुसूची में शामिल किए जाने की मांग उठा रहे थे।

# चिदंबरम का बड़ा दावा: 26/11 मुंबई हमले के बाद पाकिस्तान पर कार्रवाई करने से रोक दिया था विदेश मंत्रालय ने

### -पाटिल के इस्तीफे के बाद न चाहते हुए भी गृह मंत्रालय भेजा गया



नई दिल्ली (एजेंसी)। कांग्रेस नेता और पूर्व गृह मंत्री पी चिदंबरम ने दावा किया है कि 26 नवंबर 2008 के मुंबई हमले के बाद वे पाकिस्तान के खिलाफ तत्काल जवाबी कार्रवाई के पक्ष में थे, लेकिन तत्कालीन विदेश मंत्रालय ने ऐसा करने से रोक दिया था। चिदंबरम का कहना है, कि तब मंत्रालय के अधिकारियों ने उन्हें समझाया कि इस समय कूटनीति और बातचीत ही दोनों देशों के बीच तनाव को सुलझाने का बेहतर तरीका है।

इस आशय का दावा पी चिदंबरम ने हाल ही में दिए एक इंटरव्यू के दौरान किया, जिसमें उन्होंने बताया कि जब मुंबई हमले के बाद तत्कालीन गृह मंत्री शिवराज पाटिल मीडिया और जनता के निशाने पर आए, तो उन्होंने नैतिक जिम्मेदारी लेते हुए इस्तीफा दे दिया। इसके बाद वित्त मंत्री चिदंबरम को गृह मंत्रालय भेजा गया। चिदंबरम ने बताया, कि वह इस तबादले के लिए तैयार नहीं थे, क्योंकि उन्होंने वित्त मंत्रालय में पांच बजट पेश किए थे और अगले साल चुनाव होने वाला था। उन्होंने कहा कि तत्कालीन प्रधानमंत्री ने उन्हें फोन कर सूचित किया कि गृह मंत्रालय में उन्हें स्थानांतरित करने का सामूहिक फैसला लिया गया है। चिदंबरम ने कहा, कि मंत्रालय के अधिकारी बार-बार कहते थे कि दोनों देशों के बीच तनाव को सैन्य कार्रवाई से नहीं, बल्कि रचनात्मक कूटनीतिक प्रयासों से ही सुलझाया जाना चाहिए। इस कारण तत्काल जवाबी कार्रवाई नहीं हो सकी। गौरतलब है कि 26/11 मुंबई हमले में पाकिस्तान से आए लश्कर-ए-तैयबा के 10 आतंकवादियों ने मुंबई के विभिन्न स्थानों पर हमला किया। इन हमलों में 166 लोगों की जान गई थी और सैकड़ों लोग घायल हो गए थे। इन हमलों के चौथे दिन, यानी 29 नवंबर 2008 को भारतीय सुरक्षा बल आतंकियों का पूरी तरह खात्मा करने में सफल रहे। इन 10 आतंकवादियों में अजमल कसाब एकमात्र ऐसा आतंकी था जिसे जिंदा पकड़ा गया और अदालत के आदेश से उसे फांसी दी गई।

बहरहाल 2014 में केंद्र में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व वाली बीजेपी सरकार बनने के बाद से भारत की पाकिस्तान नीति पूरी तरह बदल गई। अब भारत हर आतंकवादी वारदात के बाद पाकिस्तान के खिलाफ अधिक सख्त और निर्णायक कार्रवाई करता है। ऑपरेशन सिंदूर जैसे अभियान इसी रणनीति का हिस्सा हैं, जिसमें आतंकियों और उनके संरक्षकों को उनके ठिकानों पर मारने की नीति अपनाई गई।

## कर्नाटक हाईकोर्ट के आदेश को चुनौती देगा 'एक्स' : कंपनी बोली- यह अभिव्यक्ति की आजादी पर हमला

बेंगलुरु (एजेंसी)। एलन मस्क की कंपनी और सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'एक्स' (पूर्व में ट्विटर) ने कर्नाटक हाईकोर्ट के हालिया फैसले पर आपत्ति जताते हुए इसे सुप्रीम कोर्ट तक ले जाने का ऐलान किया है। कंपनी का कहना है कि अदालत का आदेश भारतीय नागरिकों की अभिव्यक्ति की आजादी के अधिकार पर सीधा हमला है। इस मामले को लेकर 'एक्स' ने अपने आधिकारिक पोस्ट में लिखा, कि इस आदेश के बाद पुलिस अधिकारियों को एक सीक्रेट ऑनलाइन पोर्टल के जरिए मनमाने ढंग से कंटेंट हटाने के निर्देश देने का अधिकार मिल गया है। यह व्यवस्था न तो आईटी एक्ट की धारा 69 के तहत है और न ही किसी अन्य कानून में इसका आधार मौजूद है। यह सुप्रीम कोर्ट के पुराने फैसलों के भी खिलाफ है। गौरतलब है कि 24 सितंबर को कर्नाटक हाईकोर्ट ने एक्स की केंद्र सरकार के खिलाफ दायर याचिका खारिज कर दी थी। अदालत ने अपने आदेश में कहा था कि विदेशी कंपनियां भारतीय संविधान के तहत अभिव्यक्ति की आजादी का अधिकार नहीं मांग सकतीं। दरअसल, मार्च 2025 में एक्स ने भारत सरकार के खिलाफ याचिका दायर की थी। कंपनी का आरोप था कि सरकारी अधिकारी आईटी एक्ट की धारा 79(3)(बी) का गलत इस्तेमाल कर एक्स पर जबरन कंटेंट ब्लॉक कर रहे हैं। कंपनी ने इसे नियमों और प्रक्रियाओं के खिलाफ बताया था। इसी के साथ ही कंपनी ने कहा, कि वह इस फैसले को उच्चतम अदालत में चुनौती देगी। पोस्ट में लिखा गया, हम भारत के नागरिकों की अभिव्यक्ति की आजादी की रक्षा के लिए हर कानूनी कदम उठाएंगे। यह सिर्फ एक कंपनी का मामला नहीं है, बल्कि हर भारतीय के अधिकार का सवाल है।

## अमित शाह के दावे पर कांग्रेस का पलटवार, कहा- बिहार में महागठबंधन को मिलेगा जनादेश

### -जयराम बोले- ....राजनीति में वीसी का मतलब वोट चोरी



नई दिल्ली (एजेंसी)। गृह मंत्री अमित शाह के इस दावे पर कि बिहार विधानसभा चुनाव में राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) को 243 में से 160 से अधिक सीटें मिलेंगी, कांग्रेस ने तीखा हमला बोला है। पार्टी ने आरोप लगाया कि शाह वोट चोरी और वोट रेवड़ी की राजनीति के सहारे ऐसी उम्मीद जता रहे हैं, लेकिन बिहार की जागरूक जनता उनकी इस साजिश को नाकाम कर देगी।

कांग्रेस महासचिव जयराम रमेश ने सोशल मीडिया प्लेटफार्म एक्स पर पोस्ट कर कहा, कि शिक्षा जगत में वीसी का मतलब कुलपति होता है, स्टार्ट-अप की दुनिया में वीसी का मतलब वेंचर कैपिटल होता है और सेना में वीसी का अर्थ वीर चक्र होता है। लेकिन आज राजनीति में वीसी का नया मतलब है- वोट चोरी। उन्होंने आरोप लगाया कि बिहार में भाजपा और उसके सहयोगी वीसी (वोट चोरी) और वीआर (वोट रेवड़ी) की रणनीति से चुनाव जीतना चाहते हैं। जयराम रमेश ने कहा, कि गृह मंत्री ने आत्मविश्वास के साथ ऐलान किया है कि राजग को 160 से अधिक सीटें मिलेंगी। लेकिन बिहार की राजनीतिक रूप से सजग जनता इन षड्यंत्रों को परास्त करेगी। महागठबंधन जीतेगा और इसका पहला झटका दिल्ली की सत्ता में बैठे लोगों को लगेगा।

कांग्रेस का यह बयान ऐसे समय में आया है जबकि भाजपा लगातार बिहार में अपनी पकड़ मजबूत करने की कोशिश में लगी हुई है। अमित शाह ने हाल ही में चुनावी रैली के दौरान कहा था कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व और राजग की एकजुटता के बल पर राज्य में 160 से अधिक सीटें जीतना तय है।

राजनीतिक विश्लेषकों का मानना है कि बिहार का चुनावी माहौल अभी पूरी तरह खुला है। राजग और महागठबंधन दोनों ही अपने-अपने वोट बैंक को साधने की कोशिशों में जुटे हैं। गृह मंत्री अमित शाह के दावे और कांग्रेस के पलटवार से यह साफ है कि चुनावी जंग तेज़ होती जा रही है।

# पहले हाथ मिलाया, चाय पी और तस्वीरें खिंचवाई सूर्या ने पर ट्रॉफी नहीं ली

### -संजय राउत ने की बीजेपी और टीम इंडिया की आलोचना, बोले-क्या जनता मूर्ख है?



मुंबई (एजेंसी)। शिवसेना (यूबीटी) सांसद संजय राउत ने सोमवार को पाकिस्तान के खिलाफ एशिया कप फाइनल खेलने को लेकर बीजेपी और टीम इंडिया की आलोचना की है। एक्स पर पोस्ट किए गए अपने वीडियो का हवाला देते हुए राउत ने कहा कि भारतीय कप्तान सूर्यकुमार यादव ने टूर्नामेंट से पहले पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड के प्रमुख मोहसिन नकवी से हाथ मिलाया था। उन्होंने कहा कि मुझे बीजेपी के नकली देशभक्तों और भक्तों के बारे में नहीं पता, लेकिन असली देशभक्तों ने कल मैच नहीं देखा। आपने पीसीबी प्रमुख मोहसिन नकवी से ट्रॉफी नहीं ली, लेकिन मैंने एक वीडियो शेयर किया जिसमें भारतीय कप्तान उनसे हाथ मिलाते, चाय पीते और तस्वीरें खिंचवाते दिख रहे हैं। क्या आपको लगता है कि जनता मूर्ख है?

इसके अलावा राउत ने भारत और पाकिस्तान के बीच हुए मैच को भारतीय सेना और पहलगाम आतंकी हमले में शहीद हुए लोगों का अपमान बताया। उन्होंने कहा कि हमारा सवाल है कि आप पाकिस्तान के साथ क्यों खेल रहे हैं? आपको पहलगाम में शहीद हुए सैनिकों और लोगों का अपमान नहीं करना चाहिए। आपने ट्रॉफी नहीं ली, उनके कप्तान से हाथ नहीं मिलाया, फिर मैच क्यों खेला? अगर खेला, तो ये ड्रामा बंद करो।

सोमवार को राउत ने एक्स पर वीडियो शेयर किया और मैच के बाद की कार्रवाई को राष्ट्रवादी ड्रामा बताया। उन्होंने लिखा कि सिर्फ 15 दिन पहले, सीरीज़ की शुरुआत में वे पाकिस्तान के मंत्री मोहसिन नक़वी से हाथ मिला रहे थे और तस्वीरें खिंचवा रहे थे और अब? कैमरों पर पूरी तरह से राष्ट्रवादी ड्रामा! अगर देशभक्ति सच में आपके खून में होती, तो आप पाकिस्तान के साथ मैदान पर कदम भी नहीं रखते। ऊपर से नीचे तक- शुद्ध नाटक। जनता के साथ खेला जा रहा है।

इस बीच महाराष्ट्र कांग्रेस के मुख्य प्रवक्ता अतुल लोंधे पाटिल ने केंद्रीय मंत्री अमित शाह पर निशाना साधते हुए सवाल किया कि अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद के अध्यक्ष और उनके बेटे जय शाह पाकिस्तानी टीम को बाहर क्यों नहीं करते। उन्होंने कहा कि यह अच्छी बात है, लेकिन हम पूछना चाहते हैं कि क्या ऑपरेशन सिंदूर खत्म हो गया है? अगर यह खेल रिश्तों को सामान्य बनाने के लिए खेला जा रहा होता, तो बात समझ में आती, लेकिन ऑपरेशन सिंदूर के बीच में यह कैसे हो सकता है? क्या यह पैसे के लिए हो रहा है? उन्होंने कहा कि अमित शाह कहते हैं कि यह आईसीसी द्वारा आयोजित किया जाता है, तो उनके बेटे के अध्यक्ष रहते हुए आईसीसी पाकिस्तान को बाहर क्यों नहीं कर सकता?

## वोट चोरी और मतदाता सूची में हेराफेरी ने लोगों का विश्वास डगमगा दिया : वेणुगोपाल

नई दिल्ली (एजेंसी)। कांग्रेस महासचिव के सी वेणुगोपाल ने कहा है कि 'वोट चोरी' भारत की अखंडता के लिए खतरा है और उन्होंने केंद्र पर ''मतदाता सूची में हेराफेरी'' करने का भी आरोप लगाया। उन्होंने एक्स पर पोस्ट में कहा कि वोट चोरी और मतदाता सूची में हेराफेरी ने लोकतंत्र की बुनियाद में लोगों का विश्वास डगमगा दिया है। वेणुगोपाल इस मुद्दे पर पार्टी द्वारा शुरू किए गए राष्ट्रव्यापी 'वोट चोर, गद्दी छोड़' हस्ताक्षर अभियान में शामिल हुए। उन्होंने रविवार को वार्ड कैथवना में आयोजित अभियान में हिस्सा लिया। अलप्पुझा के सांसद ने एक्स पर पोस्ट में आरोप लगाया कि वोट चोरी कोई मामूली अपराध नहीं है। यह हमारे संविधान, हमारी अर्थव्यवस्था, सामाजिक न्याय और भारत की अखंडता के लिए एक बड़ा खतरा है। रिपोर्ट के मुताबिक वेणुगोपाल ने कहा कि कांग्रेस पूरे भारत में पांच करोड़ हस्ताक्षर एकत्र करेगी। कांग्रेस नेता ने दावा किया कि यह अभियान एक जन आंदोलन के रूप में गति पकड़ रहा है और उन्होंने लोकतंत्र में विश्वास रखने वाले हरेक नागरिक से संविधान की रक्षा करने और भारत की आत्मा को बचाने के लिए इस संघर्ष में शामिल होने का आह्वान किया।

## भारी बारिश और बाढ़ से 5 जिलों में हुई 10 की मौत, 12 हजार लोगों का किया गया रेस्क्यू

### -चेरापूंजी नहीं इस दफा तमहिनी घाट बना देश का रैन कैपिटल



मुंबई (एजेंसी)। महाराष्ट्र के कई हिस्सों में लगातार दो दिनों से जारी भारी बारिश ने जनजीवन अस्त-व्यस्त कर दिया है। राज्य के पांच जिलों में भारी बारिश और बाढ़ से जुड़ी घटनाओं में बीते 24 घंटे में 10 लोगों की मौत हो गई है। मरने वालों में नासिक के 4, धाराशिव और अहिल्यानगर के 2-2, जबकि जालना और यवतमाल के 1-1 व्यक्ति शामिल हैं।

सरकारी आंकड़ों के अनुसार, अब तक 11,800 से ज्यादा लोगों को सुरक्षित स्थानों पर पहुंचाया गया है। मराठवाड़ा क्षेत्र के जालना, बीड, लातूर, नांदेड़, हिंगोली, परभणी और छत्रपति संभाजीनगर जिले सबसे ज्यादा प्रभावित हुए हैं। नासिक में गोदावरी नदी उफान पर है। जलस्तर खतरे के निशान को पार कर गया, जिससे रामकुंड इलाके के कई मंदिर और घाट जलमग्न हो गए। प्रशासन ने लोगों को नदी किनारे जाने से मना किया है।

#### पुणे का तमहिनी घाट बना देश का 'रेन कैपिटल'

पुणे जिले की मुलशी तहसील स्थित तमहिनी घाट में इस मानसून सीजन में अब तक 9,000 मिमी से ज्यादा बारिश दर्ज की गई है। यह आंकड़ा इस साल भारत में सबसे ज्यादा है। अब तक मेघालय के चेरापूंजी और मौसिनराम गांवों को देश के सर्वाधिक वर्षा वाले क्षेत्र माना जाता था, लेकिन इस बार तमहिनी घाट ने एक नया रिकॉर्ड बनाने का काम कर दिया है।

#### जयकवाड़ी डैम के सभी 27 गेट खोले गए

औरंगाबाद जिले में हालात बेहद गंभीर हैं। रविवार देर रात करीब 12 बजे जयकवाड़ी डैम के सभी 27 गेट 10 फीट तक खोल दिए गए, जिससे गोदावरी नदी बेसिन में 3,06,540 क्यूसेक पानी छोड़ा गया। जबकि बेसिन की क्षमता सिर्फ 1 लाख क्यूसेक है। इसके चलते औरंगाबाद के 1,219 गांवों में बाढ़ का पानी भर गया और हजारों लोग प्रभावित हुए।

#### एनडीआरएफ की टीमें राहत-बचाव में जुटीं

पूरे राज्य में एनडीआरएफ की 16 टीमें तैनात की गई हैं। इसके अलावा दो टीमों को पुणे में स्टैंडबाय पर रखा गया है। प्रशासन लगातार संवेदनशील इलाकों की निगरानी कर रहा है और जरूरत पड़ने पर और टीमें भेजी जा सकती हैं। भारी बारिश के चलते महाराष्ट्र के कई जिलों में सड़क और रेल यातायात प्रभावित हुआ है। मौसम विभाग ने अगले 48 घंटे तक राज्य के कई हिस्सों में भारी बारिश का अलर्ट जारी किया है।

## चैतन्यानंद मामला: पुलिस का दावा बाबा ने 16 लड़कियों का किया यौन शोषण



नई दिल्ली (एजेंसी)। यौन शोषण मामले में आरोपी चैतन्यानंद पर दिल्ली पुलिस का शिकंजा कसता जा रहा है। रविवार को पटियाला हाउस कोर्ट ने बाबा को 5 दिन की पुलिस हिरासत में भेजा था। इसके बाद सोमवार तड़के दिल्ली पुलिस की टीम बाबा को उस इंस्टिट्यूट लेकर पहुंची, जहां छात्राओं का शोषण किया जाता था।

दिल्ली पुलिस ने इस मामले में एफआईआर जोड़ी है, जो गैर-जमानती अपराध है और हत्या की धमकी जैसे गंभीर अपराधों के लिए लगाई जाती है। इससे पहले इस मामले में जो अपेक्षाकृत कम गंभीर मानी जाती है। पुलिस का दावा है कि बाबा ने अब तक 16 लड़कियों के साथ यौन शोषण किया है और इसके पुख्ता डिजिटल सबूत भी मौजूद हैं। पुलिस ने कोर्ट से बाबा और पीड़िताओं का आमना-सामना कराने तथा छिपाए गए डिजिटल सबूतों को इकट्ठा करने के लिए हिरासत की मांग की थी। दूसरी तरफ बाबा के वकील ने इसका विरोध करते हुए कहा कि पुलिस उनके साथ ठीक व्यवहार नहीं कर रही है। उन्होंने यह भी तर्क दिया कि बाबा वरिष्ठ नागरिक और साधु हैं, जिनका स्वास्थ्य ठीक नहीं है और पुलिस पहले ही उनका सारा सामान जब्त कर चुकी है। पुलिस की जांच में यह सामने आया कि बाबा ने बाथरूम तक में कैमरे लगाए थे, जिससे छात्राओं की निजता का गंभीर उल्लंघन होता था। पुलिस का कहना है कि पीड़ित लड़कियों को अल्मोड़ा, गुड़गांव और फरीदाबाद तक ले जाया जाता था। फिलहाल 16 लड़कियों ने इस मामले में औपचारिक शिकायत दर्ज कराई है। डिजिटल सबूतों को मजबूत बनाने के लिए पुलिस आईपी एड्रेस की भी जांच कर रही है। जांच अभी जारी है और आने वाले दिनों में और बड़े खुलासे होने की संभावना जताई जा रही है।

# दिल्ली-देहरादून एक्सप्रेसवे के ऊपर बनेंगे बंदरों के लिए झूले, नीचे दौड़ेंगे वाहन

नई दिल्ली (एजेंसी)। दिल्ली-देहरादून एक्सप्रेसवे पर बने एशिया के सबसे लंबे वाइल्ड लाइफ कॉरिडोर पर जहां ऊपर वाहन फर्राटा भरेंगे, वहीं नीचे वन्यजीव आराम से विचरण कर सकेंगे। इसके साथ अब सड़क हादसों से बचाव के लिए एक और अनोखी पहल होने जा रही है। नेशनल हाईवे अथॉरिटी ऑफ इंडिया (एनएचएआई) की ओर से यहां उत्तर प्रदेश का पहला मंकी लैडर तैयार किया जाएगा। यह लैडर खासतौर पर बंदरों के लिए बनाया जा रहा है, ताकि वह सड़क पार करते समय सीधे वाहनों की चपेट में न आएं और कॉरिडोर पर किसी बड़े हादसे को टाला जा सके।

एनएचएआई के परियोजना निदेशक पंकज कुमार मौर्य के अनुसार, यह मंकी लैडर पेड़ों से जुड़ा होगा। इससे बंदर आसानी से एक ओर से दूसरी ओर जा सकेंगे और उन्हें सड़क पर उतरने की जरूरत नहीं पड़ेगी। इस तरह सड़क पर अचानक आने वाले वन्य जीवों से होने वाले हादसों की संभावना कम हो जाएगी। यह व्यवस्था वन्य जीवों और सड़क सुरक्षा दोनों को ध्यान में रखकर की जा रही है।

इस प्रयोग का उद्देश्य न केवल सड़क हादसों को रोकना है, बल्कि जैव विविधता की रक्षा करना भी है। एक्सप्रेसवे से रोजाना हजारों वाहन गुजरते हैं और यदि वन्य जीवों के लिए सुरक्षित आवागमन की सुविधा मिलती है, तो यह मानवीय और पर्यावरणीय संतुलन को बनाए रखने में मदद करेगा। बंदरों का यह सुरक्षित मार्ग पूरे उत्तर भारत के लिए मिसाल बन सकता है। ये उत्तर प्रदेश का पहला मंकी लैडर होगा। जो इस एक्सप्रेसवे पर तैयार किया जाएगा। दिल्ली-देहरादून एक्सप्रेसवे पर एशिया का सबसे लंबा वाइल्ड लाइफ कॉरिडोर बना है, जिसके ऊपर वाहन फर्राटे भर सकेंगे। वहीं वन्यजीव आराम से घूम सकेंगे। दिल्ली-देहरादून एक्सप्रेसवे पर एक बड़ा हिस्सा सहारनपुर की शिवालिक पहाड़ियों और राजाजी नेशनल पार्क से होकर गुजरता है। इस इलाके में बंदरों की संख्या बहुत ज्यादा है और अक्सर वे सड़क पर आ जाते हैं। इससे वाहन चालक भले ही धीमी गति से चलें, लेकिन अचानक सामने आने वाले बंदर सड़क हादसों का कारण बन जाते हैं। इस समस्या का समाधान करने के लिए राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण (एनएचएआई) ने वाइल्ड लाइफ कॉरिडोर पर मंकी लैडर बनाने का निर्णय लिया है। मंकी लैडर का निर्माण यूपी में पहली बार किया जा रहा है। अधिकारी उम्मीद कर रहे हैं कि इस पहल से सड़क पर होने वाले हादसे कम होंगे और वन्य जीवों की सुरक्षा बढ़ेगी। इसके अलावा यह परियोजना पर्यावरणीय शिक्षा का भी उदाहरण बनेगी, जिससे लोग जानवरों और उनके आवास के प्रति अधिक संवेदनशील होंगे। सहारनपुर के इलाके में वाहन चालक कई बार बंदरों से टकराने से बचते हैं, लेकिन अचानक आने से कई बार हादसे हो चुके हैं। मंकी लैडर से बंदर ऊपर से सुरक्षित सड़क पार करेंगे और वाहन चालकों को भी सुरक्षित यात्रा का मौका मिलेगा। इससे एक्सप्रेसवे पर यातायात में व्यवधान और दुर्घटनाओं की संभावना दोनों कम होंगी।




नवबिहार मीडिया प्रा. लि. के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक डॉ. रामाज्ञा तिवारी द्वारा विश्वेश्वरा पब्लिकेशनंस एलएलपी की ओर से शिवासाईं पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड, नियर टेंडर बागीचा पेट्रोल पंप, रातू, रांची (झारखंड)- 835222 से मुद्रित एवं उद्योग भवन मार्ग, 19 A कोकर औद्योगिक क्षेत्र रांची- 834001 (झारखंड) से प्रकाशित।
संपादक- डॉ. रामाज्ञा तिवारी, कार्यकारी संपादक- भीष्म सिंह, प्रबंध संपादक- पंकज कु. सिंह*, प्रधान संपादक- देवेंद्र सिंह ( *पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार), प्रबंधक- नरेंद्र कुमार सिंह. 9334331934, 9386895799, 9507466535, RNI Regn.: JHAHIN/2011/40902